Krama Darshan of Kashmir Shaivism

An Anyalatical Stusdy of Its Philosophy

By

Vikram Bhardwaj

Published Under The Guidance of

Prof. Navjivan Rastogi,University of Lucknow,

U.P., India

Edition: First, May 2024,Vikram Samvat 2081

Introduction

The present monograph titled 'Krama Darshan-A Primer' is in your hands, and I hereby present to you a brief introduction of the same as follows. Kashmir Saivisim is a very old and diversified tradition in India. Saivism as such originated very early prior to even Kashmir Saivism, via Veer Saivism, Saiva Siddhanta and later pereolated throughout, especially in the Kashmir regionin varied from. The Pashupats, the Kapalikas, and the Kalmukhas, have been venturing on the holy lands of our country since aeons now. Coupled and influenced by Idealistic Monism, the Non-Dualist or Monist Saivite system of Kashmir, generally referred to as Kashmir Saivisim has interessed a long tradition in its development. The term, 'Kashmir Saivism' though a misnomer and is incorrect and not apt to be used as such, has become a term favourite of most of modern scholars today. The correct term to define this system is not 'Kashmir Saivism' but 'Kashmir Shivadwaivad'. A term which is yet gain common place ground and traction among scholars.

In 'Kashmir Shivadwaivad' we have Kula, Krama and Trika, trio. Out of these three, Krama like the other two is interspersed and overlap with the other two systems, like they also do with it and also among themselves.

The oldest of Bhairava Agamas and few Krama texts and also the interpretations of Krama Darshana, by Abhinavagaupta, all but mark, or atleast tends to mark, 'Krama system' of Kashmir Shivadwaivad' as an independent system only. Furthermore, indeed from the available literature; although very scarce, one tends of believe it to be a 'Tantra-Prakriya' system associated to be with per se, but many other literary sources that are now available to us todays indicates that, though this might be the case, but at the same time we can't outrightly deny the 'Krama Darshan' to have 'Kula-Prakriya' leanings or elements in it, at the same time. The lineage of 'Guru-Pankti' in Krama Darshan is very old.

The propagator of the oldest mantras on Bhuloka, could most likely was Ravana, is also a fact that can't be overlooked in this context. It's Ravana who after acquiring mantras of Devi Aradhana, imparted them to sages like Durvasa, Vasistha and theree these mantras following a district 'Krama', a sequence came down to common folks for venerating Devi and doing her Upasana. It's quite interesting to note in this context, that in the text, 'MahaKala-Samhita'; Guhya Kali Khanda, Pratham Bhaga, we have not only Kali Aradhana Mantras by Ravana but Rama as well, and both these Kali Mantras differ. In addition, we also have a Ravana Virachit, Mahakalistotram in 'MahaKala Samhita' as well. All these factoids goes on to establish the fact that 'Kali Worship' on worship of the Kali form of Devi is a very old tradition on Indian soil. It comes under Shakta system Tantrik Upasana.

Various texts like Tripura Upanishad and Suktas and Mantras like – Sri Sukta, Vac Sukta, and mention of various forms of Devi like Sri, Kalaagni, Shakhambari etc. in Vedas, clearly, shows us that the origin of Devi worship goes back to Vedas. Sri-Vidya worship in 'Sri-Kula' also has its roots in Vedas, as is very lucidly evident from various mantras, worship and ritual eloborations given in Vedas. An important text of the Krama Darshan; named, 'Chidgaganachandrika' (CGC), has a very copious tika titled, 'Divyachakarika' (DC), written on it, in which the learned commentator, 'Sri Karra Agnihotra Sastri', a Vedic Agnihotra, Telugu Brahmin and a scholar par excellence, has established with quotations and references from the Vedas, Upanishads, Smritis, that the origin and roots of 'Sri-Vidya' Devi worship are to be found in our Vedas only.

Interestingly, texts like YogaVasistha, and various manuscripts (mss) like; 'MahaChinachaar Tantra', further goes on to prove that sages like Vasistha not only forsee and propagated Devi worship and Mantras, as earliest perceptors but sage Vasishtha himself belonged to a very Ugra

sect of Devi-Kali worship called as MahaChinachaar Sampradaya.

The proximity and similarity in the terminology of worship of Natha Sampradaya and Krama Darshan as such common term and is another area touched upon in this monograph. One such important example is the term 'KramaYoga'. This is a term which is to be found elaborately not just in Yoga Vasistha but it is also mentioned in Tantraloka by Abhinavagupt, during his deliberations on the tenets of the 'Krama-Darshan'.

Likewise, we also have this term 'Kramayoga' of Krama Darshan, to be found in various texts of Natha Sampradaya literature as well. For eg, in 'Goraksha-Samhita', Kadi Prakaranam by Guru Gorakhnath and Amaraugha Shasan, also by Guru Gorakhanath, both contain the term 'KramaYoga' referred in them. That his likeness and similarity between the oldest Natha-Sampradaya with the Krama Sampradaya and Darshan is a very interesting factoid that remains to be fully explored yet by modern day scholars.

Tantrik Upasana in its use of various Dravyas or Panch-Makars is a grey area since ages. Much has been said and written about this theme. But how Abhinavagupt mentions and then presents a justification for the use of such prohibited material in Tantrika Sadhna is very interesting to note. All kinds of classification and categorizing of Tantrik Upasana into Vaam and Dakshin Marga has also been dwelt upon in the present monograph. But the classification of Tantrik Upasana based on the degrees of the Sadhaka as; Pashu, Divya and Veera is the most succinet presentation of this categorization, and the same has also been elaborated upon in this monograph.

The present monograph also ponders on the the premise of interpretations of Shabda And Artha, their inter-relation, their oneness, and the varied interpretation of their relation with each other as per different schools of Darshanas; like Vyakaran, Mimansakas, Vedic etc. The culmination of this relation into 'Vaagarth' as a distinct notative term, is also very

interesting to study. That in CGC's commentary titled DC, this term has been most extensively made use of, is very interesting to note, as it also establishes and hints at the authorship of CGC text, which is no doubt written by Kalidas only. Such terms like Vaagarth and the style of writing is typical of Kalidas in his various plays, like; KumarSambhavam and Meghadootam etc.

The present monograph sets to elaborate upon all of the above factoids and contextual themes related with Krama-Darshan. That it does so briefly and with few examples here, is solely a limitation binding upon the author of this monograph only. At best this monograph tries to unfold two important areas of study on Krama Darshan, that remains mostly untouched by scholars, so far, namely; analysing the Krama Darshan and its tenets via related textual citations and evidences both on Krama Darshana and other Darshanas and second is to querying varied existing parodoxes and themes related with the origin of Devi Worship, Origin of Karma Darshan, Krama Darshan Prakriya, similarity and proximity of Krama Darshan with Natha Sampradaya, and what and how of Tantrik Upasana? and Inter-textual relations of Krama Darshan with the other Darshan. By and large the author of this monograph has avoided facusing on already established facts about Krama Darahan and the information available on it, but instead has tried to focus on new, untouched factoids; those, ones that remains untouched so far. That this monograph is in no way exhaustive and complete in that sense; and this is also not at all the claim of its author. It is just a tiny step, a small effort in that direction, and the whole idea is to invite fellow scholars to review the material presented in this monograph to comment on it and further take joint steps with the author, in mutually enriching and satisfying exchange of scholarship, in this regard. The author sincerely wish and hope that this monograph would possibly aid scholars in their future research, and if it so happens, it will be a satisfactory culmination of the hard work and

labour that has been put by the author in presenting this research monograph to the scholarly world. This only will be a true reward to him by Shivas Anugraph, Guru Kripa, Parents blessings, and Devi Kripa on him. Hence I am pleased to present this monograph on the Krama system to my Guru to Shiva-Sakti and to you the scholar. May it be beneficial to all.

Acknowledgements

To inspire, guide, lead, consult, to provide textual material, advice, suggestions, useful conversations, be fits great minds, and lucky ones among us are those who gets their blessings. I reveived Lord Shiva's grace, Shakti blessings, Parents Blessings, all three and also received blessings in the form of my three Gurus to undertake this project study on Krama Darahan. These three Gurus are; Acharya Navjivan Rastogi Ji, Acharya Wagish Shukla Ji and Acharya Mark S.G. Dyczkowski Ji. All these three Gurus helped me, guided me throughout this project study and without them I would not have moved forward at all on this project. This spece is too small to acknowledge what all they have blessed me with but I can only bow to them and offer them my Pranaam to them to being there for me whenever, wherever, howsoever I needed their guidance, blessings, advice, study, textual material etc. I owe this monograph to all three of my Gurus. I have also tried my best to acknowledge their contributions in terms of citations, references, textual material etc. throughout this monograph, however I know that no such acknowledgement as such could ever be adequate enough to show my gratitude towards my three Gurus. And for any such lacking I only take the sole responsibility for it.

I also thank almighty and bow my head to Shiva-Sakti and to my parents for showering their Anugrah on me always, in making this project a blessing for me. In the end, needless to say that all shortcomings and inadequaies in this monograph are all mine, and I stand always ever willing and ready to learn from other scholars and teachers who would be very kind enough to point out my mistakes, and possible areas that needs improvement, in this monograph. I shall be extremely thankful to all scholars and teachers also for sparing their invaluable time to study this monograph. A small step, a small contribution, howsoever miniscule it

may be, if made possible by this monograph of mone, to the scholarly world; will bless me for the rest of my life, and I would cherish it forever as a successful souvenier for the success of this monograph.

Date : 26-10-2023

Vikram Bhardwaj
Sanskrit Scholar

क्रम दर्शन : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

काशमीर शिवाद्वयवाद के अन्तर्गत क्रम सम्प्रदाय की अपनी स्वायक्त सत्ता है। क्रम और कुल की परस्पर संवादशैली एकरुपता, काल, काली, काल संकर्षिणी, कुलयाग, इत्यादि जैसे अनेकानेक विषयों के अन्तर्गुम्फ़न के फलस्वरूप प्रायः दोनों को लगभग एक ही सम्प्रदाय में अर्न्तभूत करना और विशेषकर क्रम आम्नाय को कुल का ही विशेष अंगमात्र समझने की भ्रांति भी इधर गत कई दशकों में चली है। क्रम दर्शन या क्रमनय सम्प्रदाय में योगिनी वक्त्र से निकला हुआ क्रमार्थ, क्रमसिद्धों के द्वारा अर्थात् सिद्धों के क्रम द्वारा प्राप्त होता है। यह क्रम स्वस्थित है और अक्रम भी इस क्रम में ही स्थित है। इसके ज्ञान मात्र से (प्रणिधान से) साधक खेचरी मुद्रा में प्रवेश पा उसमें लय को प्राप्त हो जाता है। यह क्रम मूलतः सृष्टि, स्थिति, संहार, अनाख्य और भासा के क्रम से होता हुआ विश्रान्ति को प्राप्त होता है जो परासंविद परम पद है और शिवशक्ति सामरस्य रूपी धाम है। यही क्रम है; जैसा कि श्री महार्थमञ्जरी में कहा गया है–

अथार्चनारहस्यस्योन्मीलितत्वात् क्रमेणार्च्यदेवताचक्ररहस्यमष्युद्भावयितुमादा–वुद्देशमुपन्यस्यति–

श्रीपीठपञ्चावहनेत्रयवृन्दचक्राणि स्मरत।

स्मरत च गुरुणां पङ्क्ति पञ्च च शक्तीः सृष्टिप्रमुखाः।।36।।

महेश्वरानन्द जी स्वोपज्ञ परिमल व्याख्या में आगे कहते हैं कि श्रीपीठं पञ्चवाहो नेत्रत्रयं वृन्दचक्रमिति यानि चक्राणि तानि स्मरत परामृशत।

... सृष्टिप्रमुखाः पञ्चः शक्तीश्च स्मरत, या सृष्टिः स्थितिः संहारोऽनाख्या भासेति भिद्यन्ते। श्रीपीठेति तस्य पूज्यतोत्कर्षेण महत्त्वं द्योत्यते। महत्त्वं च तदोडयाणादीनामवान्तरपीठत्वेऽपि सर्वप्रतिष्ठाभ्र्मितया प्रधानपीठत्वात्।

इयं चाल्पैरेवाक्षरैर्मन्त्रबीजवदनकार्थोपपादनसमर्था तत्तच्चक्रक्रमानुक्रमणिका–रहस्योपदर्शनी वक्ष्यमाणसर्वदेवताविकल्पसंग्रहप्राधान्यादुद्देशलक्षणागाथा।

... इति।।36।।

इसके आगे कहा गया है कि;

अथ श्रीचक्रं क्रमेणोन्मुद्रयिष्यन्नादा पीठनिकतनादि नेत्रत्रितयान्तं विभागद्वारा पर्यालोचयति–

पीठे कला नव पञ्चैव पञ्चवाहापदव्याम्।

सप्तदश फलानेत्रे द्वादश षोडश चान्यनेत्रयोः।।37।।

पीठं हि नाम स्वशरीरभट्टारकात्मकमित्युक्तम्, तत्रैव परमेश्वरस्य पञ्चधा वहनात्। यदेतत्पर्यालोचनायामन्योन्यानन्दसंघट्टनोन्मुखमातापितृस्वमावाभिन्न–शक्तिशिवद्वितयसामरस्योन्मिषत्स्त्रीपुंसवीर्यस्फुरताध्धत्वनैयत्यादुपर्युद्भविष्यदनेकदेवताचक्रोर्मिपरम्परास्फरौचित्यमत्रैवेत्यध्यवसीयते। तदुक्तं श्रीमहानयप्रकाशे–

शिवशक्त्युभयोन्मेषसामरस्योद्भवं महत्।

वीर्यं तस्माद् देह एव महापीठः समुद्गतः।। इति।।

श्रीपीठ ही उड्डीयाण पीठ ह। यह उड्डीयाण पीठ ही क्रम आम्नाय का वह पीठ है (जहां के श्रीनाथ सर्वप्रथम क्रम आम्नाय को पृथ्वी पर लेकर आये) जो प्रधान पीठ है जिसके द्वारा पृथ्वी पर सर्वप्रथम इस क्रम सम्प्रदाय की प्रतिष्ठा स्थापन हुई। अर्थात्– यहाँ अर्चना अर्थात् पूजारहस्य को प्रकाशित किया गया है जिसम यथाक्रम अर्च्यदेवता के क्रम रहस्य को प्रकाशित किया गया है। यहाँ श्रीपीठ, पंचवाह, नेत्रत्रय व वृंदचक्र और सभी अन्य चक्रों पर चिन्तन किया गया है और श्रीसद्गुरुमंडल और पाँच प्रमुख शक्तियों–सृष्टि, स्थिति, संहार, अनाख्या और भासा का स्मरण किया गया है। श्रीपीठ से पूजा के उत्कर्ष का महत्त्व प्रकट होता है। यह श्रीपीठ ही श्रेष्ठ उड्डीयाण पीठ है, जो प्रधानपीठ है

जिसके द्वारा पृथ्वी पर सर्वप्रथम क्रम सम्प्रदाय की प्रतिष्ठा स्थापन हुई। यह उड्डीयाण पीठ ही अक्षर युक्त मन्त्रबीज के प्रमाण से अनेक अर्थों का प्रतिपादन करने में समर्थ है।36।।यहाँ श्रीचक्र विषयी प्रथम पीठ के नेत्रत्रय पर्यंत विभाग का विवेचन किया गया है– पीठ ही पूजनीय स्वशरीर है, उसके मध्य में परमशिव का निवास है, यहाँ परमेश्वर का स्फुरण पञचधा अर्थात् पाँच कलाओं में पञचवाह रूप में होता है ये कलाअें– व्योमवामेश्वरी, खेचरी, दिक्चरी, गोचरी और भूचरी हैं। स्वशरीरपीठ में शिवशक्ति के उन्मेष व सामरस्य से महत् वीर्य उत्पन्न होता है, शरीर रूपी महापीठ ही इसका मूल है। इस महापीठ के मध्य में नौ कला अथवा शक्तियों का वास है। यहाँ विवेचन के अनुसार परस्पर स्पर्श के आनंद में और संघट्ट में उन्मुख अभिन्न स्वभावी माता व पिता अर्थात् शक्ति और शिव के सामरस्य से उन्मिषत पूर्ण स्त्रीपुरुष वीर्य स्फुरित होता है जिसके होने से देह में ही अनेक देवतासमुदाय का होना योग्य है।।37।।जैसा कि **श्री महानयप्रकाश** में कहा गया है– श्रीशिव और श्रीशक्ति दोनों के उन्मेष और सामरस्य के उद्भव से महत् वीर्य उत्पन्न होता है, यह शरीर रूपी महापीठ में पूर्णतः व्यापक है। क्रम दर्शन के अन्य कई और ग्रन्थ भी इस उड्डियान पीठ के महत्त्व के विषय में प्रकाश डालते हैं। श्रीमहानयप्रकाश (शितिकण्ठ विरचित) के चतुर्थ उदय के प्रथम श्लोक में कहा गया है कि ''उड्डियानं–पीठे शक्तरुल्लसनेन, शक्तिरत्र उड्डीना इति यस्मिन्नावपीठे प्राचुर्येण अनवरतं पीठवासिनाँ शक्तिः उड्डीनाउल्लसन्ती दृश्यते इति आवठसमानं पीठम् ओड्डियानं निरुच्यतै।'' अर्थात् इस उड्डियान पीठ को इसलिए उड्डियान कहा जाता है क्योंकि यहाँ शक्ति अनवरत रूप से ऊपर की ओर (उड्डीना) उल्लसित होती है और फिर शक्ति पीठ में आप्यायित हो जाती है। एवम् ''बहिश्च तत्प्रणवपीठं देवतासंकेतस्थानम्, तस्मिन्नावठस्वरूपे

पीठश्मशानक्षेत्रमेलापयागाः अनुभूयमानभूमिकाप्रामाण्याद्वक्ष्यमाणगत्या विभज्य निदिश्यन्ते, तेषां को नाम अत्र अपलापः'' ।।1।। (4र्थ उ.)

एवम् बाहर की ओर यह पीठ प्रणव ॐ का ही पीठ है, यह प्रणवपीठ है, और यही सभी इन्द्रियों के देवता समूह के मेलाप याग का स्थान है।।1।।

आगे और भी कहा गया है कि; ''तत्पीठमेव सर्वप्रकारं समस्तमहानयालङ्कारभूतम्–आश्रयभूतत्वात्...'' ।।12।। अर्थात् उस पीठ को सभी प्रकार से महानय=क्रम सम्प्रदाय का समस्त रूप से अलङ्कार अर्थात् आधार माना जाता है'' ।।2।।

शक्तिपूजा में परमशिव और पराशक्ति के अभिन्न रूप की ही परमतत्त्व के रूप में पूजा हाती है। यह परमतत्त्व जडतत्त्वमय समग्र विश्व के साथ सब प्रकार से अभिन्न भी है और नित्य ही विश्व से उत्तीर्ण भी है। परमतत्त्व प्रकाशस्वयप है और उनकी स्वरुपभूता 'विमर्श' नामक महाशक्ति नित्य अभिन्न भाव से निवास करती है, और इस विमर्शशक्ति की ही पूजा हुआ करती है। इसी को अद्वैतवादी आगमशास्त्र 'परावाक्' कहते हैं। व्यवहार में इसी को परमेश्वर की पूजा कहा जाता है; क्योंकि यह शक्ति परमेश्वर से सब प्रकार और सर्वदा अभिन्न है।

क्रम पूजा (क्रम सम्प्रदाय की पूजा)

क्रम दर्शन के ग्रन्थों में जैसे **'चिद्गगनचन्द्रिका'** में श्लोक 73 तथा अन्यान्य आगमग्रन्थों में 'चार', 'राव', 'चरु' और 'मुद्रा'– इन चार प्रकार के पूजाविधानों की चर्चा देखने में आती है। इनमें 'राव' का ही सर्वथा प्राधान्य वर्णन किया गया है। विमर्श अथवा अपनी आत्मशक्ति के साक्षात्कार को ही 'राव' कहते हैं। 'चार', 'चरु' ओर 'मुद्रा' शब्दों से क्रमशः आचारविशेष, द्रव्यविशेष तथा मूर्ति वा वेश–विशेष समझना चाहिए। ये तीनों क्रमशः 'राव' के ही प्रयोजकमात्र हैं।

अतएव, राव, अर्थात् अपने स्वरूप की अपरोक्ष अनुभूति ही परम–पूजा है, उपासना है। इसी को कोई–कोई आचार्य 'निजबलनिभालन' के नाम से वर्णन करते हैं। अर्थात् साधक की अपने हृदय की स्फुरत्ता ही परमेश्वर या देवता है। उसमें अपने साथ अभिन्न भाव में वर्तमान विश्वविक्षोभ ही 'विमर्श–शक्ति' या 'बलस्वरूप' है, उसकी आलोचना करना ही पूजा है, उपासना है। 'भगवती का परापूजा' इस आत्मविमर्श का ही पर्यायमात्र है।

आत्मविमर्श का स्वरूप भली भाँति जानने के लिए सृष्टि प्रभृति विभिन्न चक्रों का तत्त्व–निरुपण आवश्यक है। चित्–शक्ति नाम की परमश्वेर की जो असाधारण स्वातन्त्रय–शक्ति है, वह निरन्तर स्वभावतः पँचकृत्य रूप में अपने को प्रकट करती रहती है। **सृष्टि, स्थिति, संहार, अनाख्या तथा भासा– इन पाँच कृत्यों का स्वभाव क्रमशः क्रिया, ज्ञान, इच्छा, उद्योग तथा प्रतिभा रूप में वर्णित होता है।** इन सृष्टि प्रभृति विभिन्न चक्रों की क्रमगत पूजा ही 'पँचवाह महाक्रम' के नाम से प्रसिद्ध है। पहले सृष्टि से अनाख्या–पर्यन्त चार चक्रों की पूजा 'क्रमपूजा' नाम से अभिहित होती है, उसके पश्चात् 'अक्रम–क्रमपूजा' का अधिकार होता है, यही शास्त्र का विधान है।

''उद्योग, अवभास, चर्वण, आत्मविलापन और निस्तरंगत्व– इन पाँच प्रकार की समष्टि को सृष्टि कहते हैं। प्रत्येक जीवात्मा में यह समरूप से निहित है। ये पाँच ही सृष्टि व्यापार की पाँच प्रथाअ कही जाती हैं। दृष्टान्त के लिए एक कुम्हार के घड़ा बनाने के व्यापार को ले सकते हैं। घड़ा बनाने के पहले घड़े का भाव कुम्हार के आत्मचैतन्य के साथ अभिन्न रूप में स्थित रहता है। आत्मस्वरूप में अभिन्न रूप से वर्तमान इस भाव को भिन्न अथवा पृथक् रूप में बाहर निकालने के लिए जो प्राथमिक स्पन्दन होता है, वही 'उद्योग' नामक प्रथम प्रथा है। इसके पश्चात् दण्ड, चक्र आदि की सहायता से यह भाव

बाहर प्रकाशित होता है, इसी को 'अवभास' कहते हैं। इसके पश्चात् बाह्यरूप में अवभासित इस भाव को नाना प्रकार के व्यापारों के द्वारा बार–बार अपने रूप में अनुभव करना पड़ता है, इसी का पारिभाषिक नाम है, 'चर्वण'। इतना हो जाने के बाद इस भाव–विशेष के प्रति उदासीनता उत्पन्न होती है, यही 'विलापन' नामक चतुर्थ प्रथा है। जब इस अर्थक्रिया की स्मृति तक लुप्त हो जाती है, तब 'निस्तरंगत्व' नामक पंचम प्रथा का आर्विभाव होता है।

(भासा अथवा स्वातन्त्र्य–शक्ति वस्तुतः निष्कल होते हुए भी कलामय है; क्रमहीन होते हुए भी क्रमविशिष्ट के समान प्रतीत होती है)। सृष्टि व्यापार में जिन पाँच प्रथाओं का उल्लेख किया गया है, ये उसी की कला के खेल हैं। सिद्धपुरुष कहते हैं कि, सृष्टि–व्यापार में 10 कलाएँ, स्थिति में 22 तथा संहार में 11 कलाएँ एवं अनाख्या में 10 कलाएँ कार्य करती हैं। सृष्टि की समस्त कलाएँ पहले प्रवृत्ति की ओर मुड़ती हैं। आत्मा की स्वधामस्थ पंचयोनि तथा उनके साथ अविनाभूत पंचसिद्ध, ये दस मिलकर सृष्टि की 10 कला के रूप में वर्णित होते हैं। तात्त्विक दृष्टि से देखने पर ये उद्योग, अवभासन इत्यादि उपरोक्त लिखित से भिन्न नहीं है। सृष्टि प्रभृति प्रत्येक व्यापार में इनका खेल देखने में आता है। इसी कारण एकमात्र सृष्टि में ही सृष्टि, स्थिति, संहार, अनाख्या तथा भासा– इन पाँच कृत्यों की समस्त विचित्रताओं का स्पष्ट रूप से विकास पाया जाता है। इसी प्रकार, अन्य चक्रों में भी उनसे भिन्न चक्रों के स्वभाव का अनुप्रवेश अवश्यम्भावी है। अतएव चित्–शक्ति नाम की स्वातन्त्र्य–शक्ति के प्रत्येक कृत्य में पंचकृत्य–प्रवृत्ति की उन्मुखता देखी जाती है। इन सब कलाओं में जब एक कला स्वतः स्फुरित होती है, तब अन्य कलाएं उसके साथ समरसभाव में वत्तमान रहती हैं। आत्मस्वरूप को विभिन्न रूप में धारण करने को 'स्थिति' कहते हैं। स्थिति–चक्र में 22 कलाएँ कार्य करती हैं।

जितने भाव आत्मस्वरूप से पृथक् होकर विक्षिप्त हैं, उनको फिर आत्मप्रकाश में वासनारूप से अवस्थापन करना ही 'संहार' शब्द का अर्थ है। संहारचक्र में ग्यारह (11) कलाओं का कार्य देखने में आता है। 'अनाख्या' नामक चतुर्थ चक्र में तेरह शक्तियों के कार्य दिखलाई देते हैं। आख्या शब्द से पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी– इन तीन प्रकार के वाक् के स्वभाव का बोध होता है। अतएव, आख्याहीन अनाख्या–चक्र में ये वाक्प्रवृत्तियाँ नहीं रह सकतीं।

सृष्टि, स्थिति और संहार नामक तीन चक्रों में से संहारधाम में नादरूपा पश्यन्ती वाक् कार्य करती है, स्थितिधाम में बिन्दुरूपा मध्यमा वाक् व्याप्त रहती है तथा सृष्टिधाम में लिपिरूपा स्थूल या वैखरी वाक् कार्य करती है। ये तीनों प्रकार की वाक् ही उर्ध्वस्थित विमर्श अथवा परा वाक् के द्वारा अनुप्राणित तुरीयावस्था में प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय– इस त्रिपुटी को उपसँहृत करके चिद्ग्निरूप में पर्यवसित होती है। सृष्टि के भीतर सृष्टि, स्थिति, संहार और तुरीय– ये चार अवस्थाएं हैं। इसी प्रकार स्थिति और सँहार– इनमें भी प्रत्येक में ये चारों अवस्थाएं रहती हैं। इस प्रकार सब मिलाकर बारह शक्ति, या देवी के खेल दिखलाई पड़ते हैं। ये बारह शक्तियाँ जिस महाशक्ति से निकलती हैं, तथा जिसमें लीन होती है, उन्हीं को 'त्रयोदशी' कहते हैं। वस्तुतः यह त्रयोदशी सबमें अनुस्यूत तुरीय के साथ सम्मलित 'भासा' ही है। भासा या महाप्रतिभा के गर्भ में पँचकृत्यमय अनन्त वैचित्र्य निहित है आर यह सर्वातीत होने पर भी सबकी अनुग्राहिणी पराशक्ति है। जिस प्रकार दर्पण में नगर आदि दृश्य प्रपच प्रतिभासित होते हैं, उसी प्रकार इस स्वच्छ चिन्मयी पराशक्ति की भीत्ति में ही प्रमाता, प्रमाण और प्रमेयरूप समस्त जगत् प्रतिबिम्ब की भाँति स्फुटित हो उठता है। जहाँ जो कुछ भान होता है, उस सबका पर्यवसान इसी में है। इसी कारण इससे स्वयं किसी प्रकार के विकल्प के उदय होने की आशंका नहीं है।

यही क्रम दर्शन में निर्विकल्प परमधाम है। जिसको प्राप्त करना ही साधक का एकमात्र लक्ष्य होता है। यूँ तो यह निर्विकल्प परमधाम है, फिर भी आत्यन्तिक स्वच्छता के कारण सृष्टि आदि समस्त चक्र इसमें प्रतिबिम्बरूप में स्फुरित होते हैं। इसी कारण एक प्रकार से तत्तत् शक्ति के विकल्प रूप से उपासना करने का एक हेतु देखा जाता है। इसलिए **'क्रमकेलि'** में कहा गया है कि– ''अतएव ये निर्विमर्श तुर्यातीतमिच्छन्ति ते निरुपदेशा एव''। इसी को 'सप्तदशी कला' कहा जाता है। जैसा कि **खचक्रपञ्चकस्तोत्रम्** में कहा गया है;

मङ्ला एकरात्री च खेचरी फणिधारिणी।

रविणी मन्त्ररूपा च हँसाख्या चक्रनायिका।।

घर्हना डमरा देवी यथा एषा प्रकीर्तिता।

गर्जनी एकचारी च शवरी वज्रपञ्जरा।।

ऋद्धिः सप्तादशी ज्ञेया भासाचक्रे व्यवस्थिता। (12–14ab)

(Khachakra Panchakastotra and Mahanayaprakashaa by ArnarSimha Edited and Translation by Mark S.G. Dyczkowski, book accessed from anuttaratrikakula.org wesite of Dr. Mark S.G. Dyczkowski.)

षोडश कलाएँ विश्व–प्रतिबिम्ब–स्वभाव की होती है और सप्तदशो कला विश्व–वैचित्र्य की भित्तिस्वरूप। इसी कारण 'सप्तदशी' शब्द से विश्व तथा विश्वोत्तीर्ण भासा के दोनों रूपों का ही बोध होता है। यह स्वातन्त्र्य–शक्तिरूपा संविद्–देवी सँकोच और विकास दोनों प्रणालियों से नाना रूप में प्रतिभासित होती है। पचास मातृका–रूपी वर्णमाला संविद्–देवी का ही विकास है। पक्षान्तर से नवचक्र तथा पँचपिण्ड संविद्–देवी का संक्षिप्त रूप हे। नवचक्र से मूर्ति, प्रकाश, आनन्द और वृन्द– ये चार तथा सृष्टि, स्थिति, संहार, अनाख्या

और भासा – ये पाँच कुल नव चक्रों का बोध होता है। ये नवचक्र पीठ निकेतन की ओर पाँच प्रकार से अथवा पँचस्रोत में प्रवाहित होते हैं। सारा प्रपंच इन पाँच प्रवाहों में पर्यवसित होने के कारण 'पँचपिण्ड' नाम से प्रसिद्ध है। अतः यह स्वातन्त्र्य–शक्तिरूपा संविद्–देवी (भासा) एक ओर जिस प्रकार आत्मविमर्श–रूप में स्थित है, तो दूसरी ओर उसी प्रकार पचास वणो के रूप में विश्व–प्रसार के विमर्श–रूप में स्फुरणशील है। अर्थात्, यह विश्वातीत होते हुए ही विश्वमय भी है।

क्रम–परामर्श

सृष्टि प्रभृति चारों कार्यों में से प्रत्येक में य चारों प्रकार हैं। अन्त में भासा या चित्–शक्ति में ही सबका पर्यवसान होता है। पक्षान्तर से चित्–शक्ति यद्यपि चैतन्य का अखण्ड अनुभव–स्वरूप तथा अद्वैत है, तथापि वह प्रतिबिम्बात्मक प्रपँच के स्वभाव का अनुकरण कर पँचक–रूप में वर्णित होने योग्य है। इसी कारण पँचक–रूप में से प्रत्येक में पँचात्मकत्व रहता है। इनमें पूर्व–पूर्व पँचक की पँचम कला का आश्रय कर परवर्त्ती पंचक की प्रथम कला का स्फुरण होता है तथा परवर्त्ती पँचक की प्रथम कला पूर्ववर्त्ती पँचक की अन्तिम कला में विश्राम लेती है। इसी प्रकार, सर्वत्र एक क्रम है। इसी के द्वारा पँचकृत्य–चक्र का व्यापार चलता है, यह क्रम इतना सूक्ष्म है कि साधारणतयः कोई उसे जान नहीं सकता, फिर भी अत्यन्त तीव्र अभ्यास के द्वारा तथा सद्गुरु की कृपा से विरले ही कोई–कोई साधक, योगी कदाचित् ही इसे जानने में समर्थ होते हैं। इसे **क्रम–परामर्श** कहते हैं। यही स्वात्मविमर्श अथवा जीवनमुक्ति है। इस अवस्था को प्राप्त कर लेने पर योगी केलिए कुछ भी असम्भव नहीं रह जाता तथा अनन्त प्रकार की बाह्य विभूतियाँ योगी के लिए स्वाभाविक हो उठती हैं। जैसा कि **'क्रमसिद्धि'** नामक ग्रन्थ में कहा गया है कि;

गुर्वायत्तँ क्रमज्ञानमाज्ञासिद्धिकरं परम्।

क्रमज्ञानान्महादेवि त्रैलोक्यं कवलीकृतम्।। अर्थात् क्रमज्ञान सद्‌गुरु के अनुग्रह पर अवलम्बित है। यह योगी के लिए परम् आज्ञासिद्धि का सम्पादन करता है। हे महादेवि! क्रमज्ञान की प्राप्ति कर लेने पर त्रैलोक्य वश में हो जाता हे। **अतः 'क्रमपूजा' के रहस्य को जाननेवाले आदर्श योगी ही, क्रमसिद्ध महायोगी हैं, वे सदा शिवशक्ति सामरस्य रूपी परमधाम में अभेदज्ञान में प्रतिष्ठित होकर रहते हैं। महाशक्ति के श्रेष्ठ उपासक का यहो स्वरूप है।** (उपरोक्त क्रम–पूजा और क्रम–परामर्श आलेख में हमने 'महामहोपाध्याय' गोपीनाथ कविराज जी कृत निबन्धावली, 'तान्त्रिक वाङ्मय में शाक्त दृष्टि' अनुवादक पं. हंसकुमार तिवारी, ग्रन्थ से मूल सामग्री उद्धृत की है। यह ग्रंथ बिहार–राष्ट्रभाषा परिषद, पटना से 1994 में पुनर्मुद्रित हुआ था)

क्रम योग

योगवासिष्ठ में निर्वाण–प्रकरण के पूवार्ध के समापन में वसिष्ठ राम को 'क्रमयोग' की शिक्षा देते हैं। इसो 'क्रमयोग' की शिक्षा वाल्मीकि भरद्वाज के प्रति अपने उपदेश के अन्त में भरद्वाज को देते हैं। यह 'क्रमयोग' अभिनवगुप्त–कृत तन्त्रालोक के पाँचवें आह्निक में तीसवें श्लोक में आया हुआ है।

योगवासिष्ठ की रचना का एक आन्तरिक चक्र जो वाल्मीकि–भरद्वाज संवाद के रूप में है, निर्वाणप्रकरण के पूर्वार्ध के अन्त में समाप्त हो जाता है। वहाँ ग्रन्थ–समापन की लगभग स्पष्ट घोषणा है, वाल्मीकि ने भरद्वाज को सूचना दी है कि राम को सिद्धि प्राप्त हो गयी और एक फलश्रुति भी दी हुई हैः जैसा कि योगवासिष्ठ में कहा गया है–एतत्ते सर्वमाख्यातं रामचन्द्रकथानकम्; अनेन **क्रमयोगेन** भरद्वाज सुखी भव।। इति रघुपतिसिद्धिः प्रोदिता या मया ते, वरमुनिवचनालीरत्नमालाविचित्रा; निखिलकविकुलानां योगिनां सेव्यरूपा,

परमगुरुकटाक्षान्मुक्तिमार्गं ददाति।। य इमं शृणुयान्नित्यं विधिं रामवसिष्ठयोः; सर्वावस्थोऽपि श्रवणान्मुच्यते ब्रह्म गच्छति।। –योगवासिष्ठ (निर्वाण–प्रकरण, पूर्वार्ध) – 128 (रामव्युत्थान सर्ग) – 109 से 111

अर्थात् – भरद्वाज, यह सारी रामचन्द्र की कहानी मैंने तुमसे कही। इसी क्रमयोग से तुम सुखी रहो। यह जो वसिष्ठ की रत्नों की माला जैसी सुन्दर बातों के माध्यम से राम द्वारा प्राप्त सिद्धि का बयान मैंने तुमसे किया, वह सभी कवियों और योगियों द्वारा अपनाने योग्य है और परमगुरु भगवान् शिव के कृपाकटाक्ष से मुक्ति देती है। जो इस राम–वसिष्ठ–संवाद को सुनता हे, वह किसी भी दशा में हो, मुक्त होता है और ब्रह्म को प्राप्त होता है।

यहाँ 'क्रमयोग' अति महत्त्वपूर्ण है, इसका संदर्भ तन्त्रालोक के पाँचवें आह्निक में आया हुआ है और क्रमदर्शन के भीतर एक 'आणव उपाय' है। योगवासिष्ठ में उपरोक्त उद्धरण के पूर्व वाल्मीकि ने भरद्वाज को एक क्रमिक यौगिक प्रक्रिया का उपदेश दिया है; यही यौगिक प्रक्रिया 'क्रमयोग' कही गयी है। इसी क्रमयोग का उपदेश वसिष्ठ ने राम को दिया है। यहाँ योगवासिष्ठ में कहा गया है कि; अनेन क्रमयोगेन संयोगेन महात्मनाम्; वियोगेनासतामन्तः प्रयोगेणात्मसंविदाम्।। –योगवासिष्ठ (निर्वाण–प्रकरण, पूर्वार्ध) – 126 (परमार्थस्वरूपवर्णनं – सर्ग) – 30

इस 'क्रमयोग' का प्रतिपादन योगवासिष्ठ में इस प्रकार कहा गया है;

श्रीराम उवाच।

सप्तानां योगभूमीनामभ्यासः क्रियते कथम्।

कीदृशानि च चिँत्तिनि भूमिकाँ प्रति योगिनः।।1।।

तात्पर्यप्रकाशाख्य व्याख्या के अनुसार उपरोक्त श्लोक में श्रीराम कह रहे हैं कि;

उच्येते योगभूमीनामभ्यासक्रमलक्षणे। अन्तराले मृतौ भोग्स्ततो जन्मान्तरे जपः।।1।।

अर्थात्– ''हे वसिष्ठ आप योगभूमिकाओं के अभ्यास तथा क्रम के लक्षण को कहिये, किस प्रकार सात योगभूमियों के अभ्यास को किया जा सकता है। यह सप्त योगभूमियों के अभ्यास तथा क्रम के लक्षण को ही 'क्रमयोग' कहा जाता है, जिसका उपदेश आगे श्रीवसिष्ठ ने श्रीराम से इस प्रकार कहा; (योगभूमियों के अभ्यास तथा क्रम के लक्षण, और मध्य में मृत्यु हो जाने से भोग तथा जन्मांतर में जप इत्यादि विषयों का वर्णन इस 126 के सर्ग में किया गया है)।

श्रीराम बोले– हे भगवन्! सप्त भूमिकाओं का अभ्यास कैसे किया जाता है और भूमिकाओं में योगियों के चिन्ह कैसे हुआ करते हैं।।1।। श्रीवसिष्ठजी बोले– हे रामजी! प्रवृत्त स्वर्ग का अभिलाषी, निवृत्त मोक्ष का अभिलाषी, इस प्रकार वेदमतानुयायी दो प्रकार के मनुष्य होते हैं अब तुम इनके लक्षण सुनो।।2।। ... अनेक जन्मों के अंत में प्रवृत्त पुरुष विवेकी होकर संसार से विरक्त होता है।।4।। उस समय उसको यह विवेक होता है कि संसार की व्यवस्था असार है, मुझे इससे कुछ प्रयोजन नहीं है ... उत्पत्ति तथा प्राप्ति आदि क्रियाओं की अधिकता से निर्मुक्त विश्राम का परमस्थान क्या हो सकता है ऐसा निश्चयुक्त पुरुष निवृत्त कहाता है।6।। किस प्रकार वैराग्यवान् होके संसारसमुद्र के पार में होऊँगा, इस प्रकार के विचार में तत्पर जन सद्बुद्धि प्राणी होता है।7।। ... चित्त शुद्धि में साधनभूत जप ईश्वराराधनादि क्रियाओं में तत्पर होता है। ... ।।8।। ... और पुण्य कर्मों का सेवन करता है।।9।। ... भोगों की इच्छा नहीं करता।।10।। स्नेह तथा प्रीति से पूर्ण कोमल, उचित और देशकाल के योग्य वचन को वह बोलता है।।11।। हे रामजी! जब ऐसा हा जाता है तब प्रथम

(सच्छा=सद् इच्छा–शुभेच्छा नाम) भूमिका में प्राप्त होता है, और मन कर्म तथा वाणी से सज्जनों की सेवा करता है।।12।। तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या के अनुसार; ... पैशलान्यनुद्वेगकराणि। उचितानि सत्यप्रियहितादिरूपाणि।।11।।

एवँगुणविशिष्टपुरुषस्य सच्छास्त्रश्रवणाधिकारलक्षणायाँ प्रथमभूमिकायामवतार इत्याह–तदेति। अर्थात्–जहाँ कहीं से लाके ज्ञानवर्द्धक शास्त्रों ही को देखता है, इस प्रकार संसार के पार उतरने में जो कटिबद्ध होता है।।13।। वहो भूमिका में स्थित कहा जाता है और शेष अपने स्वार्थ साधक हैं इसके पश्चात् योगी विचार नाम्नी द्वितीय भूमिका में प्राप्त होता है।।14।। उस समय श्रुति, स्मृति तथा सदाचारों से साध्य यम, नियम, आसन, प्रत्याहार तथा धारण ध्यान समाधि के अनुष्ठान तथा अनुष्ठापन में पूर्ण रीति से प्रसिद्ध पंडितों के शरण में वह जाता है।15।। व्याकरण आदि शास्त्रों को पढ़कर पद पदार्थों के विभाग को जानकर और गुरु के मुख से श्रवण के पदार्थ को सुनकर, कर्तव्य तथा अकर्तव्य का निर्णय जानता है।।16।। ... शास्त्रों के मर्म को यथार्थ रीति से जानता है।।18।।

योगवासिष्ठ के अनुसार;

यतः कुतश्चिदानीय ज्ञानशास्त्राण्यवेक्षते।

एवँविचारवान्यः स्यात्सँसारोत्तारणँ प्रति।।13।।

एवम्

स भूमिकावानित्युक्तः शेषः स्वार्थ इति स्मृतः।

विचारनाम्नीमितरामागतो योगभूमिकाम्।।14।।

एवम् (इसके पश्चात्) द्वितीय भूमिका को जीतकर तृतीय भूमिका के प्रवेश को कहते हैं– इसके पश्चात् असँगनामिका तीसरी योगभूमि में ऐसे प्रवेश करता है जैसे काँत अपनी प्रियाकी निर्मल शय्यापर।।19।। और शास्त्र वाक्यों के अर्थों में

निश्चलतापूर्वक अपनी बुद्धि को स्थापन करके तपस्वियों के आश्रमों में विश्रामों से, अध्यात्मशास्त्रों के कथनादि क्रमों से।।20।। तथा संसार की निन्दा और वैराग्य के साधनक्रमों से पाषाण वा भूमिशय्यापर स्थित रहकर सम्पूर्ण आयु को बिताता है।21।। और चित्त के उपशम से शोभित तथा असँगता के सुख से सौम्य बनवास के बिहार से वह बुद्धिमान् अपने काल को बिताता है।।22।। सत्शास्त्रों के अभ्यास से, तथा पुण्य कर्मों के निमित्त से इस प्रकार आत्मदृष्टि जीव प्रसन्न होता है।।23।। हे रामजी! तीसरी भूमिका में पहुँचकर यह बुद्धिमान् दो प्रकार के असंग का स्वयं अनुभव करता है उनके भेद तुम अब सुनो।।24।।

यहाँ योगवाशिष्ठ में कहा गया है कि;

असंसङ्गाभिधामन्यां तृतीयां योगभूमिकाम्।
ततः पतत्यसौ कान्तः पुष्पशय्यामिवामलाम्।।19।।
यथावच्छास्त्रवाक्यार्थे मतिमाधाय निश्चलम्।
तापसाश्रमविश्रामैरध्यात्मकथनक्रमैः।।20।।
संसारनिन्दकैस्तद्वद्वैराग्यकरणक्रमैः।
शिलाशय्यासमासीनो जरयत्यायुराततम्।।21।।
वनवासविहारेण चित्तोपशमशोभिना।
असङ्गसुखसौम्येन कालं नयति नीतिमान्।।22।।
अभ्यासात्साधुशास्त्राणां करणात्पुण्यकर्मणाम्।
जन्तोर्यथावदेवेयं वस्तुदृष्टिः प्रसीदति।।23।।
तृतीयाँ भूमिकां प्राप्य बुधोऽनुभवति स्वयम्।
द्विःप्रकारमसंसंङगः तस्य भेदमिमं श्रृणु।।24।।

दो प्रकार का यह असंग है, एक सामान्य और दूसरा श्रेष्ठ, अपने देह के क्रियाओं का तथा फलों न मैं कर्ता हूँ न भोक्ता ह, और अन्य की क्रिया फलों

का मैं बाध्य बाधक भी नहीं हूँ।25।। इस प्रकार, पदार्थों में संसक्त न होना ही सामान्य असंग कहलाता है, और सबकुछ पूर्वकर्म रचित तथा ईश्वराधीन है।26।। **हे रामजी! इस प्रकार, वाक्यार्थ में दत्तचित्तपुरुष की अवस्था से जो सब पदार्थों की प्रभावना है, उसको सामान्य असंग कहते हैं।।29।। इस क्रमयोग की रीति से महात्मओं के समागम से, दुष्टों के त्याग से, श्रवण मननादि के प्रयोग से।।30।।** निरंतर के अभ्यास द्वारा अपने पुरुषार्थ के प्रयत्न से, संसार रूपी समुद्र के पार, सबके सार परमकारणभूत आत्मवस्तु के हस्तामलकवत् अपरोक्ष होने पर, मैं कर्ता नहीं हूँ, किंतु ईश्वर कर्ता है, मेरे पूर्वजन्म के क्रियमाण भी कर्म नहीं है, इत्यादि शब्दार्थ की भावना को भी दूर करके जो शांत मौनस्थिति है उसको श्रेष्ठ असँग कहते हैं।।31।।32।।33।।

इसी प्रसंग में आगे योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

द्विविधोऽयमसंसंङगः सामान्यः श्रेष्ठ एव च।

नाहं कर्ता न भोक्ता च न बाध्यो न च बाधकः।।25।।

इत्ससञजनमर्थेषु सामान्यासङगनामकम्।

प्राक्कर्मनिर्मितं सर्वमीश्वराधीनमेव च।।26।।

....

....

.... सर्वभावाननारतम्।।28।।

अनास्थयेति भावानाँ यदभावनमान्तरम्।

वाक्यार्थलग्नमनसः सामान्योऽसावसंगमः।।29।।

अनेनक्रमयोगेन संयोगेन महात्मनाम्।

वियोगेनासतामन्तः प्रयोगेणात्मसंविदाम्।।30।।

पौरुषेण प्रयत्नन संतताभ्यासयागतः।

करामलकवद्वस्तुन्यागते स्फुटताँ दृढम्।।31।।

संसाराम्बुनिधेः पारे सारे परमकारणे।

नाहं कर्तेश्वरः कर्ता कर्म वा प्राकृतँ मम।।32।।

कृत्वा दूरतरे नूनमिति शब्दार्थभावनम्।

यन्मौनमासनं शान्तं तच्छ्रेष्ठासङ्ग उच्यते।।33।।

तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या के अनुसार; मौनँ ....चक्षुरादिचेष्टाशून्यं निदिध्यासनपरिपाकफलनिर्विकल्पसमाधिना यत् आसनमवस्थानम्।।33।।

अर्थात्– चक्षु आदि चेष्टा से शून्य निर्विकल्प समाधी ही मौन आसन में अवस्थति होना है। एवम् योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

विवेकपद्मो रूढोऽन्तर्विचारार्कविलासितः।

फलं फलत्यसंसङ्गां तृतीयाँ भूमिकामिमाम्।।37।। अर्थात– तथा अंतर्विचाररूप सूर्य्य से विकसित यह विवेकरूपी कमल जब अंतःकरण में दृढ़ हो जाता है तब असंग नाम्नी तृतीयभूमिका रूप फल फलता है।।37।। योगवासिष्ठ में आगे कहा गया है कि – "शुद्ध अन्तःकरणयुक्त महात्माओं के समागम से, तथा अनेक जन्मों के पुण्यों के संचय से दैवयोग से शुभेच्छानाम प्रथम भूमिका उदय होती है।38।। यदि यह प्रथम भूमिका अंकुरित हो गई तो अंकुरयुक्त भूमि के तुल्य विवेक उपदेशादिरूप जल सिंचन से प्रयत्नपूर्वक इसकी रक्षा करनी चाहिये।।39।। ...यदि यह (प्रथम भूमिका) अन्तःकरण मे दृढ़ हो गई तो अन्य भूमियों की उत्पत्ति का स्थान हो जाती है, इसी से द्वितीय तथा तृतीय भूमिका को भी यत्न करने से साधक प्राप्त कर सकता है।।41।।

आगे रामजी के यह पूछने पर कि, और, हे भगवन्! प्रथम, अथवा द्वितीय तृतीय वा अन्य भूमिका में प्राप्त होकर यदि उसका (योगी का) शरीर छूट जाय तो उसकी कैसी गति होती है।44।। इसके उत्तर में श्रीवसिष्ठ जी बोले कि–

उत्पन्न होकर योग की वासना से पुनः वे योग ही का सेवन करते हैं और पूर्व के अभ्यास से वे बुद्धिमान योगभूमि के क्रम को स्मरण करके उत्तरोत्तर भूमिकाओं म वे चढ़ते चले जाते हैं।।51।। हे रामजी! ये तीनों भूमिका जाग्रत कही गई है, क्योंकि इनमें यथावत् भेद बुद्धि से जाग्रत के ही तुल्य सब व्यवहार देख पड़ता है।।52।। ये तीन योगभूमिकाअें – शुभेच्छा, विचार और असंग नाम्नी योगभूमियाँ है जो उपरोक्त कही गई है।

योगवासिष्ठ में आगे कहा गया है कि;

जनित्वा योगमेवैते सेवन्ते योगवासिताः।

तत्र प्राग्भावनाभ्यस्तयोगभूमिक्रमं बुधाः।

स्मृत्वा परिपतन्त्यञचैरूत्तरं भूमिकाक्रमम्।।51।।

भूमिकात्रितयं त्वेतद्राम जाग्रदिति स्मृतम्।

यथावद्भेदबुद्धयेदं तज्जाग्रदिति दृश्यते।।52।।

योगवासिष्ठ में आगे कहा है कि,

कर्तव्यमाचरन्काममकर्तव्यमनाचरन्।

तिष्ठति प्राकृताचारो यः स आर्य इति स्मृतः।।54।। अर्थात्– सब कर्तव्य नित्य नैमित्तिक कर्मों को करते हुये, और अकर्तव्यों को न करते हुये जो प्राकृत आचार में स्थित रहता है उसको आर्य्य (श्रेष्ठ) कहते हैं।।54।। एवँ

यथाचारं यथाशास्त्रं यथाचित्तं यथास्थितम्।

व्यवहारमुपादत्ते यः स आर्य इति स्मृतः।।55।।

प्रथमायामङकुरितं द्वितीयायां विकासितम्।

फलीभूतं तृतीयायामार्यत्वं योगिनो भवेत्।।56।।

अर्थात्– अपने पूर्वजों के आचारों के अनुकूल, शास्त्रोक्त तथा सर्वदा चित्त के तृप्तिकारक व्यवहारों को जो ग्रहण करता है उसको आर्य्य कहते हैं।।55।।

योगी को आर्यत्व प्रथम भूमिका में आर्यत्व अंकुरित, द्वितीय में विकसित और तृतीय में फलसंयुक्त हो जाता है।।56।। तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या के अनुसार– योगी को आर्यत्व प्रथम भूमिका में शुभेच्छा नाम की प्रथम योग भूमिका में अंकुरित, द्वितीय भूमिका श्रवण आदि प्रवृत्ति में विकसित और तृतीय भूमिका में चित्त एकाग्रता के फल से फलसंयुक्त हो जाता है।।56।।

योगवासिष्ठ में आगे कहा गया है कि;

भूमिकात्रितयाभ्यासादज्ञाने क्षयमागते।

सम्यग्ज्ञानोदये चित्ते पूर्णचन्द्रोदयोपमे।।58।।

निर्विभागमनाद्यन्तँ योगिनो युक्तचेतसः।

समं सर्वे प्रपश्यन्ति चतुर्थी भूमिकामिताः।।59।।

अद्वैते स्थैर्यमायाते द्वैते प्रशममागते।

पश्यन्ति स्वप्नवल्लोकांश्चतुर्थी भूमिकामिताः।।60।।

भूमिकात्रितयं जाग्रञ्चतुर्थीस्वप्न उच्यते।

विच्छिन्नशरदभ्रांशविलयं प्रविलीयते।।61।।

उपरोक्त श्लोकों की तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या में कहा गया है कि– ''अज्ञाने ज्ञानविरोधिद्वैतवासनाजाले असंभावनाविपरीतभावनादोषे च क्षयमागते सति निष्प्रत्यूहान्महावाक्यादपरोक्षाखण्डाकारज्ञानोदये सति मूलाज्ञानक्षयाद्योगिनश्चतुर्थी भूमिकामिता गताः सन्तः सर्वं जगत्सममानन्दैकरसं पश्यन्तीति परेणान्वयः।।58।।59।।60।। उपरोक्त श्लोकार्थ इस प्रकार है; अर्थात्– हे रामजी! इन तीनों भूमिकाओं के अभ्यास से अज्ञान के नष्ट हो जाने से, सम्यग् ज्ञान के उदय होने पर, और पूर्णचंद्रोदय के सदृश चित्त के पूर्ण शांत होने पर।।58।। चतुर्थभूमिका में प्राप्तयुक्त चित्त योगीजन संपूर्ण जगत् को विभागरहित अनादि अनंत आनंदस्वरूप देखते हैं।।59।।

अद्वैत स्थिर होने पर, तथा द्वैत के सर्वथा शांत होने पर चतुर्थ भूमिका में प्राप्त योगीजन संसार को स्वप्नवत् देखते हैं।।60।। तीन भूमिका को जाग्रत कहते हैं, चतुर्थ को स्वप्न कहते हैं, और जहाँ पर **शरत् काल** के विच्छिन्न मेघ के समान सब व्यापार लीन हो जाते हैं।।61।। ऐसे इस सुषुप्तनाम पंचमी भूमिका प्राप्त होकर योगी केवल चित्त की सत्तामात्र शेष रह जाता है।।62।।

सत्तावशेष एवास्ते पञ्चमीं भूमिकां गताः।

पञ्चमीं भूमिकामेत्य सुषुप्तपदनामिकाम्।।62।।

उपरोक्त श्लोकद्वय (61, 62) की तात्पर्यप्रकाश व्याख्या में व्याख्याकार ने अतीव सुंदर रूप से व्याख्या करते हुए अति महत्त्वपूर्ण व्याख्या की है, जिसको यहाँ पूर्णरूपण दिये जाने के प्रलोभन से बचना असंभव सा प्रतीत होता है। यहाँ कहा गया है कि, ''व्यावहारिकसत्तया जगद्भानसाम्याज्जाग्रत। प्रातिभासिकसत्तया तद्भानसाम्यात्स्वप्न उच्यते। पञ्चभ्यां भूमिकायां सुषप्तिपदप्रवृत्तिनिमित्तं तत्साम्यं दर्शयति–विच्छिन्नति। 'सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोभिम्तः सुखरूपमेति', इति श्रुतौ सुषुप्तौ सर्वविलयप्रसिद्धेरत्रापिप्रातिभासिकत्रिपुटीपरिशेषस्यापि विलयेन तत्साम्यादिति भावः। विच्छिन्नस्य शरदभ्रखण्डस्य केवलाकाशमात्रपरिशेषलक्षणं विलयमिव शुद्धचिन्मात्रपरिशेषलक्षणं स्वभावं प्रविलीयते प्रविलयेन प्राप्नोतीत्यर्थः .....।।61।। सत्ता चित्सत्ता तदवशेषः। सुषुप्तमिति पदं गौणं नाम यस्यास्ताम्।।62।।

उपरोक्त श्लोकार्थ में कहा है; अर्थात्– योगी केवल सत्तावशेष रह जाता है, यह सत्ताविशेष ही सत्ता अर्थात् चित्सत्ता का अवशेष है, एवं सुषुप्त ही इस पंचम भूमिका का दूसरा नाम है। इस पञ्चम भूमिका में पहुँचकर योगी केवल चित्त की सत्तामात्र शेष रह जाता है। और सुषुप्त नाम पंचमी भूमिका प्राप्त कर लेता है।।62।।

इस पंचमी भूमिका केलिए आगे योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

सुषुप्तघन एवास्ते पञ्चमीं भूमिकामितः।

अन्तर्मुखतया तिष्ठन्बहिर्वृत्तिपरोऽपि सन्।।64।।

अर्थात्– यह सुषप्तघन ही प्रज्ञानघन है और अन्तर्मुख आनन्दघन भी यही है। उपरोक्त श्लोक ।।64।। की तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या में व्याख्याकार कहते हैं कि– ''सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवे'ति श्रुत्युक्तप्रज्ञानघनतासाम्याद्वा तस्या सुषुप्तपदनामतेत्याशयेनाह–सुषुप्तेति। आनन्दमयो ह्यानन्दभुगिति श्रुतिप्रसिद्धान्तर्मुखस्यानन्दास्वादनसाम्यादपि तन्नामतेत्याशयेनाह–अन्तर्मुखतयेति।।64।। अर्थात्– इस पंचमी भूमिका में प्राप्त योगी बाह्य व्यापार तत्पर भी सुषुप्तघन (आनन्दघन) अंतर्मुख ही रहता है।।64।। ऐसा योगवाविष्ठ में कहा गया है।

आगे योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

षष्ठीं तुर्याभिधामन्यां क्रमात्क्रमति भूमिकाम्।

यत्र नासन्न सद्रुपो नाहं नाप्यनहंकृतिः।।66।।

केवलं क्षीणमननमास्ते द्वैतेक्यनिर्गतः।

निर्ग्रन्थिः शान्तसंदेहो जीवन्मुक्तो विभावनः।।67।।

अनिर्वाणोऽपि निर्वाणश्चित्रदीप इव स्थितः।

अन्तःशून्यो बहिःशून्यः शून्यः कुम्भ इवाम्बरे।।68।।

अन्तःपूर्णो बहिःपूर्णः पूर्णकुम्भ इवार्णवे।

किंचिदेवैष संपन्नस्त्वथ वैष न किंचन।।69।।

षष्ठयां भूम्यामसौ स्थित्वा सप्तमीं भूमिमाप्नुयात्।

विदेहमुक्तता तूक्ता सप्तमी योगभूमिका।।70।।

अगभ्या वचसां शान्ता सा सीमा भवभूमिषु।
कैश्चित्सा शिवमित्युक्ता कैश्चिदह्येत्युदाहृता।।71।।
कैश्चित्प्रकृतिपुंभावविवेक इति भाविता।
अन्यैरप्यन्यथा नानाभदरात्मविकल्पितैः।।72।।

अर्थात्– इसी प्रकार क्रम से तुर्य्यानाम छठी भूमिका में योगी प्राप्त होता है, इस भूमि में न सत् न असत्, न अहंकार और न उसके अभाव ही का भान होता है।।66।। मनन तथा द्वैत अद्वैत के वितर्क से रहित, ग्रन्थि तथा सब संदेहों से वर्जित, और भावनाओं से शून्य केवल जीवनमुक्तरूप स्थित रहता है।।67।। प्रारब्ध से शरीरधारी भी तथापि मुक्तरूप, चित्रगत दीप के तुल्य, जड़ जगत् के स्वभाव से बाहर भीतर से शून्य और आकाश में शून्यघट के सदृश स्थित रहता है।।68।। सर्वथा आनंदरूप होने से बाहर भीतर से पूर्ण, आकाशस्थ पूर्ण घट के सदृश, अपूर्व रूप प्राप्त के समान, यथार्थ में किंचित् भी न प्राप्त करके अपने शुद्धरूप में स्थित रहता है।।69।। छठी भूमिका में आकर योगी सातवीं भूमिका में प्राप्त होता है और सातवीं योगभूमिका विदेहमुक्तता को कहते हैं।।70।। हे रामजी! संसार की भूमियों की सीमा वह सातवीं भूमिका वाणियों का विषय नहीं है, कोई तो उसको शिव कहते हैं और कोई ब्रह्म कहते हैं।।71।। कोई प्रकृति पुरुष के पार्थक्य ज्ञानरूप विवेक कहते हैं और भी अन्य जनों ने निज कल्पित नानाभेदों से कोई स्वर्ग कोई वासुदेव तथा कोई महेश्वर आदि नामों से कहते हैं।।72।।

यहाँ अन्त म योगवासिष्ठ का कहना है कि;

नित्यमव्यपदेश्यापि कथंचिदुपदिश्यते।
सप्तैता भूमिकाः प्रोक्ता मया तब रघूद्वह।।73।।

उपरोक्त श्लोक की तात्पर्यप्रकाश व्याख्या में व्याख्याकार ने कहा है कि; 'यदि

वचसामगम्यं तर्हि कथमुपदिश्यते तत्राह–नित्यमिति कथंचिद्भागत्यागलक्षणाभ्युपायैरित्यर्थः।।73।। इस श्लोक।।73।। में कहा गया है कि, यद्यपि वह सदा कथन के योग्य नहीं है, तथापि किसी प्रकार उपदेश किया जाता है ये तुमको मैंने सात भूमिकायें कहीं।।73।। आगे तात्पर्यप्रकाश व्याख्या में उपरोक्त ।।73।। श्लोक की व्याख्या में जो ऊपर कहा है, उसका अर्थ है कि– 'यदि वचनों से वाणी से, कथन के योग्य नहीं है, तो किसी प्रकार उपदेश किया जाता है वहां कहा है– नित्य रूप से। किसी प्रकार 'भागत्यागलक्षणा' के उपाय से कहा है, ऐसा अर्थ है''।।73।।

यह भागत्यागलक्षणा का उपाय क्या है? इसे कहते हैं।

(प्रस्तुत आलेख में मूल सामग्री हमने आचार्य श्री वागीश शुक्ल जी के लेख से प्राप्त की है।)

शाब्दबोध को समझने के लिए भारतीय सिद्धान्तकारों ने बहुत परिश्रम किया है और उनमें सबसे अग्रणी ध्वनिवादी काव्यशास्त्री हैं जिन्होंने तीन शब्दशक्तियाँ स्वीकार की है : पहली 'अभिधा', दूसरी 'लक्षणा' और तीसरी 'व्यञ्जना'। इनसे बताये गये अर्थ क्रमशः 'वाच्यार्थ', 'लक्ष्यार्थ', और 'व्यङगयार्थ' कहे जाते हैं। वेदान्तियों में 'तत्त्वमसि' महावाक्य का अर्थ निकालने केलिए 'लक्षणा' के उपयोग पर आम सहमति है। किसी वाक्य का अर्थ अगर लक्षणा से निकाला जायगा तो पहले उसे अपना वाच्यार्थ छोड़ना पड़ेगा। **इसे 'जहत्स्वार्था (=अपने अर्थ को छोड़ देने वाली) 'लक्षणा' या 'जहती लक्षणा' कहते हैं।** उदाहरणार्थ मान लीजिए हम ट्रेन में बैठे हैं और कहते हैं ''लखनऊ आ रहा है'' तो हम वाच्यार्थ का अत्यनत त्याग करके ही ऐसा कह पायेंगे क्योंकि जो हो रहा है वह यह कि लखनऊ के निकट ट्रेन पहुँच रही है। दूसरे उदाहरणार्थ, मान लीजिए भोजन तैयार है और परोसने में थोड़ी देर है। उस समय किसी आदमी को जब हम कहते हैं कि ''कौओं से दही को बचा रखना''

तो इसका यह अर्थ तो नहीं होता कि बिल्ली से दही को मत बचाना और न ही यह अर्थ होता है कि खीर को कौए से मत बचाना, अर्थात् यहाँ वांछित अर्थ ''दही को शामिल करते हुए सभी खाद्य–वस्तुओं की रक्षा कौओं समेत सभी अवांछित जन्तुओं से करना'' अपने वाक्यार्थ को छोड़ते हुए नहीं किन्तु उस तक सीमित न रहकर उसे विस्तार देते हुए प्राप्त किया गया है। **इसे 'अ–जहत्स्वार्था (=अपने अर्थ को न छोड़ने वाली) लक्षणा' या 'अ–जहती लक्षणा' कहते हैं।** किन्तु मान लीजिए कि हमने देवदत्त को बीस साल पहले एक सामान्य मध्यवर्गीय बालक के रूप में बनारस में देखा था और आज उसे मुम्बई के किसी आयोजन में एक बड़े फिल्म–अभिनेता के रूप में अचानक पहचान कर कह उठते हैं कि ''यह वही देवदत्त है'' जो जाहिर है कि मुम्बई वाले आज के 'यह' और बनारस वाले बीस वर्ष पहले के 'वह' की असम्भव एकता तभी सम्भव होगी जब देवदत्त में से 'बनारस' और 'मुम्बई' जैसी चीज़ें हटा ली जायेंगी और कुछ ऐसा बचेगा जो इस देवदत्त ओर उस देवदत्त में उभयनिष्ठ है। यह **'कुछ छोड़ती ओर कुछ न छोड़ती' लक्षणा 'जहदजहती लक्षणा' या 'भागत्यागलक्षणा'** कहलाती है। **इसी 'भागत्यागलक्षणा' के उपाय से तात्पर्यप्रकाश व्याख्या में व्याख्याकार ने कहा है कि, 'यद्यपि वह सदा कथन के योग्य नहीं है' और 'तथापि किसी प्रकार उपदेश किया जाता है' तो यहाँ इन दोनों वाक्यों में 'कुछ छोड़ती और कुछ न छोड़ती' लक्षणा अर्थात् 'जहदजहती लक्षणा' या 'भागत्यागलक्षणा' निहित है और इसी उपाय से ही वह सात योगभूमिकायें यहाँ रामजी को श्रीवसिष्ठ जी ने कहीं।**

यहाँ आगे योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

....सर्वपदार्थ से इस इच्छा को (=यह मुझे मिले, ऐसा जो मन है) सब प्रकार से जीतना चाहिये और इच्छा सहित इस मन का शांत होना ही मोक्ष है, यही ज्ञान का संग्रह है और विषयों के स्मरण न करने मात्र से इच्छारूप संसार का अँकर नहीं उदय होता। किंचित् भी उदय होते ही इस अनर्थकारिणी इच्छा को विषयों के विस्मरण रूप शस्त्र से ऐसे छेदन करना चाहिये जैसे विष के अँकुरों की पंक्ति। विषयों की इच्छा के विस्मरण (=प्रत्याहार) रूप यत्न में तत्पर प्राणी तो मौन होके आत्मा ही में स्थित रहता है। आगे योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

इदं मेऽस्त्विति संवेगमाहुः कल्पनमत्तमाः।

अथस्याभावनं यक्तत्कल्पनात्याग उच्यते।।91।।

स्मरणं विद्धि संकल्पं शिवमस्मरणं विदुः।

तत्र प्रागनुभूतं च नानुभूतं च भाव्यते।। 92।।

अर्थात्–यह मुझे मिले इस तीव्र इच्छा ही को विद्वान् कल्पना कहत हैं, और पदार्थों के विस्मरण को कल्पना का त्याग कहते हैं।।91।। संकल्प को ही तुम स्मरण जानो, ओर विस्मरण शिवरूप है, संकल्प में पूर्व अनुभूत तथा अननुभूत दोनों की भावना होती है।।92।। आगे योगवासिष्ठ में कहा है कि;

अनुभूतां नानुभूतां स्मृतिं विस्मृत्य काष्ठवत्।

सर्वमेवाशु विस्मृत्य गूढस्तिष्ठ महामतिः।।93।।

अर्थात्– हे रामजी! अनुभूत वा अननुभूत दोनों प्रकार की स्मृति को शीघ्र ही काष्ठ के तुल्य विस्मरण कर के गूढ़ तथा महामति होके स्थित रहो।।93।। आगे कहा गया है कि, संकल्प ही परम बँधन है, और उसका अभाव ही मोक्ष है। इस परमार्थस्वरूपवर्णन नामक 126 वें सर्ग में योगवासिष्ठ में अंत में कहा गया है कि;

अवेदनँ विदुर्योगँ शान्तमासितमक्षयम्।

योगस्थः कुरु कमाणि निर्वासनोऽथमा कुरु।।99।।

अवेदनँ विदुर्योगँ चित्तक्षयमकृत्रिमम्।

अत्यन्तँ तन्मयो भूत्वा तथा तिष्ठ यथासि भो।।100।।

अर्थात्— हे रामजी! इस संसार को विस्मृत होके अक्षय शांत रूप से स्थित होने को योग कहते हैं, सो तुम वासना को त्यागकर योग में स्थित होकर यथाप्राप्त कर्मों को करो।।99।। इस संसार में अहंमम (यह मैं, यह मेरा) के अध्यास के विस्मरण को ही स्वाभाविक चित्त का क्षय, तथा जीव ब्रह्म का योग कहते हैं, इसलिये तुम सर्वथा तन्मय होके जैसे हो वैसे स्थित रहो।।100।। हे रामजी! शिव, सर्वगत, शांत, बोधरूप, अजन्मा और कल्याणरूप परमात्मा के साथ एकत्वभावना ही सर्वत्याग कहा गया है उस भावना को निरंतर अपने अंतःकरण में करते हुये, अपने कर्तव्यकर्मों को करो।।101।। उपरोक्त श्लोक संख्या ।।101।। की तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या में जैसा कि कहा गया है कि, —सा स्थितिरेव सर्वप्रपञ्चनिवृत्तिरूपत्वाच्ड़ालोपदर्शितः सर्वत्यागोऽपीत्याह—शिवमिति।।101।।

श्रीमहार्थमञ्जरी की गाथा क्रमाङ्क 45 में अंगन्यास, अर्घ्य, शुद्धी और पुष्पादि के वर्णन में कहा गया है कि; विकल्पविक्षोभप्रपंच अर्थात् विकल्प का विक्षोभरूप प्रपंच ही अंगन्यास है, इसके मध्य में पूर्ण अहंभावरूप की भावना (जो अविकल्प का विमर्शन अर्थात् कल्पना से रहित ज्ञान ही है) ही विश्वमोक्षप्रपंच रूपी अंगरक्षक कवच है। उपरोक्त कहे गये योगवासिष्ठ के क्रम योग का इस क्रम पूजा से ही साम्य है— ''कल्पना का त्याग अर्थात् कल्पना से रहित ज्ञान जो विकल्प **यही क्रम सम्प्रदाय का क्रम योग है और क्रम पूजा में किये जाने वाले, अंगन्यास, अर्घ्य, शुद्धी, और पुष्पादि का वास्तविक अर्थ भी**

यही है। योगवासिष्ठ में निर्वाणप्रकरण पूर्वार्ध के अन्तिम रामव्युत्थान नामक 128 सर्ग में भी क्रमयोग की चर्चा है। इस सर्ग के प्रारम्भ में ही यह बताया गया है कि इस सर्ग में प्रविलापन क्रम से भरद्वाज की तृप्तार्थता और ज्ञानियों के कर्तव्य स रामचन्द्र जी के व्युत्थापन के क्रम से वर्णन किये गये हैं। वहाँ कहा गया है कि;

प्रविलापनयुक्त्यात्र भरद्वाजकृतार्थता।

वर्ण्यन्ते ज्ञानिकर्तव्यरामव्युत्थापनक्रमाः।।1।।

यहाँ तक रामचन्द्र जी को सिद्धि मिल चुकी है और यह गुरु कृपा से (श्रीवसष्ठिजी की कृपा से) शक्तिपात के फलस्वरूप सम्भव हुआ है। अब जब उनको कर्तव्य कर्म पथ पर अग्रसर होना है तो वसिष्ठ जी से ही अनुरोध किया जाता है कि आप ही श्रीरामजी को इस समाधि से उठाईये ताकि वो कर्मोन्मुख हों। जब वसिष्ठ जी के यत्न करने पर और पुकराने पर श्रीरामजी जब कुछ न बोले तब वसिष्ठ जी ने श्रीरामजी को निर्विकल्प समाधि से उठाने हेतु अर्थात् व्युत्थापन हेतु योगाभ्यास से सुषुम्ना नाड़ी द्वारा उनके हृदय में धीरे से प्रवेश किया तब प्रथम प्राणादि के बीज रूप आधारशक्ति में क्रम से प्राण तथा मन का आर्विभाव हुआ, इसके पश्चात् प्रकाशरूप जीवप्राण नाडी द्वारा सब छिद्रों में प्रविष्ठ होके सब ज्ञान तथा कर्म इन्द्रियों को पृष्ठ किया, पश्चात् धीरे से नेत्र खोल के कृत्याकृत्य के विचार से शून्य होके, श्रीरामजी उनके (श्रीवसिष्ठादि विद्वानों के) वचन के सुनने की प्रतीक्षा से स्थितर हैं। अतः यह प्राण आदि के आर्विभाव का क्रम ही श्रीरामजी के निर्विकल्प समाधि से व्युत्थापन का क्रम है, यही अविकल्प का विमर्शन है। यह ही चित्त का क्षय है, और जीव और परमात्मा का योग है। यही क्रम सम्प्रदाय का क्रम योग है और क्रम पूजा में किये जाने वाले अंगन्यास, अर्ध्य, शुद्धी और पुष्पादिक का वास्तविक अर्थ भी

यही है। समावेश ही प्रविलापन है–''समावेश्य प्रविलाप्य''।।17।।

(तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या) यह प्रविलापन क्रम क्या है इसको बताते हुए योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

देहेन्द्रियमनोबुद्धिक्षेत्रज्ञानाँ च संभवः।

यस्माद्भवति तज्ज्ञात्वा तेषु पश्चाद्विलापयेत्।।4।।

....

श्रोत्रादिलक्षणोपेताँ कर्तुर्भोगप्रसिद्वये।

दिक्षु न्यस्यात्मनः श्रोत्रं त्वचं विद्युति निक्षिपेत्।।8।।

उपरोक्त श्लोकद्वय की तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या में कहा गया है कि; यस्माद्यस्माद्यस्य यस्य संभवो जन्म भवति तत्तज्ज्ञातवा श्रुत्यादिना स्मृत्वा तेषु तेषु भूतेषु देवेषु च विलापयेत्। वाचारम्भणश्रुत्युक्तरीत्या तत्तद्वयतिरेकेण नास्तीति स्मरेदित्यर्थः।।4।। एवम् 'दिशः श्रोत्रं भूत्वा कर्णौ प्राविशन्' इत्यादिश्रुतेः कर्तुर्जीवस्य शब्दादिभोगप्रसिद्वये कर्णादिगोलकानुप्रवेशेन श्रोश्रादिलक्षणेनेन्द्रियभावेनोपेतां द्विगादिदेवताँ यथाक्रमं देवतास्वेव निक्षिपेदिति शेषः। तमेव क्रमँ दर्शयतिदिक्ष्वित्यादिना।।8।।, उपरोक्त श्लोकों में कहा गया है कि; देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि तथा क्षेत्र जिस (आत्मा) से उत्पत्ति है उसको जानके पश्चात् उसी में सबका लय करें।।4।। और जीवात्मा के भोग की प्रसिद्धि के लिये श्रोत्र आदि इंद्रियरूपधारी देवताओं को क्रम से उन देवताओं में ही लय करें, जैसे अपने श्रोत्र (कर्ण) इन्द्रिय को दिशाओं में लय करें, त्वक् इंद्रिय को विद्युत में लय करें।।8।। आगे भी श्लोक।।17।। की व्याख्या में आया है; 'समावेश्य प्रविलाप्य' अर्थात् समावेश ही प्रविलापन है।

आगे योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

आनुलोम्यात्स्मृता सृष्टिः प्रातिलोम्येन संहृतिः।

अतः स्थानत्रयँ त्यक्त्वा तुरीयं पदमव्ययम्।।24।।

अर्थात् अनुलोम क्रम से सृष्टि होती है और प्रतिलोम क्रम से उसी में सबका लय होता है, इसलिये तीनों स्थान अर्थात् विराट, हिरण्यगर्भ, अव्याकृत; या स्थूल, सूक्ष्म, कारण रूप अथवा जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति को त्यागकर अविनाशी तुरीयपद का।।24।। ध्यान करें। क्रमयोग के इस प्रकरण में हम याद कर लें कि, योग की सप्त भूमिकायें के सन्दर्भ में उपरोक्त विवरण में हमने देखा कि छठी योग भूमिका तुर्य्यानाम की भूमिका है जो सर्वथा आनंदरूप होने से बाहर भीतर से पूर्ण है और साधक इस भूमि को प्राप्त होकर इस छठी योगभूमिका में जीवनमुक्तरूप स्थित रहता है। (इस जीवनमुक्त रूप स्थित साधक को हम तांत्रिकसाधना में 'वीर' भी कह सकते हैं।)

योगवाशिष्ठ में रामव्युत्थान नामक 128वें सर्ग में भी पुनः इसको निम्नलिखित श्लोकों में दोहराया गया है।

यहाँ योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

जाग्रतस्वप्नसुषुप्ताख्यं हित्वा स्थानत्रयं यदा।।49।।

अवस्थाबीजनिद्रादिनिर्मुक्ता चित्सुखात्मिका।

विशेत्तुरीयमानन्दं तदा जीवो विमुच्यते।

जीवस्य च तुरीयाख्या स्थितिर्या परमात्मनि।।50।।

यदा पश्यत्यभेदेन तदा जीवो विमुच्यते।

योगस्य सेयं वा निष्ठा सुखं संवेदनं महत्।।51।।

यहाँ तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या में उपरोक्त ।।51।। वें श्लाक की व्याख्या में कहा है कि, 'जाग्रत्स्वप्नावस्थयोबीजंसवासनाकर्माज्ञानम् निद्रा तदवस्थाविशेषः। सेयं तुर्याख्या जीवस्य स्थितिर्योगस्य निदिध्यासनपरिपाकजन्यनिर्विकल्पसमाधेर्वा शब्दान्मुख्याधिकारिणो (=निदिध्यास के परिपाक से जन्य निर्विकल्प समाधि)

विचारमात्रजन्यसाक्षात्कारज्ञानस्य (=विचारमात्र से जन्य साक्षात्कार ज्ञान, यही जीव का 'महासुख' है; यह शब्द आगे आयेगा) अर्थात् उपरोक्त श्लोक त्रयी में कहा गया है कि; देखता है (जब सब भूतों में आत्मा को तथा आत्मा में सब भूतों को देखता है) तब यह जीव मुक्त होता है, तथा जब जाग्रत् स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों स्थानों को त्यागकर।।49।। तुरीय आनन्द में प्रवेश करता है तब जीव मुक्त होता है और परमात्मा में स्थिति रूप जीव की तुरीयावस्था है वही जाग्रत् स्वप्न के बीज वासनासहित कर्म अज्ञान से शून्य और सुषुप्ति से भी रहित सुखरूप है।।49।। और यही योग तथा महासुख के अनुभव की पराकाष्ठा वा समाप्ति है।।50।।51।। इस रामव्युत्थान नामक ।।128।। वें सर्ग के अन्त में योगवासिष्ठ में कहा गया है कि;

एतत्ते सर्वमाख्यातँ रामचन्द्रकथानकम्।

अनेन क्रमयोगेन भरद्वाज सुखी भव।।109।।

इति रघुपतिसिद्धिः प्रोदिता या मया ते

वरमुनिवचनालीरत्नमालाविचित्रा।

निखिलकविकुलानाँ योगिनाँ सेव्यरूपा

परमगुरुकटाक्षान्मुक्तिमार्गं ददाति।।110।।

य इमं श्रृणुयान्नित्यं विधिं रामवसिष्ठयोः।

सर्वावस्योऽपि श्रवणान्मुच्यते ब्रह्म गच्छति।।111।।

ऊपर श्लोक संख्या ।।109।। म यह सब आख्यान कह दिया और इस श्लोक की तात्पर्यप्रकाशाख्यव्याख्या में इस आख्यान को श्रीराम जी की ''जीवनमुक्तिविश्रान्तिपर्यन्त सँवादकथा'' और 'संजीवन अमृत' कहा गया है। उपरोक्त श्लोक।।110।। में इसे सिद्धि कहा गया है जो मोक्षमार्ग को जो पहले कही गई योग की सप्त भूमिकाक्रम है **(और जो 'क्रमयोग' कहलाता है)** को

देती है। उपरोक्त श्लोक त्रयी की तात्पर्यप्रकाशाख्याव्याख्या में कहा गया है कि– रामचन्द्रस्य जीवन्मुक्तिविश्रान्तिपर्यन्त संवादकथालक्षणमानकँ संजीवनममृतमिति यावत्।।109।। उपसहरति–इतीति। वरमुनेर्वसिष्ठस्य वचनपङ्क्तिलक्षणयारत्नमालया विचित्रा भूषिता इति उक्तरूपा रघुपतेर्जीवन्मुक्तिसिद्धियां मया तुभ्यं प्रोदिता पोक्ता निखिलानां कविकुलानां योगिनां च सेव्यरूपा सा परमगुरुकटाक्षाच्छ्रवणादिना सेविता सती मुक्तिमार्गं प्रागुक्तभूमिकाक्रमँ ददात्यारोपयतीत्यर्थः।।110।।

विधिं संवादप्रकारम्। मोहमालिन्यरागद्वेषमहापातकोपपातकादिसर्वदोषा–वस्थायुक्तोऽपि पुरुषः श्रवणादेव सर्वैर्दोषैर्मुच्यत शान्त्यादिगुणप्राप्तिक्रमेण ब्रह्म गच्छति प्राप्नोति किं पुनरधिकारीत्यर्थः।।111।। उपरोक्त श्लोक त्रयी का अर्थ इस प्रकार है; **अर्थ– हे भरद्वाज! यह रामचन्द्र जी का सब व्याख्यान कह दिया इस 'क्रमयोग' से तुम भी सुखी हो जाओ।।109।। हे भरद्वाज्! यह रामचन्द्र जी की सिद्धि जो तुमसे मैंने कही सो मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ के वचनों की पंक्तिरूप रत्नों की विचित्र माला है और सब कविकुल तथा योगियों के सेवन करने के योग्य है और परमगुरु की कृपा से मोक्षमार्ग को जो योग की सप्तभूमिकाक्रम है (यही क्रमयोग कहलाता है) को देती है।।110।। जो कोई इस वसिष्ठजी तथा रामचन्द्र जी के संवाद विधि को (संवाद का एक प्रकार) प्रतिदिन श्रवण करेगा वह श्रवणमात्र से सब दोषों से मुक्त हो जायगा, और अनन्तर शांति आदि गुणों के द्वारा क्रम से ब्रह्म को प्राप्त होगा।।111।।**

यह योगवासिष्ठ के निर्वाण–प्रकरण के पूर्वार्ध का समापन है जहाँ श्रोवसिष्ठ ने श्रीराम को 'क्रमयोग' की शिक्षा दी है और इसी 'क्रमयोग' की शिक्षा यहाँ वाल्मीकि भरद्वाज को इस रामव्युत्थान नामक ।।128।।वें सर्ग के समापन पर

देते हैं। इस सर्ग के समापन पर योगवाशिष्ठ के निर्वाण–प्रकरण के पूर्वार्ध का भी यहां समापन होता हे। यह 'क्रमयोग' अभिनवगुप्त–कृत तन्त्रालोक के पाँचवें आह्निक में तीसवें श्लोक में आया हुआ है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि क्रम–दर्शन के एक प्रमुख ग्रन्थ श्रीमहार्थमंजरी के रचयिता महेश्वरानन्द ने इस ग्रन्थ पर अपनी परिमल टीका में 'मोक्षोपाय' नामक एक ग्रन्थ से एक प्रमाण–वचन उद्धृत किया है और 'मोक्षोपाय' का ही दूसरा नाम 'योगवासिष्ठ' है। यह उद्धरण भी महार्थमंजरी की आठवीं कारिका पर की गई परिमल टीका में है और इस प्रकार है; 'मोक्षोपाये च स्वापरामर्शमात्रोऽयमपराधः कियानसौ; तावन्मात्रेण तज्जातं यद् वक्तुं नैव पार्यते'।।

योगवासिष्ठ–कार का निजी सम्प्रदाय क्रम–सम्प्रदाय की किसी शाखा का था। आचार्य श्री वागीश शुक्ल जी ने अपने एक लेख में ऐसो ही संभावना पर विचार किया है और लेखक उनसे सविनय पूर्ण रूपेण सहमत है। यहाँ यह भी महत्त्वपूर्ण है कि **क्रम–सम्प्रदाय को 'काली–नय'** भी कहते हैं क्योंकि उसमें महाकाली के विविध उग्र रूपों की उपासना का साधना–पथ में बहुत महत्त्व है। अद्वैत वेदान्त के सभी प्रमुख विचारक श्रीविद्या के महत्त्वशाली साधक भी रहे हैं, और सम्भवतयः योगवासिष्ठ–कार भी रहे हों। यद्यपि भगवान् पतञ्जलि के अतिरिक्त कोई अन्य नाम इस श्रेणी में हमारे सामने नहीं है जो कालीनय और शाङकर वेदान्त में समान रूप से प्रमाण माना जाता हो। **कालिदास ने चिद्गनचन्द्रिका में क्रमदर्शन के प्रमुख आचार्य के रूप में भगवान् पतंजलि का स्मरण किया है** तथा उनका परमार्थसार एक साथ शाङकर अद्वैत और काश्मीर शैव दर्शन में आगमस्थानीय प्रमाण माना जाता है। उपरोक्त श्लोक 109 से 111 की व्याख्या में हम देख आये हैं कि श्रीराम को सिद्धि प्राप्त हो गयी है। भरद्वाज जो को भी वाल्मीकि जी ने कहा है कि तुम भी 'क्रमयोग'

से सुखी हो जाओ, जिसका उपदेश श्रीवसिष्ठ ने श्रीराम को दिया है। उपरोक्त सर्ग 126 में वाल्मीकि ने भरद्वाज को जिस सप्त भूमिका यौगिक प्रक्रिया का उपदेश दिया है, यही यौगिक प्रक्रिया 'क्रमयोग' कही गयी है। **शाक्तोपाय** से परमधाम–प्राप्ति के लक्ष्य की सिद्धि की स्थिति में ''आणव उपाय'' की आवश्यकता होती है। शाक्तोपाय में प्रतियोगी रहित अर्थात् विरूद्ध विकल्पों के उदय न होने पर ही जब विकल्प का संस्कार हो जाता है, तभी भोग और मोक्ष इन दोनों में से अभीष्ट की प्राप्ति निश्चित ही होती है। तन्त्रालोक के पाँचवें आह्निक के प्रारम्भ में ही ऐसा कहा गया है। जिसकी स्वस्वातन्त्र्य से विकल्प संस्कार की प्रक्रिया नहीं होती, उसके लिए आणवोपाय है। और इसी आह्निक के श्लोकद्वय (3 एवं 4) में कहा गया है कि, किसी साधक के विकल्प, बिना किसी दूसरे उपाय के अपने बल पर ही संस्कार सम्पन्न हो जाते हैं, अन्य दूसरे साधक ऐसे भी हैं जिनके स्वात्मसंस्कार में दूसरे उपायों की भी आवश्यकता पड़ती है। ऐसे साधकों के लिये इस 'आणवोपाय' की उपयोगिता है।

आणव उपाय क्या है?

उच्चार, करण, ध्यान, वर्ण और स्थानकल्पना का अभ्यास आणव उपाय है। इनमें से किसी भी एक उपाय के अभ्यास से प्राप्त होने वाली एकाग्रता को आणव समावेश दशा कहते हें। अणु, अर्थात् परिमित प्रमाता, परिमित स्वरूप वाले बुद्धि, प्राण, देह, देश आदि को उपाय के रूप में स्वीकार करता है, इसलिये इसको आणव उपाय कहा जाता है। प्राणशक्ति, अर्थात् हृदय के स्पन्दनात्मक सामान्य व्यापार में, शरीर में विद्यमान नाड़ियों तथा चक्रों में तथा बाहर लिंग, चत्वर, प्रतिमा आदि में स्थान–कल्पना की विधि सम्पन्न की जाती है। कार्यकारण स्थल में क्रम से और कुहन–प्रयोग आदि में अक्रम से सभी

पदार्थों की कलना करने वाला परमेश्वर का काल नामक स्वरूप सबसे पहले भासित होता है। **भगवान् का यह स्वरूप अभेदावस्था में काली शक्ति और भेदावस्था में प्राण शक्ति के नाम से जाना जाता है।** संवित्स्वरूपा काली शक्ति में अपनी इच्छा से क्रम और अक्रम रूप से नाना रूपों में भासित होने केलिये क्रिया शक्ति का उन्मेष होता है। इस क्रिया शक्ति का प्रथम उन्मेष प्राण व्यापार है। यह प्राण शक्ति अपने प्राण, अपान आदि पाँच रूपों में जीव को आप्यायित किये रहती है। इसी के रहने पर यह चेतन कहलाता है। इस क्रिया शक्ति के पूर्व भाग में कालाध्वा और उत्तर भाग में देशाध्वा की स्थिति है। कालाध्वा में पर, सूक्ष्म और स्थूल रूप वर्ण, मन्त्र और पद की तथा देशाध्वा में कला, तत्त्व और भुवन की स्थिति है। **शब्द और अर्थस्वरूप शिव आर शक्ति में व्याप्यव्यापक भाव से पर, सूक्ष्म और स्थूल रूप से विद्यमान वर्ण, पद, मन्त्र और कला, तत्त्व, भुवन–षडध्व के नाम से अभिहित होते हैं।** शाक्त तंत्रों में षडध्व का विशेष महत्त्व है। यह सारा जगत् षडध्वमय है। इसका उन्मेष क्रिया शक्ति से होता है। सारे षडध्वात्मक जगत् में बाहर–भीतर सब जगह प्राण शक्ति का स्पन्दन सतत प्रवृत्त है, तो भी हृदय प्रभृति स्थानों में ही इसके स्फुरण की अनुभूति होती है। हृदय प्रभृति स्थानों में स्पन्दमान इस प्राण शक्ति में चित्त को विलीन कर देना भी स्थान–कल्पना नामक आणव उपाय का अंग है। यह स्वाभाविक चित्त का क्षय ही जीव तथा ब्रह्म/परमात्मा का योग है। **क्रम–दर्शन के भीतर आया हुआ 'क्रमयोग' यही है और यह एक 'आणव उपाय' है।** यही विकल्प का विस्मरण अथवा अविकल्प का विमर्शन भी है। यहाँ पहुँचकर साधक निर्विकल्प समाधि को प्राप्त होता है। **श्रीशिवोपाध्यायस्वामिविरचितः शैवाष्टककोशः** में संख्या 86 पर विकल्पः की परिभाषा में कहा गया है; 'विकल्पः'– ''अन्यापोहलक्षुणत्वे सति

घटाघटरूपद्वयारोपितया अघटाद् व्यवच्छिन्नस्य घटस्य निश्चयनम्'' अर्थात्– 'विकल्प का स्वभाव चिदात्मक है, उसके बिना अर्थ का अवभासन नहीं होता। घटावभास के साथ एक अप्रकाशित अघट का अनुभव प्रमाता करता है। एक विरुद्ध विचार से भी कभी–कभी सत्य का निश्चय होता है।' जैसे– 'यह घडा के अतिरिक्त दूसरा कुछ नहीं हो सकता।' इस विरुद्धात्मक विचार से 'यह घड़ा ही है', इसका निश्चय हो जाता है। वस्तुतः चिदात्मक होने पर भी विकलप अन्य का आमर्शक है इसलिये भेदमय है। इस भेदवाद के अपसारण केलिये स्वात्मसंस्कार की आवश्यकता होती है।

जैसा कि अभिनवगुप्त–पाद कृत तन्त्रालोक चतुर्थ आह्निक श्लोक।।6।। में कहा गया है कि;

ततः स्फुटतमोदारताद्रूप्यपरिबृंहिता।

सँविदभ्येति विमलामविकल्पस्वरूपताम्।।6।।

उपरोक्त श्लोक की जयरथ टीका में कहा गया है कि; ततो–यथोक्तात् संस्काराद्धतोः स्फुटतमम्, अत एव उदारं निर्विकल्पकसमानकक्ष्यतया महत् यत्ताद्रूप्यं–विकल्पकत्वं तेन परिबृंहितासंस्कारान्तरनिरपेक्षीकृता सती विकल्परूपा संवित्, विमला–संकोचकलङकापहस्तनेन शुद्वामविकल्पस्वरूपतामभ्येति– पूर्णाविकल्पज्ञानमयतया परिस्फुरतीत्यर्थः। अतश्च 'विकल्पमात्रे एव न विश्रान्तव्यम्' इत्यपि अनेन उक्तम्, यदाहुः

'परमार्थविकल्पेऽपि नावलीयेत पण्डितः।

को हि भेदो विकल्पस्य शुभे वाप्यथ वाशुभे।।' इति।।6।।

अर्थात्– इस प्रकार संस्कार, (विकल्प संस्कार = प्रतियोगी रहित अर्थात् विरुद्ध विकल्पों के उदय न होने पर ही जब विकल्प का संस्कार हो जाता है) प्रक्रिया के क्रमिक विकास की सोपान परम्परा को पार कर लेने पर अत्यन्त उदार जैसे

(मानो वह निर्विकल्पवत् ही हो गई है), ऐसी अत्यन्त स्फुटतम वैकल्पिक तद्रूपतामयी एक संवित् शक्ति उल्लसित होती है। उस दशा में संकोच का कलङ्क मिट जाता है और यह संवित शक्ति शुद्ध विकल्प स्वरूप होती है ओर पूर्ण अविकल्पकता के रूप को प्राप्त कर स्फुरित होती है। इसीलिये 'विकल्पमात्र में विश्रान्त नहीं रहना चाहिये', और भी इस जगह कहा गया है, ''पारमार्थिक विकल्पावस्था में भी विज्ञ साधक लीन न रहे। चाहे शुभ हो या अशुभ, विकल्प तो विकल्प ही है।'' इसमें नहीं रमना चाहिये और साधक को अभ्यास करते हुए निर्विकल्पात्मक भाव प्राप्त करना ही श्रेयस्कर है।।6।।

पारमार्थिक स्वात्मप्रत्यय रूप निर्विकल्पज्ञान की प्राप्ति हेतु ध्यान आदि अनन्त उपाय हैं, ये भेद भरे उपाय की एक संज्ञा 'आणव उपाय' है।

शाक्तोपाय से परमधाम–प्राप्ति के लक्ष्य की सिद्धि की स्थिति में 'क्रमदर्शन' के भीतर यह 'क्रमयोग' एक आणव उपाय किस प्रकार है?

इस विषय पर तन्त्रालोक के पाँचवें आह्निक में अभिनवगुप्त–पाद ने प्रकाश डाला है। **वहाँ उन्होंने 'सर्वस्य सर्वात्मकत्वात्' के सिद्धान्त का निरुपण किया है। इस निरुपण के भीतर ही उपरोक्त प्रश्न का उत्तर भी निहित है।** इन्द्रियों के विषय और प्राण आदि सबका एक मात्र आधार शरीर है। इन सब की संस्थिति इसी में है। यह देह प्रमाता है। शरीर की संस्थिति इन्द्रियों और इन्द्रियार्थों तथा प्राण आदि के पिण्ड रूप में है। त्रिशिरोभैरव का मत है कि,

''साक्षं सर्वमिदं देहं यद्यपि व्यापय संस्थितः।

तथाप्यस्य परं स्थानं हृत्पङकजसमुद्रकम्।।'' अर्थात् ''यद्यपि यह अनुत्तर तत्त्व, इन्द्रिय सहित समस्त शरीर को व्याप्त कर अवस्थित है फिर भी इसकी वास्तविक स्थिति हृदय–कमल से सुशोभित चिति रूपी समुद्र ही है''। परमत्तत्व

के साक्षात्कार के लिये सर्वोत्तम स्थान हृदय ही है। सर्वदेहव्यापकत्वेऽपि कथं हृदय एव साक्षात्कारो भवेत्?

इत्याशङ्कयाह, सोमसूर्याग्निसंघट्टं तत्र ध्यायेदनन्यधीः यतः 'तत्र' 'हृदये सावधानो योगी प्राणापानोदानात्मनां 'सोमसूर्याग्नीनां संघट्टं ध्यायेत्' कुम्भकवृत्त्योन्मीलनामनुसंदध्यात्– इत्यर्थः।। अर्थात्– 'हृदय में अवधान देने वाला योगी प्राण रूपी सूर्य, अपान रूपी सोम और उदान रूपी अग्नि इन तीनों के परस्पर संघट्ट का अनवरत अनुसन्धान करे। पूरक क्रम से कुम्भक की अवस्था में ही यह सब होना चाहिये। उक्त तीनों के संघट्टात्मक ध्यान को अरणी माना जाता है। यज्ञ में भी अरणी के मन्थन से अग्नि प्रकट होते हैं। इस अवस्था में प्रमाता, प्रमाण ओर प्रमेय के ऐकात्म्य से शक्तिमन्त भैरव प्रकाश उद्दीप्त हो उठता है, और साधक उसी भाव का अनुसन्धान करता है। (... मितप्रमात्रादिधामत्रयम् 'अभेदेन भावयेत्' प्रकाशैकात्म्य तस्माद्भूतमनुसंदध्यात्।) परिणामतः उसके अणुत्व का अपसरण हो जाता है। तन्त्रालोक में यहाँ आगे कहा गया है कि परप्रमातृभाव का विकास यहाँ स्वाभाविक है तो भी परिमित प्रमाता की भावना कैसे होती है, उसके उत्तर में यहाँ कहा है कि;

बहनचर्कसोमशक्तीनां तदेव त्रितयं भवेत्।।24।।

'तत्' प्रमात्रादि त्रितयं वह्नयादिशक्तीनामेन संबन्धि तद्रूपमेवेत्यर्थः।।24।।

न केवलमेतत् बह्नयादिशक्तिरूपमेव यावत् परादिरूपमपि–इत्याह परा परापरा चेयमपरा च सदोदिता। 'सदा सृष्टिस्थितिसंहाराख्यदशासु 'उदिता' इति प्रत्येकमभिसंबन्धः।।

अत आह

सृष्टिसंस्थितिसंहारैस्तासां प्रत्येकतस्त्रिधा।।25।।

अर्थात्, सूर्य, सोम और अग्नि शक्तियों का ही स्वरूप यह प्रमाण, प्रमेय और

प्रमाता का भी उल्लास है।।24।।

यह मात्र केवल सूर्य, सोम और अग्नि रूप ही नहीं अपितु परा, परापरा और अपरा रूप भी है। यही कह रहे हैं–यह शक्तियाँ शाश्वत रूप से सृष्टि, स्थिति और संहार दशाओं में परा, परापरा और अपरा रूपों में भी उदित है। यही इन तीन रूपों में भी अभिव्यक्त होती है।।25।। सृष्टि, स्थित और संहार रूप अवच्छेदों के अतिरिक्त इनका चौथा अकल्पित रूप होता है। (चतुर्थं चानवच्छिन्नं रुपमासामकल्पितम्।) 'अनवच्छिन्नं' सृष्टाद्यवच्छेदशून्यम्, अत एव 'अकल्पितं तात्विकमित्यर्थः। अर्थात् 'अनवच्छिन्न' अर्थात् सृष्टि आदि के अवच्छेद से शून्य अतएव 'अकल्पित' तात्त्विक रूप वाली।) इस प्रकार सूर्य बिम्ब की तरह ये शक्तियाँ बारह रूपों में भी स्थित है। वही एक एक सूर्य, सोम और अग्नि रूपों में तथा उनके शान्त रूपों में भी भासित हैं। हृदय से निकल कर इन्द्रियों के वातायन से छिटकने वाला आत्मा का प्रकाश एक ऐसा चक्र है जो इन्द्रियार्थों को भी आत्मसात् करता है। इसे आनुत्तर चक्र कहते हैं। यह आनुत्तर चक्र इन्द्रियार्थों में भी अवस्थित है, यह कह रह हैं–

तच्चक्रभाभिस्तत्रार्थे सृष्टिस्थितिलयक्रमात्।।28।।

सोमसूर्याग्निभासात्म रूपं समवतिष्ठते।

'तस्य' समनन्तरोक्तस्य दृगादिदेवीद्वादशकात्मनः 'चक्रस्य' तत्तद्वृत्तिरुपाभिः 'भाभिः, तत्रार्थे' तत्र तत्र विषये सृष्टिस्थितिसंहारख्यरूपतामवलम्ब्य सोमाद्यात्ममेयमातृस्फारलक्षणं 'रूपं' सम्यक् स्वस्वरूपाविभेदेन 'अवतिष्ठते' किंचित्संकुचत्तया बहिर्मुखत्वेन प्रस्फुरतीत्यर्थः। प्रमाता हि प्रथममवभास्यमानतया अर्थं सृजति, तदनु तत्रैव प्रशान्तनिमेषं कंचित्कालमनुरज्यन् परिस्थापयति, पश्चात् 'ज्ञातोऽयं मयार्थः' इति संतोषाभिमानात् स्वात्मनि विमृशन्नुपसंहरति, अनन्तरं हठपाकक्रमेण अलंग्रासयुक्त्या पूर्णत्वापादनेन

चिदग्निसाद्भावमापादयति– इति अर्थोऽपि दृगादिदेवीवच्चातूरूप्यमश्नुवानः सर्वस्य सर्वात्मकत्वात् तत्तादात्म्यमेवोपलभते इति।।28।। –जयरथ टीकायां।

अर्थात्– इस द्वादशात्मक चक्र की किरणें सामान्यतया सभी विषयों पर पड़ती है। वहाँ भी ये सृष्टि, स्थिति और संहारभावों का आश्रय लेती हैं। सोम, सूर्य और अग्नि क्रम से मेय, मान ओर माता रूप में भी प्रस्फुरित होती है। यह संकुचित होकर बहिर्मुख प्रस्फुरण स्पष्टतया भासित है। जैसे– प्रमाता ही पहले अर्थ का सृजन करता है, उसमें अनुरक्त होता हुआ विश्रान्ति रूप स्थिति को प्राप्त करता है, उसके पश्चात् 'यह विषय मुझे ज्ञात हो गया है' –इस संतोष का विमर्श करता हुआ उसका उपसंहार कर देता है। उसके बाद हठपाक के क्रम से (जो क्रमदर्शन में एक यौगिक क्रिया ही है) अलंग्रास युक्ति द्वारा पूर्णता प्राप्त कर चिदग्नि प्रकाश को आत्मसात् करता है। **इस क्रम में यह स्पष्ट हो जाता है कि इन्द्रियों के विषय भी सभी दशाओं में व्यक्त है। और तादात्म्य को प्राप्त करते है।। यही सर्व सवात्मकता है।।28।।**

अर्थात्– शब्द आदि विषयों पर श्रोत्र आदि व्योम मार्ग से यह किरणचक्र पड़ता है, वहाँ वहाँ परिणामस्वरूप स्वात्म तादात्म्य का ही परिभावन होता है। क्योंकि वहाँ वहाँ यह किरणचक्र तद्रूपात्मक विमर्श करता है जिससे स्वात्मध्यान सिद्ध होता है।।29।।

आगे तन्त्रालोक में इसके प्रभाव के विषय में कहा है कि;

एवं शब्दादिविषये श्रोत्रादिव्योमवर्त्मना।।29।।

चक्रेणानेन पतता तादात्म्यं परिभावयेत्।।

नियत वृत्तिवेदनीय शब्द आदि विषयों पर सारा श्रोत्रादिचक्र पड़ता है– इसको स्पष्ट करते हुए तन्त्रालोक में आगे कहा है कि;

अनेन क्रमयोगेन यत्र यत्र पतत्यदः।।30।।

चक्रं सर्वात्मकं तत्तत्सार्वभौममहीशवत्।

तत्तदेतत् 'चक्रं'

'समुदायवृत्ताः शब्दा अवयवेष्वपि वर्तन्ते।'

इति नीत्या श्रोत्रादिलक्षणमेकैकं चक्रावयवं 'यत्र यत्र' शब्दादौ विषये 'पतति' अर्थात् तत्र तत्र 'अनेन' समनन्तरोक्तेन सृष्टयादिक्रमसम्बन्धेन सर्वस्य सर्वात्मकत्वात् चक्रात्मकम् अशेषवृत्त्यन्तरागूरणेन स्वस्वविषयौपभोगं करोतीत्यर्थः। अत्रैव दृष्टान्तः 'सार्वभौममहीशवत्' इति। यथा सार्वभौमो राजा यत्र कुत्रचन परराष्ट्रे निपतति तत्रास्य राजान्तराणि साहायकार्थमवश्यमनुपतन्ति; एवमेकैकापि चिद्‌वृत्तिर्यत्र क्वाप्यर्थे प्रसरति तत्रैव वृत्त्यन्तराण्यपि अनुधावन्तीति। यदुक्तम्

'एकैकापि च चिद्वृत्तिर्यत्र प्रसरति क्षणात्।

सर्वास्तत्रैव धावन्ति ताः पुर्यष्टकदेवताः।।' इति।।30।।

अर्थात्– इस क्रमयोग द्वारा उक्त आनुत्तरचक्र जहा जहाँ पड़ता है वहाँ सर्वात्मक भाव से पड़ता है। जैसे सार्वभौम सम्राट का प्रभाव।।30।।

आगे जयरथ टीका में कहा गया है कि; 'ये शब्द समुदाय भावमय हैं, अवयवों में भी वे हैं।' इस नीति के अनुसार श्रोत्र आदि एक एक चक्र अवयव जहाँ जहाँ शब्द आदि विषयों पर पड़ता है वहाँ वहाँ अनेन=इस क्रमयोग से (अर्थात् सृष्टि आदि क्रमसम्बन्ध से) सर्व सर्वात्मक भाव से पड़ता है उस समय एक चित्तवृत्ति का अनुधावन सारी वृत्तियाँ करती हैं और अपने अपने विषय का उपभोग करती हैं। यहाँ दृष्टान्त देते हैं,

जैसे– 'सार्वभौम' सम्राट के साथ सहायक राजन्य वर्ग।

जैसे सार्वभौव राजा राष्ट्र में जहाँ भी पहुँचता है; वहाँ का राजन्य वर्ग उसकी सहायतार्थ अवश्य ही वहाँ पहुँचता है; इसी प्रकार एक चिद्‌वृत्ति और चित्तवृत्ति

भी कहीं प्रसरणशील होती है – वहाँ सारी वृत्तियाँ भी उसका अनुधावन करती हैं। कहा गया है कि; ''एक एक करके भी यदि कोई चित्तवृत्ति क्षण भर के लिये भी कहीं प्रसरणशील होती है– वहाँ वहाँ सारी इन्द्रियाँ भी उसका अनुधावन करती हैं।'' ।।30।।, इससे भी सर्व (सबकी) सर्वात्मकता सिद्ध हो जाती है। इस सर्व सर्वात्मक उपदेश की फलश्रुति यह है कि–

इत्थं विश्वाध्वपटलमयत्नेनैव लीयते।।31।।

भैरवीयमहाचक्रे संवित्तिपरिवारिते।

'इत्थम्' उक्तेन प्रकारेण ध्यायतश्चक्षुरादिसंवित्तिदेवीचक्रपरिवार्यमाणे 'भैरवीये' परप्रमात्रात्मनि चक्रेश्वरे 'विश्वं' षड्विधम् 'अध्वपटलम् अयत्नेनैव लीयते' तत्साद्भवतीत्यर्थः। एकैकशो हि भावानामानन्त्यात् युगसहस्रैरपि संविदि विलयनं न सिद्धयेत्, – इति सर्वस्य सर्वात्मकत्वात् एकस्मिन्नेव भावे संविदि लीने विश्वमेवाक्रमेण सुखोपायं लीनं स्यात् – इत्ययत्नशब्दार्थः।।31।।

अर्थात् – इस प्रकार ध्यान करने पर संवित्ति देवियों से घिरे भैरवीय महाचक्र में यह सारा अध्वमंडल अनायास ही लीन हो जाता है।।31।। भावनायें अनन्त हैं हजारों युगों तक प्रयत्न करने पर भी एक एक का संविद में विलयन असम्भव है। इस सर्व सर्वात्मक सिद्धान्त के अनुसार एक ही संविद रूपी भाव में विलीनोकरण की यह प्रक्रिया सुखपूर्वक सम्पन्न हो जाती है।।31।। अन्ततः इससे यदि यह विश्व, संस्कार रूप से भी हृदय में अवस्थित हो, तो उसका क्षय हो जाता है। स्वात्म–सत्ता उच्छलित हो जाती है। आत्मा के इस उल्लास में यह तेजी से घूम रहा चक्षुरादीन्द्रियसंवित्तिरूप द्वादशात्मक चक्र भी विश्वात्मकता में समाहित हो जाता है। **अतः अभिनवगुप्त पाद के तन्त्रालोक में पाँचवें आह्निक में आये हुए 'क्रमयोग' से सर्व सर्वात्मक सिद्धान्त सिद्ध होता है।**

कुल मिलाकर योगवासिष्ठ में बतलाये गये 'क्रमयोग' जो– क्रम से प्राप्त होने वाली सप्त योगभूमिकायें हैं और अभिनवगुप्त कृत तन्त्रालोक के पाँचवें आह्निक में आये 'क्रमयोग' जो सर्व सर्वात्मक सिद्धान्त का सहाय है, में मूलभूत साम्यता है। दोनों ही उद्धरणों में (योगवासिष्ठ और तन्त्रालोक में) 'क्रमदर्शन' के भीतर प्राप्त 'क्रमयोग' से, साधक को प्राप्त चरमावस्था में साम्य है। भले ही दोनों जगह थोड़ा बहुत अन्तर पूरी प्रक्रिया में देखने को मिलता है। **योगवासिष्ठ में साधक की समस्त इच्छाओं को विषयों के विस्मरण रूप शस्त्र से छेदन कर, साधक के मन का शांत होना अथवा तन्त्रालोक में इन्द्रिय अर्थ रूपी विषयों के समुदाय अर्थात् इन्द्रियार्थ समुदाय के स्वात्मचिदग्निसात् हो जाने पर संवित् चक्र (=द्वादशात्मक चक्र) के प्रशम अवस्था में (अर्थात् संस्कारक्षीण हो जाते हैं। और शान्ति का अनुभव होता है) ध्यान करने पर शुद्ध संवित् चक्र के ही परामर्श का शेष रहना, दोनों स्थानों पर साधक की परमावस्था का लगभग एक सा ही निरुपण सामने आता है।** यहाँ यह भी याद कर लेना कतई अप्रासंगिक न होगा की अभिनवगुप्त तन्त्रालोक में शाक्तोपाय के सन्दर्भ में जब निषेधविधितुल्यता की बात करते हैं, वहाँ जिस कुल से प्रतिपक्ष में त्रिक को प्रस्तुत करते हैं उस कुल से तो क्रम को श्रेष्ठ ही सिद्ध किया गया है, पर बाद में जिस कुल को वह सबका साररूप सिद्ध करते हैं, वह पूरी तन्त्र–प्रक्रिया में उत्कृष्ट है। अभिनवगुप्त–पाद द्वारा स्वरचित 'क्रमस्तोत्र' जो 'क्रमदर्शन' में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है, के अन्त में, (इस क्रमस्तोत्र में कुल 30 श्लोक हैं), श्लोक संख्या 28 में भी अभिनवगुप्त पाद ने पुनः शिव की परमसत्ता को ही सर्वोपरि रखकर उनको ही अपना इष्ट कहा है। यहाँ वो 'क्रमस्तोत्र' के इस (श्लोक 28) में कहते हैं कि;

अनर्गलस्वात्ममये महेशे तिष्ठन्ति यस्मिन् विभ्शक्तयस्ताः।
तं शक्तिमन्तँ प्रणमामि देवं मन्थानसंज्ञं जगदेकसारम्।।28।।

अर्थात् – मेरा स्वात्म स्वरूप शिव ही परम महेश्वर है। इसमें ही सारी विभुतामयी शक्तियाँ समाहित रहती हैं। इस विश्व के एकमात्र सार रहस्य रूप परम शक्तिमन्त मन्थान संज्ञक देवाधिदेव को मैं प्रणाम करता हूँ।।28।।

अतः अभिनवगुप्त पाद के तन्त्रालोक में और उनके क्रमस्तोत्र में भी अन्ततः परमपद में शक्ति के ऊपर शिव का ही अधिष्ठान है। अभिनवगुप्त–पाद के लिए शिव सर्वोपरि हैं और यही उनके ग्रन्थों में अन्यान्य विषयों के निरुपण में साफ़ दिखता है। अतः तन्त्रालोक में भी हम देखते हैं कि 'क्रमयोग' के उनके निरुपण के पशत् भी, अन्तिम परमावस्था जिस पर साधक पहुँचता है वह शक्तिमन्त भैरव प्रकाश ही है, यहाँ भी साधक उसी प्रकाशैकात्म्य भाव का ही अनुसन्धान करता है। तभी शक्ति या शिवशक्ति सामरस्य के स्थान पर, जो शाक्त तन्त्रों में, और शाक्तोपाय में परमपद है, अभिनवगुप्त–पाद के यहाँ उसी परमपद पर भैरव अधिष्ठित हैं जिसके फलस्वरूप उनके विवरणों में इस तथ्य के अनुसार ही परमपद एक्य का प्रतिपादन देखने को मिलता है।

क्रम दर्शन – क्रम, महार्थ, अनाख्या चक्र, शक्तितंत्र का निरुपण

(इस आलेख के लिए हमने आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी की पुस्तक 'काश्मीर की शैव संस्कृति में कुल और क्रम–मत', डी.के. प्रिन्टवर्ल्ड, द्वारा वर्ष 2011 में प्रकाशित, से सहायता ली है।)

अनाख्या–चक्र शक्तिचक्र–विकास या क्रम–चतुष्टयार्थ के अन्तर्गत आता है तथापि यह एक आत्मनिर्भर प्रत्यय है, जिस पर पूर्व के तीनों चक्र आश्रित हैं। यह अनाख्या ही सृष्टि के सन्दर्भ में व्यापिनी, स्थिति के सन्दर्भ में समना और संहार के सन्दर्भ में उन्मना कहलाती है। जैसा कि श्रीमहानयप्रकाश (शितिकण्ठ विरचित), पृ. 42 में कहा गया है कि;

'व्यापिनी सृष्टिकार्यस्था समना संस्थिता स्थितौ।

सहारे चोन्मना ज्ञेया शक्तिराद्या तु सर्वगा।।'

चतुष्ट्यार्थ के सन्दर्भ में अनाख्या और भासा को एक ही माना गया है। वस्तुतः अनाख्या–चक्र को संविच्चक्र कहने का अर्थ ही है, संवित या ज्ञान की प्रधानता। अतः प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय में प्रत्येक से सृष्टि आदि क्रम–चतुष्ट्य को जोड़ने पर बारह देवियाँ प्राप्त होती हैं। श्रीमहानयप्रकाश (त्रि.) 9/16 में कहा गया है कि;

स्वस्वरूपानुगुण्येन प्रत्येक कलनावशात्।

सृष्टिस्थिव्यादिभिर्भेदैश्चतुर्धा अपि ताः स्थिताः।।16।। अर्थात् चूँकि ये सारी देवियाँ विचार की आन्तरिक क्रिया हैं, साधक में निर्विकल्प चित् या शुद्ध बोध का उदय इन्हीं की शक्ति से सम्भव होता है। क्रमकेलि के अनुसार अनाख्या–चक्र की बारह कलाएँ हमें दूसरी तरह से भी प्राप्त होती हैं। सृष्टि, स्थिति, संहार में से प्रत्येक कृत्य की सृष्टि, स्थिति आदि भेद से चार–चार स्थितियाँ होती हैं। चक्ररुपता विद्यते।'' इति श्रीक्रमकेलिक्लृप्त्या सृष्टिसृष्टिः, सृष्टिस्थितिः, सृष्टिसंहारः, सृष्टितुरीयम्; स्थितिसृष्टिः, स्थितिस्थितिः, स्थितिसंहारः, स्थितितुरीयम्; संहारसृष्टिः; संहारस्थितिः, सँहारसँहारः, संहारतुरीयम्; इति द्वादशानामिन्द्रिय स्फुरत्तानाम्।

श्रीमहानयप्रकाशः (अर्णसिह कृत) पृ. 66, 67 में सृष्टिक्रम के विषय में निरुपित करते हुए कहा गया है कि;

उद्योगः प्रथमा योनिर्द्वितीयाभास उच्यते।

चर्वणं शँखयोन्याख्या तृतीयावर्तरूपिणी।।

चतुर्थी पद्मयोनिस्तु कालग्रासविकस्वरा।

विश्रान्तिः कथिता देवी दिव्ययोनिस्वरूपिणी।। (178–179)

क्षेमराज ने 'प्रत्यभिज्ञा–हृदय' में क्रम–मुद्रा का उल्लेख इस प्रकार किया है; 'क्रममुद्राया अन्तःस्वरूपया बहिर्मुखः समाविष्टो भवति साधकः। तत्रादौ बाह्याद् अन्तःप्रवेशः आभ्यन्तरात् बाह्यस्वरूपे प्रवेशः आवेशवशात् जायते–इति सबाह्याभ्यन्तरोऽयँ मुद्राक्रमः' इति। अत्रायमर्थः–'सृष्टि–स्थिति सँहृति–संविच्चक्रात्मकं क्रमं मुद्रयति'।। (प्रत्यभिज्ञा–हृदय), पृ. 91

सामान्यतयः 'क्रमदर्शन' संज्ञा तान्त्रिक ग्रन्थों में कम ही देखने को मिलती है। इन ग्रन्थों में अपने सम्प्रदाय और दर्शन के लिए 'क्रमनय', 'अतिनय', 'महार्थ', 'महार्थक्रम', 'महाक्रम', 'कालीकुल', 'कालीकुलक्रम', 'कालीक्रम', 'कालीनय', अथवा 'देवीनय', इत्यादि संज्ञाओं से सम्बोधन प्रायः मिलते हैं। आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी ने अपनी पुस्तक, (The Krama Tantriciism of Kashmir), Vol.-1, Pp. 16–30 में श्लोक उद्धरणों सहित इन विभिन्न नामों का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया है, जो बहुत उपयोगी है। उदाहरणार्थ, **चिद्गगनचन्द्रिका** ग्रन्थ के प्रथम विमर्श के 22 वें श्लोक में आया है कि;

दर्शितक्रमविभागसंभ्रमं कालमद्यतनमत्तुमीहसे।।22।। यहाँ 'क्रम' को वस्तुतः 'काल' के अर्थ में परिभाषित किया गया है, और 'क्रम' को 'कालक्रम' और 'काल' दोनों ही शब्दों से सम्बोधित किया है।

उपरोक्त श्लोकार्धली की श्री कर्रा अग्निहोत्र शास्त्री जी कृत 'दिव्यचकोरिका' नामक टीका में उन्होंने कहा है–''दर्शितक्रमविभागसम्भ्रमं–दर्शितः प्रकाशितः यः क्रमविभागः विद्याविद्यासृष्टिसंहारक्रमविभागः तस्य सम्भ्रमश्च यस्मिन्विद्यासृष्टि–संहारसंधिकाले, अविद्यासंहारसृष्टिकालेव तं दर्शितक्रमविभागसम्भ्रमं।''

इसी ग्रन्थ (चिद्गगनचन्द्रिका) के तुर्यविमर्शः नामक चतुर्थ विमर्श में श्लोक ।।296।। में 'क्रम' को 'देवताक्रम' से नियोजित कर परिभाषित

किया गया है, वहाँ कहा गया है कि;

खण्डितेतरसमस्तगर्भगो यस्त्रिपंचविसराश्रयो क्रमः।

देवताक्रम उदेत्यनारतं तस्य हि त्वमसि देवजन्मभूः।। (4.296)

अर्थात्– सृष्टि, स्थिति, संहार इत्यादि के प्रसर और संवित्चक्र के क्रमिक विकास उनके देवत्व में निहित है। प्रत्येक प्रसर, एक देवता के क्रम से अर्थात् 'देवताक्रम' से द्योतित है। काश्मीर का शैव (प्रत्यभिज्ञा) दर्शन त्रिक दर्शन कहलाता है। त्रिक शब्द की अनेक व्याख्याएं मिलती हैं, किन्तु इसमें 'कुल', 'क्रम' और प्रत्यभिज्ञा इन तीनों अद्वैतवादी दर्शनों के तत्त्वों की समष्टि होने से इसको यह नाम दिया गया है। 'क्रमदर्शन' को 'कालीनय' भी कहते हैं, इसमें शाक्त उपाय का आवलंबन साधक करता है। आचार्य श्रीशितिकण्ठ विरचित 'श्रीममहानयप्रकाशः' क्रम दर्शन का एक अति महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें प्रथम और तृतीय उदय में 'महार्थ' के अर्थ का विश्लेषण किया गया है। तान्त्रिक दर्शन में समस्त अनुभव पर्यन्त 'शब्द' और 'अर्थ' ('वाचक' और 'वाच्य') रूप (वाचक–वाच्य–भाव) रूप में परिणित होते हैं। यह 'वाच्य' और 'अर्थ' पर्यायवाची हैं, और 'महार्थ' ही परम तत्त्व है। जैसा कि कहा गया है;

वाच्यवाचकसंबंधाल्लक्ष्यलक्षकयोः व्यङग्यव्यंजकभावाच्च महार्थः प्रस्फुरेच्छिवः।

'क्रम' से ही समस्त अध्वा प्रस्फुटित और दर्शनीय होती है। जैसा कि श्रीमहानयप्रकाशः (श्रीशितिकण्ठ विरचित) में कहा गया है;

संख्यातवर्णपदकमन्त्राध्वानमवस्यता।

मया तद्वाच्यसर्वस्वं वक्ष्यतेऽत्र विचिन्त्यताम्।।5।। (पृ. 2, KSTS, 1918, Edition)

आगे इसी ग्रन्थ में आचार्य श्रीशितिकण्ठ स्वयं प्रश्न करते हैं कि; 'ननु को नाम महार्थस्य महानर्थोऽभिधेयः?' ... कोऽन्यो निरूपाधेरखण्डावभासस्वभावात् चित्स्वरूपान्महार्थशब्दस्य पात्रम्। (पृ. 20), प्रथम उदय

अर्थात् 'महार्थ' शब्द से किस महान अर्थ का द्योतन होता है? और आगे वे स्वयं ही इसका उत्तर देते हैं कि परम अद्वय तत्त्व और संवित् का ऐक्य ही 'महार्थ' का अर्थ है, और यदि विश्लेषणात्मक स्तर पर देखें तो, 'महार्थ' को पाँच अर्थों में पारिभाषित किया जा सकता है, आचार्य श्रीशितिकण्ठ जी यहाँ कहते हैं कि;

'एवमखण्डस्य वस्तुनस्तदंशानां च ये उपायाः, तदुपायसिद्धिहेतवो वापि उपायान्तराणि–इति स्वतः पारम्पर्येण वा वाचकतया महार्थसंज्ञायाः पञ्चधैव विषयाः सन्ति इति सिद्धम्'। (पृ. 24, प्रथम उदय, 'श्रीमहानयप्रकाशः') अर्थात् यह पांच अर्थ हैं– (i) अखण्ड और अंशहीन पराशक्ति, (ii) उस पराशक्ति के वस्तुरूप, (iii) उस पराशक्ति को सिद्ध करने हेतु उपाय, (iv) अथवा वस्तुरूप को प्राप्त करने हेतु उपाय एवं (v) गौण उपाय जो उपरोक्त विशेष उपाय की प्राप्ति में हेतु बनें। यह पाँच 'महार्थ' के अर्थ कहलाते हैं। वस्तुतः केवल परमद्वय पराशक्ति ही 'महार्थ' कही जाती है, अन्य सभी उसके गौण रूप मात्र ही हैं। जैसा कि इसी ग्रन्थ में कहा गया है;

'महार्थवाङमुख्यगत्या स्वस्वरूपाभिधायिका।
पारम्पर्येण तत्प्राप्तेरन्यत्रैतन्निबन्धनम्।। (पृ. 21, प्रथम उदय)

अर्थात्– परम्परा से प्राप्त स्वस्वरूप की अभिधायिका ही अर्थात् स्वस्वरूप और पराशक्ति का ऐक्य ही 'महार्थ' है। आगे श्रीमहानयप्रकाश (आचार्य श्रीशितिकण्ठ विरचित) में पुनः यह प्रश्न आचार्य करते हैं कि, 'महार्थ' क्या है? क्या वह चक्रचक्रेश्वरी अर्थात् चक्र और चक्रदेवता का ध्यान मात्र ह? और पुनः वह 'महार्थ' की एक अनुभव परक परिभाषा यहाँ परिभाषित करते हुए कहते हैं कि;

अथ कोऽयं महार्थो नाम, किं चक्रचक्रेश्वरीसंनिवेशविशेषस्मरणमात्रम?

नैतत्–महान् चिद्द्वयदशावेशो 'महार्थ' इति ब्रूमः। (पृ. 36, तृतीय उदय)

अर्थात् 'महार्थ' 'चित् की अद्वय दशा का महान आवेश कहा जाता है'। अतः 'महार्थ' का अर्थ एक ऐसी दशा में चित् का समावेश है जिसमें सभी आभास 'परम अद्वय' के रूप में भासित होते हैं, यह स्वयं का पराशक्ति से अद्वय अथवा ऐक्य है। यही 'क्रमदर्शन' का मूल प्रतिपाद्य विषय है, अर्थात् 'महार्थ' है। यहाँ इस गन्थ (श्रीमहानयप्रकाश, शितिकण्ठ विरचित), में कहा गया है कि;

'इति–सर्वप्रकारमास्थितस्य अद्वैतस्य सर्वास्ववस्थासु

चिदद्वयाविप्रमोषो नाम महार्थशब्दव्यपदेश्योऽस्तु।।1।। (श्रीमहानयप्रकाश, श्रीशितिकण्ठ विरचित, तृतीय उदय, पृ. 37) **यही 'परम अद्वय' स्थिति 'अनाख्या' के नाम से जानी जाती है ओर यह स्थिति एक सामरस्य से पूर्ण और भेद का विगलन करने वाली, सृष्टि इत्यादि क्रममयी है और यही 'महार्थ' है। यहाँ आचार्य श्रीशितिकण्ठ जी कहते हैं कि;**

एक एव अखण्डचिदाभासरूपोऽनाख्य क्रममयो भेदविगलनेन सामरस्यमयो महार्थः। (पृ. 120, दशम उदय, ।।7।।) इस कोटि म सिद्वयोगेश्वरीमत, सर्ववीरतन्त्र, जयद्रथयामल आदि तन्त्र रखे गए हैं।

मध्य धारा के लिए **'शक्तितन्त्र'** नामक एक अन्य कोटि की कल्पना की गई है। शिव व शक्ति के यामल भाव की प्रधानता है, वहीं शक्ति तन्त्रों में शक्ति की। शक्ति तन्त्रों को पुनः त्रिक तन्त्र तथा काली तन्त्र के रूप मे बाँट सकते हैं। त्रिक तन्त्र परा, अपरा व परापरा विद्याओं के तन्त्र हैं तथा काली तन्त्र काली विशेषतः 'कौल–मत' का अपबृंहण होता है। मन्त्रपीठ में शिव भाव की प्रधानता है तथा विद्यापीठ में शक्ति भाव की। जयद्रथयामल तन्त्र के अनुसार विद्यापीठ के अन्तर्गत तीन धाराओं– दक्ष, वाम तथा मध्य – के तन्त्र आते हैं।

सौन्दर्यलहरी की लक्ष्मीधरी टीका में श्लोक।।31।। की टीका में कहा गया है कि, ''...शुभागमतन्त्रपञ्चके वैदिकमार्गेण अनुष्ठानकलापो निरुपितः। अयं शुभागमपञ्चकनिरूपितो मार्गः वसिष्ठसनकशुकसनन्दनसनत्कुमारैः पञ्चभिः मुनिभिः प्रदर्शितः। अयमव समयाचार इति व्यवह्रियते। ... कौलैः मृग्यते अवलम्ब्यत इति कौलमार्गः कौलमतम्।'' ... इत्यादि । आगे श्लोक ।।32।। की लक्ष्मीधरो टीका में कहा गया है, ... ''अतः कौलमते चन्द्रकलात्मिकानाँ षोडशानाँ नित्यानाँ प्रतिदिनं एकस्या एवानुष्ठानम्। और ... श्लोक 32 की टीका में कहा गया है कि ''कौलाः आधारचक्रपूजारताः''।

श्लोक ।।34।। एवम् ।।35।। सौन्दर्यलहरी की लक्ष्मीधरी टीका में कौलमत का द्विविध विभाजन क्रमशः करते हुए कहा गया है कि, ''...कौलमतं द्विविधं, पूर्वकौलं उत्तरकौलं चेति। एवम्, ''...अतो नवविधैक्ये भैरवीभैरवयोः ज्ञातव्यमिति कोलमतरहस्यम्। अत एव कौलाः परमेश्वरं नवात्मेति व्यवहरन्ति।'' एवम् श्लोक ।।35।। की टीका में कहा गया है कि, ''...उत्तरकौलमते, प्रधानमेव जगत्कर्तृ। प्रधानत्वादेव शेषभावो नास्ति, शिवस्याभावात्। तस्य परिणतिः पञ्चतत्वात्मिका मनस्तत्त्वादिरूपेण प्रधानात्मिका शक्तिः परिणता। ... ''।

तान्त्रिक सम्प्रदाय – कौल, मिश्र, वैदिक

तान्त्रिक सम्प्रदाय से प्रधानतया शाक्त सम्प्रदाय का ही बोध होता है। काल–क्रम से तान्त्रिक सम्प्रदाय के साधन, सिद्धान्त गत कुछ वैशिश्ट्य अन्य सम्प्रदायों में भी लक्षित होने लगे और फलस्वरूप पञ्चरात्र तथा सात्वत, सौर, गणेश इत्यादि सम्प्रदाय भी तान्त्रिक नाम से परिचित हुए। आचार्य लक्ष्मीधर ने सनत्कुमारसंहिता से वचन उद्धृत कर यह दिखाया था कि विभिन्न तान्त्रिक सम्प्रदायों में से एकमात्र समयचारनिष्ठ शुभागमतत्त्ववेदी ब्रह्मवादी गण ही वैदिक थे। वे लोग भगवती की आभ्यन्तरिक पूजा करते थे, जैसा कि इस प्रसग में

पाँच शुभागमों के नाम भी प्रसिद्ध हैं। सनत्कुमारसंहिता में इस प्रसङ्ग में निम्नोक्त सम्प्रदायों के नाम उल्लिखित हुए हैं– (1) कौल, लक्ष्मीधर के अनुसार ये लोग आधार चक्र में पूजन करते हैं। (2) क्षपणक, (3) कापालिक, ये लोग प्रत्यक्ष त्रिकोण तथा आधार चक्र– दोनों का पूजन करते हैं, (4) दिगम्बर, (5) इतिहासिक, (6) वामक। लक्ष्मीधर के अनुसार ये सभी चक्रपूजक है और बाह्य पूजा से अनुरक्त अवैदिक साधक है। लक्ष्मीधर कहते हैं कि समयमार्ग वैदिक मत है जैसा कि (सौन्दर्यलहरी की टीका, श्लोक 31) में उन्होंने कहा है। इसका प्रतिपादन 'शुभागमपञ्चक' (वसिष्ठ–सँहिता, सनकसँहिता, शुकसँहिता, सनन्दनसँहिता और सनत्कुमारसँहिता–ये पाँच सँहिताएँ) में है। इन पर अवलम्बित जो आचार है वह समयाचार कहलाता है। जिन चतुषष्टि (64) तन्त्रों का उल्लेख सौन्दर्यलहरी में है, वे इनसे भिन्न हैं। मूल सिद्धान्त यह है कि चतुषष्टि (64) तन्त्र कौलमार्गीय तथा अवैदिक हैं। मुख्यतयः तीन मार्ग उपासना के प्रचलति हैं– कौल, मिश्र तथा वैदिक, इन तीनों मार्गों में श्रीविद्या की उपासना प्रचलित है। परन्तु उनमें भेद है। समयमत में षोडश नित्याएँ मूल विद्या के अन्तर्गत रूप में अर्थात् अङगरूप में मानी जाती हैं। वैदिक मत में षोडश नित्याएँ श्रीचक्र में अंग रूप में अन्तर्भूत हैं। समयी की दृष्टि से आन्तर पूजा ही सर्वविध फल देनेवाली है।

कौलमत पूर्व तथा उत्तर भेद से दो प्रकार का है। पूर्व कौल मत के मतानुसार भगवती परा संवित् 'आनन्दभैरवी' हैं, जो भगवान् या शिव अर्थात 'आनन्दभैरव' की शरीररूपा हैं। सूर्य और चन्द्र उसके दो स्तन हैं और आत्मा 'नवात्मक शम्भु' है। शम्भु यहाँ आनन्दभैरव हैं, जिनके स्वरूप में नवव्यूह एकीभूत होकर विद्यमान है। भैरव और भैरवी में शेष–शेषिभाव है। यह समरस परानन्द है। इन नवव्यूहात्मक शक्तियों के कारण भगवती को नवात्मक कहते

हैं। ये नौ व्यूह भोक्ता, भोग और भोग्य रूप से तीन प्रकार के हें। भोक्ता है आत्मव्यूह, भोग ज्ञानव्यूह है एवं भोग्य कालव्यूहादि–समुदाय है। नाद और कला एक होने से परमेश्वर के नवव्यूह रूप है इसिलए भैरव और भैरवी के मध्य नौ प्रकार का ऐक्य माना गया है। **इसलिए कौलमत में परमेश्वर नवात्मक है।**

उत्तर कौल कहते हैं कि 'प्रधान' ही जगत् का कर्ता है। प्रधान होने के कारण उस का शेषभाव नहीं होता, क्योंकि इस दृष्टि में शिव नहीं है, वे पचतत्त्व के रूप में परिणत होकर रहते हैं। मनस्तत्त्वादि के रूप में प्रधानात्मिका शक्ति का ही परिणाम होता है। शक्ति जब कार्यरूप समस्त प्रपंच को अपने में समेट कर कारण रूप में अवस्थित होती है तब वह 'आधार कुण्डलिनी' कही जाती है। यही पूर्व कौल मत से उत्तर कौल मत की विलक्षणता है, जो यहाँ अति संक्षेप में कही गई है। कौल–धारा में अवान्तर विभाग भी हैं। तान्त्रिक साधना में सभी साधक कौलधर्मी नहीं है। **'कुलप्रदीप'** नामक ग्रन्थ में लिखा है कि जिन ग्रन्थों में भगवान् सदाशिव ने 'कुलमार्ग' का वर्णन किया है वे सभी ग्रन्थ कलियुग में प्रायः दुर्लभ हैं।

आचार्य अभिनवगुप्तपाद तन्त्रप्रक्रिया और कुलप्रक्रिया दोनों में सिद्ध थे। उनके दोनों प्रक्रियाओं के गुरु भी पृथक्–पृथक् थे। तन्त्रालोक में उन्होंने दोनों गुरुओं को पृथक्–पृथक् नमस्कार किया है। उनके कुलगुरु श्रीशम्भुनाथ जी थे। इन शम्भुनाथ जी के गुरु थे सोम या सोमदेव जी। ये कुलमार्ग या अतिमार्ग के गुरु थे। यह मार्ग त्रयम्बकधारा के नाम से प्रसिद्ध है। सोमदेव के गुरु का नाम सुमति था। तन्त्रालोक की जयरथ कृत टीका में प्रथम आह्निक के श्लोक (213) में इसका विवरण दिया हुआ है। शम्भुनाथ जी ने जालन्धर पीठ से ख्याति प्राप्त की थी। किसी–किसी स्थान में उन्हें सुमति का शिष्य भी कहा गया है।

‘कुलमार्ग’ या ‘अतिमार्ग’ ‘अतिनय’ के नाम से भी प्रसिद्ध है। यही ‘कालीनय’ है। अर्धत्र्यम्बक मठ से इसका सम्बन्ध उद्‌गम–निरुपण का है। कुलमार्ग का आदि स्थान है कामरूप महापीठ। मत्स्येन्द्रनाथ इसके प्रवर्तक थे। इस विद्या का अवतरण–क्रम यों है–पहले भैरव, तदनन्तर भैरवी, भैरवी से सिद्धमीन अथवा मच्छन्दर अर्थात् मत्स्येन्द्रनाथ। यह मठ चतुर्थ है इसीलिए मत्स्येन्द्रनाथ को तुरीयनाथ भी कहा जाता है। कौलाचार्य मत्स्येन्द्रनाथ के शिष्य गोरक्षनाथ थे। कौल–साधना का क्रम इस प्रकार है– पहले शक्ताभिषेक, तदनन्तर पूर्णाभिषेक, तदुपरान्त क्रमदीक्षाभिषेक इत्यादि। तान्त्रिक और कुलमत में परस्पर भेद है, और दोनों से त्रिक का भेद है। तन्त्र–मत में आत्मतत्त्व विश्वोतीर्ण (विश्वातीत) है, कुलमत में आत्मतत्त्व विश्वमय है, एवं त्रिकादि–दर्शनों के मतानुसार आत्मतत्त्व विश्वोत्तीर्ण (विश्वातीत) होने पर भी विश्वमय है। अर्थात् जैसा कि कहा गया है; ‘विश्वोत्तीर्णमात्मतत्त्वम् इति तान्त्रिकाः। विश्वमयम् इति कुलाद्याम्नायनिविष्टाः। विश्वोत्तीर्णं विश्वमयं च त्रिकादिदर्शनविदः। (प्रत्यभिज्ञाहृदयम्, सूत्र 8 पर क्षेमराज की टीका)। उपरोक्त विश्लेषण में हमें महामहोपाध्याय डॉ. गोपीनाथ कविराज कृत निबन्धावली द्वितीय संस्करण, शीर्षक से दिए निबन्ध से विशेष सहायता मिली है।

क्रम, कुल, त्रिक – कुछ ऐतिहासिक पहलु

आगमों में विकसित अद्वयधारी धारा के अन्तर्गत प्रायः तीन सम्प्रदायों की विशेषतः चर्चा की जाती है – त्रिक, क्रम तथा कुल। इनके अतिरिक्त भारत के दक्षिण में विकसित त्रिपुरा सम्प्रदाय का भी विशेष महत्त्व है। यद्यपि अभिनवगुप्त द्वारा प्रयुक्त ‘त्रिक’ के प्रत्यय का अर्थ अति व्यापक है, जिसमें ये तीनों की ही सम्प्रदाय अन्तर्भुक्त है, तथापि त्रिक शब्द को संकुचित अर्थों में ग्रहण करने पर त्रिक मात्र प्रत्यभिज्ञाशास्त्र का वाचक रहता है। प्रकृत स्थल में प्रयुक्त त्रिक

शब्द, त्रिक तन्त्रों में उल्लिखित मत को दर्शाता है। सम्पूर्ण तान्त्रिक विचारधारा का प्रारम्भ पाशुपात व कापालिक परम्परा से माना जाता है। अभिनवगुप्त पाद सम्भवतः इसी तथ्य को मूल में रखकर तन्त्रालोक में यह बताते हैं कि शैव शास्त्रों का विकास दो धाराओं में हुआ– (क) श्रीकण्ठ की धारा एवं (ख) लकुलेश्वर की धारा। इस श्रीकण्ठ की धारा से ही उस त्रिक धारा का विकास होता है, जिसका विवेचन अभिनवगुप्त अपने ग्रन्थों में करते हैं। श्रीकण्ठ से प्रवर्तित धारा कापालिक परम्परा से सम्बद्ध है। अन्ततः त्रिक के व्यापकतर परिप्रेक्ष्य में अभिनवगुप्त अनुत्तर त्रिक के रूप में जिस अवधारणा को विकसित करते हैं, उसी में पल्लवित 'कुल–धारा' के स्वरूप को ही आधार बनाकर कुल–मत को समझा जा सकता है। इस त्रिक में अर्धचतस्र मठिकाओं से उद्भूत अद्वैत, द्वैत, द्वैताद्वैत तथा कुल–धारा का समन्वित प्रवाह विद्यमान है, जिसे वह अनुत्तर त्रिक या अनुत्तर षडर्ध–क्रम की संज्ञा देते हैं। इस प्रकार कुल–मत का उद्भव उसी स्रोत से हुआ है जिससे बाकी तान्त्रिक पद्धतियाँ विकसित होती हैं, परन्तु इसका उनसे भेद भी स्पष्टतः माना गया है। जहाँ अन्य तान्त्रिक दृष्टियाँ त्र्यम्बक्, अमर्दक व श्रीनाथ के द्वारा पतिपादित मठिकाओं से प्रारम्भ होती हैं, वहीं कुल–धारा का उद्भव त्र्यम्बक की पुत्री के क्रम से स्वीकृत किया गया है। इसे यहाँ अर्धमठिका या अर्ध–त्र्यम्बक कहा गया है। यह ऐतिहासिक तथ्य इस सैद्धान्तिक मान्यता की पृष्ठभूमि का निर्माण करता है कि कुल सम्प्रदाय शक्ति की प्रधानता का पोषक सम्प्रदाय है।

जैसा कि तन्त्रालोक में कहा गया है कि; ...कुल–प्रक्रियायां हि दूतीमन्तरेण क्वचिदपि कर्मणि नाधिकारः इत्यतस्तत्सहभावोपनिबन्धनम्। – (तन्त्रालोक विवेक, 2, पृ. 32)

कौल–सम्प्रदाय के बहुत–से ग्रन्थ 'काली' के विषय में प्रसिद्ध ही है, जैसे; कौलिकाचनदीपिका, कुमारीतन्त्र, कुब्जिकातन्त्र, कुलार्णव आदि ग्रन्थों का निर्देश किया जा सकता है। शैवागमों के प्रारम्भिक वर्गीकरण में पञ्च–वक्त्रों के आधार पर पञ्च–स्रोतों का उल्लेख मिलता है उसमें अघोर मुख से निकला दक्षिण स्रोत अद्वैतवादी भैरव तन्त्रों का उद्गम माना जाता है। (उत्तरकामिकागम, वाम और दक्षिण धारा के तन्त्रों को भी कौल–धारा से जोड़ा जाता है। तत्रैव, पृ. 148 पर उद्धृत)

भैरव तन्त्रों में दो प्रधान धाराएँ मिलती हैं–'मन्त्रपीठ' की व 'विद्यापीठ' की। इस विद्यापीठ में पुनः दो तरह की धाराएँ उन्मिषित होती दिखाई पड़ती है– प्रथम, यामल तन्त्रों की धारा व द्वितीय, आगमों में विकसित अद्वयवादी धारा के अन्तर्गत प्रायः तीन सम्प्रदायों की विशेषतः चर्चा की जाती है–त्रिक, क्रम और कुल। त्रिक, कुल और क्रम के ऐतिहासिक विकास का विश्लेषण अन्यान्य कारणों से एक चुनौती भरा काम है। आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी ने सउदाहरण यह दर्शाया है कि–दसवीं से बारहवीं शती तक कुल/त्रिक की धारा (=सोमदेव कुलाचार्यों को त्रिक–मत से जोड़ते हैं और उनकी दृष्टि में कुल, त्रिक में एकाकार मिलता है।) का सुदूर दक्षिण में प्रसार था ओर त्रिक और कुल को जनमानस सामान्य अवधारणा से एक शैव सम्प्रदाय मानता था। दक्षिण के साथ ही काश्मीर में भी–क्रम, कुल, त्रिक, प्रत्यभिज्ञा इनमें अभेदान्वय करने वाली प्रवृत्ति और इन सब में पार्थक्य को देखने वाली प्रवृत्ति दोनों ही दृष्टिगोचर होती है। साथ ही इनके भीतर एक अन्तर्धारा भी बह रही है, जो एक प्रसग में दो सम्प्रदायों की एकता का निदर्शन कराती है तो दूसरे प्रसंग में उन्हीं की भिन्नता का। इन्हीं के साथ एक चौथी प्रवृत्ति के भी दर्शन होते हैं, जो एक सम्प्रदाय या उसके द्वारा आम्नात परमार्थ तत्त्व को चरम मानती हुई

सारे अवान्तर सम्प्रदायों में उसको व्याप्त मानतो है। यह साम्प्रदाय जनित व्यापकव्याप्यभाव सभी सम्प्रदायों में दिखाई देता है। एक अन्तिम और पाँचवीं प्रवृत्ति भी दिखाई पड़ती है, वह है सभी सम्प्रदायों में एक समन्वयात्मिका वृत्ति जो इन सभी विचार–सरणियों में एक तार्किक, अनुष्ठानात्मक अन्विति को प्रकट करती है। प्रत्यभिज्ञाहृदय में क्षेमराज ने ''तद्भूमिकाः सर्वदर्शनस्थितयः'' (सूत्र 8) द्वारा यही कहा है। मालिनीविजयवार्तिक में अभिनवगुप्त क्रम, कुल, त्रिक इत्यादि को स्वतन्त्र स्रोतों के रूप में ग्रहण करते हैं। (अतिमार्गक्रमकुलस्रोतोऽन्तरादिषु। – मालिनीविजयवार्तिक 1/192) वहीं तन्त्रालोक में अभिनवगुप्त त्रिक और क्रम दर्शन में सम्प्रदायगत पार्थक्य के होते हुए भी विषयगत सादृश्य को रेखांकित करते हैं, ऐसा जयरथ का मन्तव्य है। (एता एव द्वादशापि संविदः क्रमदर्शनादौ अन्वर्थेनापि अभिधानेन दर्शिताः)। तन्त्रालोक विवेक 2, पृ. 587) आगे जयरथ तन्त्रालोक विवेक के आत्मकथात्मक अन्तिम पद्यों में क्रम और त्रिक की अलग परिगणना करते हैं। इसी प्रकार महेश्वरानन्द प्रत्यभिज्ञा और क्रम को दो स्वतंत्र सम्प्रदायों के रूप में लेते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कुल ओर कौल में भी कहीं कहीं पार्थक्य देखने को मिलता है, जैसे 'निशाचार तन्त्र' के आधार पर कुल को कौल से और कौल को त्रिक से भिन्न मानकर उनमें तरतमभाव स्वीकार किया गया है। (अनेनैवाशयेन च ''वाममार्गाभिषिक्तोऽपि दैशिकः परतत्त्ववित्। संस्कार्यो भैरवे सोऽपि कुले कौले त्रिकेऽपि सः।।'' इत्यादि श्रीनिशाचारादावुक्तम्। –तन्त्रालोक विवेक, 2, पृ. 49)

महेश्वरानन्द अपने ग्रन्थ श्रीमहार्थमंजरी की स्वोपज्ञ टीका परिमल में त्रिक और क्रम (महार्थ) में मौलिक भेद का निषेध करते हैं। (वहाँ वे कहते हैं कि, 'अनेन श्रीमहार्थत्रिकदर्शनयोरन्योन्यं नात्यन्तं भेदप्रथति व्याख्यातम्।

श्रीमहाथमंजरी–परिमल, पृ. 96) और महेश्वरानन्द अभिनवगुप्त पाद कृत क्रम दर्शन के ग्रन्थ क्रमकेलि को कुल का आगम ग्रन्थ मानते हैं। सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में शितिकण्ठ जी समयविद्या अर्थात् त्रिपुरा दर्शन ओर क्रम के एकत्व का उद्घोष करते हैं। शितिकण्ठ से लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व जयरथ कुल और त्रिपुरा या वामेश्वरी सम्प्रदाय के अभेद की उद्घोषणा कर चुके थे। उनके अनुसार वामेश्वरी सम्प्रदाय की साक्षात् अभिधा 'कुल' थी। परम्परागत पद्धति का आश्रय लेते हुए उन्होंने स्पन्द, स्फुरत्ता, शक्ति, हृदय, ऊर्मि, संकर्षिणी तथा त्रिपुरा की एक ही तत्त्व के रूप में परिकल्पना की है। कभी–कभो विषय या प्रक्रिया–विशेष में दो सम्प्रदायों में साम्य दिखाई देता है। जैसे कुल और क्रम में द्वादशविध संवित् को लेकर जयरथ की दृष्टि में उनकी सोदरता प्रकट होती है। (वे कहते हैं कि–'तदेव चेदानी विभज्य दर्शयन् क्रमनयसोदरतामस्य दर्शनस्य आवेदयति। –तन्त्रालोक विवक, 2, पृ. 157; 2, पृ. 773)। कुल–दर्शन में इन द्वादश संविदों से भैरव का मुख्य शक्ति–चक्र बनता है और इन्हीं से भैरव को पूर्णता प्राप्त होने का प्रतिपादन किया गया है। वहीं क्रम–दर्शन में उनको द्वादश कालियों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसी तरह वर्ण–सृष्टि के पसंग में जहाँ क्रम और अन्य दर्शनों में मातृका–क्रम को केन्द्रीय माना गया है, कुल–दर्शन प्रक्रियागत सन्दर्भों में मालिनी–क्रम के प्राधान्य के प्रति प्रतिश्रुत है। श्रीमहानयप्रकाशकार (शिवानन्द द्वितीय) यह मानते हैं कि क्रम (महानय) सभी विचारधाराओं में– जैसे कुल, कौल, त्रिक, मत आदि में – व्याप्त है। दूसरी ओर कुल को सभी शास्त्रों की आन्तरिक प्रतिष्ठा के रूप में अभिनगुप्त प्रस्तुत करते हैं। यहाँ कहा गया है कि, ('कुलकौलादिकाम्नायशाक्तत्रिकमतादिषु व्यापको हि महानयः'। –महानयप्रकाश (त्रिवेन्द्रम), 1/30–36)।

एवम्, पुष्पे गंधस्तिले तैलँ देहे जीवो जले रसः।

यथा तथैव शास्त्राणां कुलमन्तः प्रतिष्ठितम्।। –तन्त्रालोक 35/34

यहाँ पर अभिनवगुप्त पाद कुल की त्रिकरूपता में और त्रिक की सर्वशास्त्रोपजीव्यता में सन्देह नहीं रहने देते। और इसके विपरीत शितिकण्ठ और कुल–दर्शनों में 'क्रमार्थ' को ही उपासनीय मानते हैं। (वे कहते हैं–'इत्थँ सर्वत्र कुलदर्शनेशु...क्रमार्थ उपासितव्यः। –महानयप्रकाश (शितिकण्ठ, पृ. 111)

आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी के द्वारा लिखित पुस्तक 'काश्मीर की शैव संस्कृति में कुल और क्रम मत' जिसमें दिये उपरोक्त विश्लेषण और उद्धरणों से ही उपरोक्त सामग्री को आधार बनाकर उसको लिखा गया है। जिससे यह साफ़ हो जाता है कि इन सम्प्रदायों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के लेखन में जटिलता तो आती है परन्तु साथ ही साथ इन सम्प्रदायों के अनर्तसंबंधों पर भी प्रकाश पड़ता है। जैसे इससे हमें ज्ञात होता है कि कुल सम्प्रदाय शक्ति की प्रधानता का पोषक सम्प्रदाय है, ओर वस्तुतः इसी कारण से जब हम कौल–सम्प्रदाय के बहुत से ग्रन्थों में 'काली' के विषय का प्रतिपादन देखते है। तो हमें यह सहज प्रतीत होता है। द्वादश कालिकाओं के प्रसंग में कुलनय को 'क्रमनयसोदर' कहा गया है। इसी प्रकार क्रम और कुल की समकक्ष्यता का प्रतिपादन किया गया है। (तदत्र क्रमनयसमानकक्ष्यत्वविवक्षायाम्। तन्त्रालोक विवेक, 3, पृ. 189)

मन्त्रपीठ, विद्यापीठ के तन्त्र

यद्यपि मन्त्रपीठ में शिव भाव की प्रधानता है तथा विद्यापीठ में शक्ति भाव की, परन्तु दोनों ही पीठों के तन्त्रों में एक अन्तःसम्बन्ध, एक अर्न्तगुम्फन का सूत्र विद्यमान है। जैसे मन्त्रपीठ के तन्त्र स्वच्छन्दतन्त्र व विद्यापीठ के तन्त्र मालिनीविजयोत्तर तन्त्र के बीच कई सन्दर्भों में पूर्यपूरक भाव उपलब्ध होता है।

अभिनवगुप्त 'विद्यापीठ' को सभी पीठों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मानते हैं। वे इसे सभी पीठों का सार बताते हैं और त्रिकतन्त्रों को उसी से जोड़ते हैं। यह 'पीठ' तन्त्रों का एक महत्त्वपूर्ण प्रत्यय है। वैसे पीठ शब्द का शाब्दिक अभिप्राय 'आसन' (देवी/देवता का आसन) से लिया जाता है, पर उसके अन्य सन्दर्भगत अर्थ भी हैं। ध्यान के केन्द्र–भूत स्थानों को भी पीठ कहते हैं। तान्त्रिक आगमों के वर्गीकरण के सन्दर्भ में प्रयुक्त 'पीठ' शब्द का अभिप्राय एक प्रकार के आगमों या शास्त्रों के समूह से है अथवा एक तरह के विषय के संग्रह से है (प्रोक्तं भगवता किल समूहः पीठमेतञ्च।') –तन्त्रालोक (37वाँ आह्निक, 18वां श्लोक)। अतः पीठचतुष्टय में 4 विषयों– मन्त्र, विद्या, मुद्रा व मण्डल – को आधार बनाकर विषय या तन्त्रों का संग्रह किया जाता है। इन चारों में मन्त्र व विद्या विशेष महत्त्वपूर्ण है। एक ही तन्त्र में इन चारों विषयों की एक साथ उपस्थिति होती है, पर इनमें से किसी एक विषय की प्रधानता के कारण इसे उस पीठ का तन्त्र मान लिया जाता है।

क्रम मत के समान कुल–मत में भी काली की उपासना प्रतिपादित है। दोनों मत में परस्पर 'अन्तःसम्बन्ध' और 'समकक्ष्यता' का निरुपण हम इस आलेख में पहले कह चुके हैं। कुल–मत का विकास शांभव दृष्टि तथा शक्त दृष्टि दोनों से हुआ है। शांभव साधकों ने जहाँ अनुत्तर रूप सतीसव तत्त्व की अलग से कल्पना की, वहीं शाक्तमतानुयायी साधकों ने कुलेश्वर व कुलेश्वरी के संघट्ट रूप को ही परम कौल तत्त्व माना। तन्त्रों में यह शाक्त दृष्टि त्रिपुरा या त्रिपुरसुन्दरी अथवा काली की उपासना को केन्द्र में लेकर प्रवृत्त हुई है। फलतः इन दोनों ही परम्पराओं में कुलविधि का विस्तार उपलब्ध होता है। त्रिपुरसुन्दरी जहाँ शक्ति के सौम्य रूप को प्रस्तत करती है, वहीं काली उसके रौद्र रूप की प्रतिनिधि है। इसी दृष्टि से त्रिपुरा परम्परा, जिसे उत्तर काल में सौभाग्य

सम्प्रदाय भी कहा गया, सौम्य विधियों से ही साधना की पक्षधर है, जबकि काली परम्परा में साधना अत्यन्त उग्र है। उधर अभिनवगुप्त ने अपने ग्रन्थों में जिस त्रिक परम्परा में इसे समेटने और पल्लवित करने का प्रयास किया, उसी से मिलता हुआ विवेचन 'कुब्जिका काली' की परम्परा में भी उपलब्ध होता हैं पर वहाँ शैव ओर शाक्त दोनों तरह की प्रवृत्तियों का समन्वय करने का विशेष प्रयास है। इस प्रकार कुल–मत के विकास की इन विविध प्रवृत्तियों का विश्लेषण करते हुए श्री आन्द्रे पटु ने ठीक ही कहा है कि यह कुल–मत विविध प्रकार की तान्त्रिक प्रवृत्तियों को एक तार में पिरोने वाला सूत्र है। जहाँ यह मत व क्रम सम्प्रदायों में घोर साधना–प्रधान शाक्त प्रवृत्ति से आप्लावित है, वहीं त्रिक में यह अधिक योक्तिक तथा शैव है, कुजिका परम्परा में यही शाक्त–शैव है तथा त्रिपुरा परम्परा में यह अधिक सौम्य है। (दृष्ट्व्य : श्री आन्द्रे पदु की पुस्तक– 'वाक', दि कॉन्सेप्ट ऑफ् दि वर्ड इन सेलेक्टेड हिन्दू तन्त्रज़, पृ. 60–61)। कश्मीर में हुए कुल–मत के विकास को लेकर तनू गूड्रियान उसे दो वर्गों में बाँटते हैं– शैव तथा शाक्त। शाक्त वर्ग को वह पुनः दो धाराओं या अनुवर्गों–श्रीकुल अर्थात् त्रिपुरा–कुल ओर काली–कुल में विभक्त करते हैं। इन दोनों में पहला `दवी के सौम्य रूप से सम्बन्धित है, जबकि दूसरा भीषण या घोर रूप से। इनकी साधना–विधियाँ भी इनके इन रूपों के अनुरूप ही है। (दृष्ट्व्य : उनकी पुस्तक हिन्दु तान्त्रिज्म, पृ. 45–46)।

'कुल' क्या है?

कुलं, स्त्रीं, (कुल्+''इगुपधेति'' 13/1/135/कः, शब्दकल्पद्रुम, पृ. 152) वंशः पाणिनि सूत्र 3/1/135 के अनुसार ''द्वगुपधज्ञाप्रीकरः कः'' 135 ।। पदानि।। इग्–उपध–ज्ञा–प्री–किरः, कः।। अर्थात्– (इगुपधज्ञाप्रीकिरः) इक् उपधावाली और ज्ञा, प्री, कृ (धातोः) धातुओं से परे (कः) 'क' प्रत्यय होता है। (कूलातीति कुलम)। **के.सी. पांडेय अपनी पुस्तक अभिनवगुप्त भाग 1, के पृष्ठ 594, पर, कुल के लगभग तेईस अर्थों का निरूपण करते हैं।** तून गुड्रियान के अनुसार कार्ल्स्‌टेट (Carlstett) दस आधारभूत अर्थों का विश्लेषण करते हैं (Studier i Kultarnava-Tantra, हिन्दु तांत्रिज्म में उद्धृत, पा.टि., 27, पृ. 45)। गूड्रियान के मत म तन्त्र वाङमय में कुल के कम–से–कम चौबीस अर्थ उपलब्ध होते हैं (तत्रैव)। यह जानकारी हमें आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी की पुस्तक 'काश्मीर की शैव संस्कृति में कुल और क्रम–मत' से हमें प्राप्त हुई है।

'कुल' का कोष–गत अर्थ 'सजातीयों का समूह' होता है। **'ललितासहस्रनाम' की टीका में भास्कर राय ने 'कुलामृतैकरसिका' नाम की व्याख्या में सर्वप्रथम तो 'कुल' के इस 'सजातीयों का समूह का तात्पर्य 'ज्ञाता–ज्ञेय–ज्ञान का त्रिक' किया है और बताया है कि इस नाते ही देवी को 'त्रिपुटी' कहते हैं। इस व्याख्या के आधार के रूप में उन्होंने भगवत्पाद का और कालिदास की चिद्गनयचन्द्रिका से प्रमाण दिये हैं। उन्होंने (भास्कर राय ने) वहाँ कहा है कि 'कुलँ सजातीयसमूहः'। सचैकज्ञानविषयत्वरूपसाजात्यापन्नज्ञातृज्ञेयज्ञानरूपत्रयात्मकः। ... ततश्च सा त्रिपुटी कुलमित्युच्यते।' तदुक्तँ चिद्गगनचन्द्रिकायाम्– 'मेयमातृमितिलक्षणं कुलं प्रान्ततो व्रजति यत्र विश्रम' मिति।** इसी प्रकार भास्कर राय ने बताया है कि **स्वच्छन्दसङ्ग्रह** आदि ग्रन्थों में बत्तीस देहस्थ

कमल (='चक्र') बताये गये हैं जिनमें सबसे नीचे का कमल इस त्रिपुटी से सम्बद्ध न होने के नाते 'अ–कुल' कहलाता है और शेष कमल कुल–सम्बन्धी होते हैं। प्रचलित षट्चक्र–व्यवस्था क अन्तर्गत 'कुल' का अर्थ मूलाधार–चक्र है और उसी के नाते सुषुम्ना–नाड़ी भी 'कुल' कहलाती है जिसके कारण सप्तम सहस्रार–चक्र से झरता हुआ रस 'कुलामृत' कहलाता हे। फिर 'कुल' का अर्थ 'योनि' भी है और इस नाते 'कुलामृत' का अर्थ 'रजः–स्राव' भी है जिसकी कुछ तान्त्रिक उपासना–विधानों में भूमिका के नाते भी देवी का नाम 'कुलामृतैकरसिका' है। इसी प्रकार कुलसङकेतपालिनी की व्याख्या में भास्कर राय बताते हैं कि 'कुल' का अर्थ 'शास्त्र' और 'आचार', भी है ओर 'देवी' भी होता है।

इससे अगले नाम *कुलाङगना* से अगले नाम *कुलान्तःस्था* में भास्कर राय 'कुल' के पहले गिनाये जा चुके अर्थों का स्मरण करते हुए देवी को शास्त्र में, या फिर ज्ञाता–ज्ञान–ज्ञेय के बीच स्थित 'ज्ञान' के रूप में बताते हैं। इसके अगले नाम *कौलिनी* की व्याख्या में वे 'कुल'=शक्ति' और 'अ–कुल'=शिव' के समीकरण प्रस्तुत करते हुए यह पद्य उद्धृत करते हैं:

कुलं शक्तिरिति प्रोक्तमकुलं शिव उच्यते

कुलेऽकुलस्य सम्बन्धः कौलमित्यभिधीयते।।

अर्थात् 'कुल' का अर्थ 'शक्ति' है ओर 'अ–कुल' का अर्थ है 'शिव'; इन दोनों का परस्पर सम्बन्ध 'कौल' कहलाता है। 'कौल–उपासना' शाक्त साधकों केलिए इसी शिव–शक्ति–सामरस्य पर केन्द्रित हे। इससे योग (=सम्बन्ध) होने के नाते उन्होंने अगले नाम *कुलयोगिनी* तथा 'अ–कुल (=सहस्रार–चक्र) में निवास के नाते *अ–कुला* नाम की व्याख्या की है। अभिनवगुप्त ने 'कुल' के अर्थ को अनेक तरह से बताया है। 'कुल' का अर्थ शिव–शक्ति–नर' का त्रिक ओर इस

पर आधारित शास्त्र है। वह 'शरीर' है, वह 'आनन्द' है।

इस कुल–प्रक्रिया या कुल–मत को अक्सर विविध वक्त्रों के साथ जोड़कर इसके उद्गम की प्रक्रिया को चिन्हित किया गया है। इसके विशिष्ट स्वरूप को बताने वाली सर्वाधिक प्रयुक्त आख्या है **'योगिनीवक्त्रपरम्परा'**। अभिनवगुप्त तन्त्रालोक में अक्सर इसी नाम से कुल–धारा का उल्लेख करते हैं। जयरथ के अनुसार **श्रीकण्ठीयसंहिता** में दक्षिणवक्त्र की व्याख्या योगिनीवक्त्र की शब्दावली में की गई है। **योगनीवक्त्र इस धारा में अनिवार्यतः स्वीकृत 'आदियाग' रूप कुलचर्या की रहस्यविधि का अनिवार्य अधिकरण है। इसके अतिरिक्त इस कुल–मत को गुरुवक्त्र–परम्परा या गुर्वाम्नाय भी कहा जाता है। इस कुल–मत के लिए रहस्यविधि, रहस्यशास्त्र आदि संज्ञायें भी प्रायः प्रयुक्त होती हैं जो इस मत की परम गोपनीयता की सूचक हैं।**

अभिनवगुप्त तन्त्रालोक में इस कुल–प्रक्रिया के अवतरण क्रम को प्रस्तुत करते हैं। यहाँ चार युगों में चार युगनाथों की कल्पना की गई है।

सत्ययुग में खगेन्द्रनाथ, त्रेतायुग में कूर्मनाथ, द्वापरयुग में मेषनाथ तथा कलियुग में मच्छन्दनाथ ये अवतारक नाथों के रूप में चर्चित हैं। यही उस परम्परा का सिद्धक्रम है। *क्रमरहस्य* में सामान्य कुल–प्रक्रिया के तीन रहस्य कहे गए हैं–अर्धमात्र, यागधाम तथा दीप। (श्रीमत्क्रमरहस्ये च न्यरूपि परमेशिना। अर्धपात्र यागधाम दीप इत्युच्यते त्रयम्।। रहस्यं कौलिके यागे...। –तन्त्रलोक 29/14)

जयरथ के अनुसार अभिनव की अपनी कुल–प्रक्रिया में अर्धपात्र के स्थान पर अर्घ की ही प्रधानता है, अन्य पदार्थ–यागधाम और दीप, उसी के अनुगुण मान्य हैं। अभिनवगुप्त के अनुसार कुल–प्रक्रिया कुल–याग का सम्पादन है (कुलप्रक्रियया उपासेति, कुलयाग इत्यर्थः।) यह **कुल–याग आदियाग**

(आद्ययाग) या तन्त्रालोक, विवेक 7, पृ. 3292) दूतीयाग कुल–प्रक्रिया का अनिवार्य घटक है। इसके बिना कुल–साधना सम्पन्न नहीं होती। इस दूतीयाग में दूती व साधक में परस्पर औन्मुख्य के साथ–साथ स्वरूपविश्रान्ति के भी अव्याहत रहने के कारण सृष्टि तथा संहार (द्वाम्याँ तु सृष्टिसंहारौ तस्मान्मेलकमुत्तमम्। –तन्त्रालोक 29/104क) दोनों की ही स्थितियां विद्यमान रहती हैं। अतः यह कुल–मत की दृष्टि में उत्तम मेलक है, जो परम पद से तादात्म्य की प्राप्ति कराने वाला है। यही मेलक, यामल व संघट्ट शब्दों के द्वारा भी व्यक्त किया गया है। इसी को शिव–शक्ति का सामरस्य रूप जगदानन्द भी कहा जाता है। यही परम कौल तत्त्व है। जैसा कि तन्त्रालोक–29/115 ख–117क, में कहा गया है कि;

इत्थँ यामलमेतद् गलितभिदासंकायं यदेव स्यात्।।
क्रमतारतम्ययोगात् सैव हि संविद्वि सर्गसंघट्टः।
तद्ध्रुवधामानुत्तरमुभयात्मकजगदुदारसानन्दम्।।
नो शान्तं नाप्युदितं शान्तोदितसूतिकारणं परं कौलम्।

प्राण–वायु के विविध व्यापारों के माध्यम से मध्य नाड़ी में प्रवेश कर सुप्त आत्मशक्ति को जगाना ही 'कुल–साधना' है, जिसे कुण्डलिनी–योग की तान्त्रिक शब्दावली में व्यक्त किया गया है। अभिनवगुप्त के अनुसार कुलयाग की पूजा का सम्पादन बाह्य की बजाए अन्य अधिकरणों पर भी सम्भव है। कुल–याग के छह अधिकरण–बहिः, शक्ति, यामल, देह, प्राण ओर बुद्धि हैं।

कुल–याग शब्द में कुल 'याग' का कर्म भी हो सकता है, करण भी और अधिकरण भी। कुल तो परमेश्वर की शक्ति या सामर्थ्य है, जिसमें सामरस्त्य भाव से सब कुछ अवस्थित है। **(कुल के इस अभिप्राय को आकार प्रदान करने वाली विसर्गात्मिका कौलिकी शक्ति का यहाँ विशेष महत्त्व है।)**

इसी विसर्ग को 'हृदय' रूप से सबका सार कहा गया है, तथा स्पन्दनात्मक हृदय की प्राप्ति को ही पराद्वैत की प्राप्ति का सोपान बतलाया गया है। कुलयाग में अकुल व कुल के जिस यामल भाव का सतत अनुसन्धान किया जाता है, वह इस कुलरूपता के यथार्थ (=जगदानन्द की प्राप्ति) स्वरूप को जानने केलिए है। मन्त्र, जप, ध्यान इत्यादि साधनों से जिस कुल–सामान्य की चेतना उदित होती है, उसी के माध्यम में उस पूर्ण कौल तत्त्व के यथार्थ स्वरूप को समझा जाता है। **दार्शनिक शब्दावली में कौलिक सिद्धि यही है। इसे खेचरीसाम्य की तान्त्रिक शब्दावली में भी व्यक्त किया गया है।** इस कुल–प्रक्रिया का स्वरूप–लक्षण है आदियाग। इस याग में सम्पाद्य अनुष्ठान में दूती के साथ संघट्ट–वेला में अहं भाव के न्यग्भाव से जिस पूर्णता की अनुभूति होती है, उसके माध्यम से उस परम कौल तत्त्व रूप यामल के तात्त्विक स्वरूप को आत्मसात् किया जा सकता है। **इसी कारण इस संघट्ट–मुद्रा या षडर–मुद्रा को यहाँ परम–मुद्रा व खेचरी–मुद्रा भी कहते हैं।** इस पूर्णता के आनन्द से तृप्त होकर सारी अनुचक्र–रूप करणेश्वरियाँ जैसे विश्रान्त हो जाती हैं, वैसे ही सारा शक्ति चक्र इस कौल तत्त्व में विश्रान्त रहता है। अन्य तान्त्रिक विधियाँ जब विकल्प का संस्कार, कर निर्विकल्प भाव की पाप्ति कराकर कृतार्थ हो जाती हैं, तब कुल–विधि के द्वारा उस स्वात्मचमत्कारात्मक संवित् का उदय होता है, जो पूर्णता, आनन्द तथा स्वातन्त्र्य का सम्पुटी भाव है। कुल–प्रक्रिया के सम्पादन में अधिकारी साधक, निर्विकल्प दशा में रूढ़ हो चुके होते हैं।

यह ध्यातव्य है कि एक मोटे तौर पर कुल–मत के विवेचनात्मक अध्ययन से यह पता चलता है कि विविध सम्प्रदायों जैसे क्रम, त्रिक इत्यादि के अन्तर्गत कुल–मत की धारा की ही मौलिक अवधारणाएँ समान भाव से उपलब्ध होती

हैं। जैसे उदाहरणार्थ द्वादश काली पूजन, काली के विभिन्न रूपों में, विभिन्न नामों से पूजन रहस्यचर्या, कुण्डलिनी योग, पञचमकार का प्रयोग, आनन्द की धारणा, स्वसंवेदन का सर्वतोशायी माहात्म्य, योगिनीमेलन आदि अन्यान्य प्रत्यय क्रम–दर्शन के ग्रन्थों तथा त्रिपुरा–सम्प्रदाय के ग्रन्थों में भी अविभाज्य अंग बनकर सम्मुख आते हैं।

कुल–मत का आम्नाय गत विकास

(यह विश्लेषण आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी की पुस्तक, 'काश्मीर की शैव संस्कृति में क्रम और कुल मत' में उद्धृत सामग्री के आधार पर किया गया है।

कुल, क्रम, त्रिक आदि सम्प्रदायों की मूल अवधारणाओं में अन्तःसम्बन्ध की चर्चा हमने इस आलेख में पहले की है, यहाँ हम देखेंगे कि चार प्रमुख आम्नायों में कुल–मत के विकास का जब हम अनुशीलन करते हैं, तो किस तरह सम्प्रदायों का यह अन्तःसम्बन्ध हमको मुखर होकर दिखाई पड़ता है।

पूर्वाम्नायः त्रिक परम्परा में उद्विकसित कुल–धारा को इस आम्नाय से जोड़ा जाता है। यह धारा मूल कौल मत के बहुत नजदोक है। इस त्रिक मत का वैशिष्ट्य है परा, परापरा और अपरा रूप त्रिविध विद्याओं को केन्द्र में लेकर विकसित साधना–पद्धति। (कुल–प्रक्रियायां तिस्रः शक्तयः पराद्याः। –(तन्त्रालोक विवेक, 2, पृ. 153) यहाँ वर्तमान कुल–धारा में परादि के त्रिक के मध्य, ब्राह्मी आदि मातृकुलों से घिरे कुलेश्वर एवं कुलेश्वरी की प्रतिष्ठापना की गई है। (इसे मुख्य **'कुल–चक्र'** कहा गया है। इस मुख्य कुल–चक्र के बाहर सिद्ध–क्रम (सपरिवार) की पूजा का विधान है। यह सिद्ध–क्रम है–खगेन्द्रनाथ, कूर्मनाथ, मेषनाथ व मच्छन्दनाथ या मत्स्येन्द्रनाथ का।) इस कुल–धारा के प्रतिपादक मुख्य तन्त्र हैं–सिद्वयोगेश्वरीमत तन्त्र, उसका संक्षेप मालिनीविजयोत्तर

तन्त्र तथा त्रिशिरोभैरव तन्त्र, त्रिकसद्भाव तन्त्र एवं त्रिक परम्परा के अन्य तन्त्र। अभिनवगुप्त मालिनीविजयोत्तर तन्त्र को ही मुख्यतः आधार बनाकर अपने ग्रन्थ तन्त्रालोक में तथा मालिनीविजयवार्तिक में इस धारा को रूपायित करने का प्रायस करते हैं। इस धारा में कौलिक चर्याविधि के अनुष्ठानों को स्वकाय, प्राणवायु या स्वसंविन्मात्र में भी सम्पादित किया जा सकता है। अभिनवगुप्त ने अपने प्रतिपादनों में आदियाग को इस कुल–प्रक्रिया का अनिवार्य घटक माना है।

उत्तराम्नायः काली परम्परा में विकसित कुल–धारा को इस आम्नाय के अन्तर्गत रखा जाता है। इस आम्नाय में क्रम और कुल सम्प्रदायों का अन्तःसम्बन्ध बहुत निकट से दिखता है। इसमें मत, क्रम व उत्तराम्नाय नामक सम्प्रदायों में प्ररोह पाई जाने वाली कुल–परम्परा को हम उसके विकास के अनुशीलन के संदर्भ में रख सकते हैं। विद्यापीठ के वे तन्त्र, जिनमें काली को सर्वोच्च देवी का स्थान दिया गया, इस धारा से सम्बद्ध हैं। अभिनवगुप्त कई बार, त्रिक या कुल के सिद्धान्तों या प्रक्रिया की चर्चा करते समय काली–परम्परा के ग्रन्थों से प्रमाण व उद्धरण प्रस्तुत करते हैं, जो यही संकेत करता है कि उनकी दृष्टि में सम्भवतः क्रम एक विजातीय परम्परा नहीं है। यद्यपि यह आज भी आधुनिक विद्वानों के लिए एक चुनौती पूर्ण शोध परक विषय है। इस काली–परम्परा में सारी प्रक्रियाएँ काली को केन्द्र में रखती हैं। जैसा कि महार्थ मञ्जरी परिमल, पृ. 104 पर अनाम आगम से उद्धृत किया गया है कि;

सैव काली महादेवी गीयते लोकवेदयोः।
इतिहासेषु तन्त्रेषु सिद्धान्तेषु कुलेषु च।।

यहाँ बारह कालियों या बारह कालियों से घिरी कालसँकर्षिणी की पूजा ही

समादृत है। जो त्रिक में मातृसद्भाव है, वही यहाँ कालसंकर्षिणी है; और जो त्रिक की बारह शक्तियों का मुख्य चक्र है, वही क्रम सम्प्रदाय में बारह कालियों का रूप धारण करता है। इसी प्रकार दूतीयाग आदि चर्या–विधियों में भी एकता है, उनमें भेद केवल उस साधना के सम्पादन की दृष्टि से है। **यहाँ भी बाह्य–पूजा से संवित्–पूजा को उच्चतर माना गया है, जैसा कि विज्ञान भैरव तन्त्र में कहा गया है कि;**

पूजा नाम न पुष्पाद्यैर्या मतिः क्रियते दृढा।

निर्विकल्पे महाव्योम्नि सा पूजा ह्यादराल्लयः।। (विज्ञान भैरव–147)

(विज्ञान भैरव की इस कारिका को महेश्वरानन्द अपने परिमल में (पृ. 108) पर प्रमाणतया उद्धृत करते हैं।) संवित् में ही सृष्टि–क्रम, स्थिति–क्रम, संहार–क्रम, अनाख्या–क्रम आदि की पूजा का विधान है। इस धारा का मुख्य तन्त्र है जयद्रथयामल तन्त्र, जिसे तन्त्रराजभट्टारक भी कहा जाता है। देवीपञ्चशतिक तथा क्रमसद्भाव तन्त्र भी इस धारा के प्रतिपादक शास्त्र हैं, जिनमें इस परम्परा का अधिक व्यवस्थित विवेचन है। अभिनवगुप्त के तन्त्रालोक में इस परम्परा का विशेष निरुपण का प्रयास नहीं करते। यहाँ त्रिक सिद्धान्तों के परिप्रेक्ष्य में ही क्रम–सिद्धान्तों का भी विश्लेषण किया गया है। शेष कुल–विधि की प्रक्रिया का स्पष्ट विवेचन उपलब्ध नहीं है, तथापि अभिनवगुप्त द्वारा निरुपित कुल–प्रक्रिया यहाँ भी उपलब्ध है।

दक्षिणाम्नाय : इस आम्नाय से त्रिपुरा या त्रिपुरसुन्दरी की परम्परा में विकसित कुल–धारा का सम्बन्ध है। यहाँ शक्ति के सौम्य रूप की उपासना की जाती है। **इस परम्परा को श्रीविद्या–सम्प्रदाय और सौभाग्य–सम्प्रदाय जैसी संज्ञाओं से भी पुकारा गया है। इस सम्प्रदाय का सबसे प्राचीन तन्त्र वामकश्वर तन्त्र है। इसके अतिरिक्त तन्त्रराज तन्त्र, ज्ञानार्णव तन्त्र व**

शक्तिसंङ्गम तन्त्र को भी इसी धारा का तन्त्र कहते हैं। जयरथ द्वारा लिखी हुई वामकेश्वरीमतविवरण नाम की व्याख्या वामकेश्वर तन्त्र पर लिखी सबसे पहली व्याख्या प्राप्त होती है, इस व्याख्या से और योगिनीहृदयदीपिका आदि ग्रन्थों से यह स्पष्ट रूपेण ज्ञात होता है कि इस सम्प्रदाय में कुल–धारा विद्यमान थी। कुछ अन्य टीका ग्रन्थों से और कुछ अन्य स्वतन्त्र ग्रन्थों जैसे सौभाग्यसुधोदय, कामकलाविलास, मातृकाचक्रविवेक आदि में इस सम्प्रदाय का विकास दिखाई पड़ता है। यह सम्प्रदाय सर्वप्रथम कश्मीर के पास ओड्डियान नामक स्थान पर चर्यानाथ के द्वारा स्थापित किया गया और उसी पीठ में दीक्षित ईश्वरशिव ने कश्मीर में इसका अवतरण किया। इस त्रिपुरा धारा का जो पूज्य सिद्ध क्रम माना गया है वह यह हैः– मित्रनाथ, ओड्डनाथ, षष्ठनाथ, चर्यानाथ। जयरथ **वामकश्वरीमतविवरण** में कुल–ज्ञान को अधराधर शास्त्रों का भी अनुप्राणक मानते हैं। उनके अनुसार इसी व्यापक दृष्टि के कारण 'परा शक्ति' कहीं ऊर्मि, कहीं भोगिनी, कहीं कुब्जा, कहीं कुलेश्वरी, कहीं कालकर्षिणी, कहीं त्रिपुरा और कहीं कुण्डलिनी कही गई हैं। जैसा कि वामकश्वरीमतविवरण में कहा गया है कि;

तत्र कुलज्ञानस्य अधराधरेषु अपि अनुप्राणकत्वमुक्तम्। (पृ. 28)

एवम्

ऊर्मिरिति भोगिनीत्यपि कुब्जेति कुलश्वरीति जगदुर्याम्।

श्री कालकर्षणीत्यपि कुण्डलिनीत्यपि च नौमि ताँ देवीम्।। (पृ. 28; पृ. 103)

इस सम्प्रदाय की विशिष्ट पूजा–पद्धति में कुल–दृष्टि मिश्रित रूप से उपलब्ध होती है। यहाँ कुल–दृष्टि का लक्षण अहन्ता–दृष्टि का ही सर्वत्र विकास है। यही यहाँ वीरभाव है।

पश्चिमाम्नायः इस आम्नाय में कुब्जिका की परम्परा में विकसित कुल–धारा को रखा जाता है। अभिनवगुप्त अपने ग्रन्थ परात्रिंशिकाविवरण में कुब्जिकामत तन्त्र का एक बार उल्लेख करते हैं। यहाँ कुब्जिका ही मुख्य देवी है। कुब्जिकामत तन्त्र इस परम्परा का मुख्य तन्त्र है। श्री मार्क डिच्कोफ्सकि मन्थानभैरवतन्त्र को भी इसी परम्परा में रखते हैं। यह परम्परा शैव भी है और शाक्त भी। कुब्जिका यहाँ परमदेवी है, और मन्थानभैरव को भी सर्वोत्तीर्ण तत्त्व के रूप में तेरहवीं काली के स्थान पर स्वीकारा गया है। इस परम्परा में अधिकांश सिद्धान्त, त्रिक मत से ही गृहीत हैं ओर इस परम्परा में सिद्ध–क्रम वही है, जो त्रिपुरा परम्परा में स्वीकृत है–मित्रनाथ, ओड्डुनाथ, षष्ठनाथ व चर्यानाथ। कुण्डलिनी योग इस परम्परा का वैशिष्ट्य है। कुल–प्रक्रिया का यहाँ वही रूप स्वोकृत है, जो त्रिक तन्त्रों में उपलब्ध होता है।

क्रम–दर्शन और नाथ सम्प्रदाय का नैकट्य और साम्य

इसी सन्दर्भ में एक अति रोचक और गहन विषय है–क्रम दर्शन से नाथ–दर्शन का नैकटय और उनका परस्पर साम्य। दोनों में यह परस्पर इतना मिलता–जुलता है कि यदि यह मान लें कि दोनों काल–भेद को छोड़ कर एक ही थे तो विश्व क्षति न होगी। यह प्रस्ताव अन्यत्र अपने एक लेख में श्री वागीश शुक्ल जी ने विद्वानों के लिए प्रस्तावित किया है और इसी लेख में उन्होंने दोनों दर्शनों के अति निकट के सम्बन्ध और दार्शनिक पहलुओं के साम्य को साक्ष्यो के साथ उल्लखित किया है। हम इस साम्यता के विषय की पुष्टि हेतु यहाँ कुछ और साक्ष्य भी देने की चेष्टा करेंगे। (हमारा यह आलेख श्री वागीश शुक्ल जी के भक्ति के ऊपर लिखे हुए लेख 'गुरु गोरखनाथ और काश्मीर क्रम–दर्शन' पर आधारित है।)

दर्शन और साधना का भारतीय वैचारिक चिन्तन परम्परा में कोई पार्थक्य नहीं रहा है। जैसे पातञजल–योग एक साधना भी है और एक दर्शन भी। प्रत्येक दर्शन ज्ञान–कर्म–उपासना की काण्डत्रयी में विभक्त है, ऐसा भी एक सामान्य सिद्धान्त माना जा सकता है। यह बात क्रम–दर्शन और नाथ–दर्शन के विषय में अधिक प्रकट है, और अधिकांशतयः दोनों को उनके कर्म–काण्ड तक ही सीमित कर दिया जाता है, यही देखने में आता है जैसे पातञजल–योग सामान्य रूप में शरीर को साधने तक सीमित माना जाता हे। **गोरक्ष–संहिता में गुरु गोरखनाथ द्वारा प्रतिपादित दर्शन को आधार बनाकर क्रम–दर्शन और नाथ–दर्शन के इस नैकट्य पर कुछ प्रकाश डालने की चेष्टा हम यहाँ करते हैं।**

गोरक्ष–संहिता में किसी कर्ता का नाम नहीं है, यह एक स्वच्छन्दशक्तया अवतारित ग्रन्थ है। महार्थमञजरी जो 'क्रम–दर्शन' का एक अति महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है, भी एक 'अवतारित' ग्रन्थ कहा जा सकता है क्योंकि इसका मूलपाठ एक 'योगिनी' द्वारा प्राप्त हुआ था किन्तु इसमें 'परिमल' नामक टीका है जिसके कर्ता 'महेश्वरानन्द' हैं, किन्तु उन्होंने स्पष्ट किया है कि 'लोकधिया' उनका नाम 'गोरक्षनाथ' है। **गोरक्ष–संहिता के तीन प्रकरणों की सूचना है– योग–प्रकरण, कादि–प्रकरण और तीसरा भूति–प्रकरण। कादि–प्रकरण के उपोद्घातः में मत्स्येन्द्रनाथ (गोरक्षनाथ के गुरु) द्वारा प्रवर्तित मत को 'योगिनीकौलमत' कहा गया है–'मत्स्येन्द्रप्रवर्तितं योगिनीकौलमतम्'। 'कुल' शक्ति है ओर अकुल शिव है, इनका सम्बन्ध ही कौलज्ञान है, कुलाकुलयोः सामरस्यमिति यावत्, एतञच यत्र प्रवर्तते स कौलो मार्गः।**

यथाह सौभाग्यभास्करे–कुलं शक्तिरितिप्रोक्तमकुलं शिव उच्यते।
कुलेऽकुलस्य संबन्धः कौलमित्यमिधीयते।। इति।

भोटदेशीयपरम्परा में मत्स्येन्द्रनाथ के गुरु जालन्धरनाथ हैं। कुछ श्रीआदिनाथ को ही उनका गुरु कहते हैं। यद्यपि नाथमार्ग विशुद्धयोगमार्ग है तथापि कौलकापालिक आदि मार्गों के भी प्रवर्तयिता श्रीआदिनाथ ही हैं ऐसा गोरक्षसिद्धान्तसंग्रह ग्रन्थ में प्रतिपादित है। यूँ तो मत्स्येन्द्रनाथ भी पूर्व में नाथमार्गीय विशुद्धयोगाभ्यास परम्परा में ही आते थे किन्तु जैसा कि लोकवाद में प्रसिद्ध है की कामरूप में उनके जाने के बाद कामरूप की योगिनियों ने उनको अपने कौल मार्ग में दीक्षित कर लिया और वे वहीं रह गये, जिससे पूर्वप्रवर्तित कौल मार्ग का भिन्न रूप 'योगिनीकौल' नाम से प्रवर्तित हुआ। गोरक्ष–संहिता के कादि–प्रकरण में उपदिष्ट शास्त्र को *योगिनी–कौल* के नाम से ही अभिहित किया गया है और इसका कारण यह बताया गया है कि यह शास्त्र पहले योगिनयों के ही पास सुरक्षित था; जब गुरु मत्स्येन्द्रनाथ को कामरूप की योगिनियों ने अपने मार्ग में दीक्षित कर लिया और वे वहीं रह गये तब गुरु गोरखनाथ ने उनको सचेत कर के उस पथ से वापस लौटाया। ग्रन्थ में कोई ऐसा संकेत नहीं हे कि योगिनी–कौल कोई निन्दित मार्ग है।

योगिनी–कौल और क्रमदर्शन

यह 'योगिनी–कौल' विभिन्न कौल–मतों में वह मत है जिसका उपदेश योगिनियों के द्वारा इस संसार में उपलब्ध हुआ। एक अबतक अप्रकाशित ग्रन्थ **देवीपंचशतिका** में कहा गया है:

गच्छ श्री–उत्तरं पीठं, यत्र चास्ति मुखागमम्

तदाज्ञा वर्तमानस्य भविष्यति फलप्रदा

कालान्तरं तत्र गतं अन्यत्कालः प्रवर्तते

तदा क्रमागतं ज्ञानं निःशेषं कालिकाक्रमम्

कालिकाक्रमपूर्वं तु सारं कौलं कुलोत्तमम्

अनस्तमितसत्सारं कौलज्ञानं महाद्भुतम्

मुखकौलं मुखज्ञानं निःशेषं कुलसम्भवम्

योगिनीवक्त्रमार्गेण संचरत्येव भैरव।।

(नोट–देवीपंचशतिका, अप्रकाशित पाण्डुलिपि; प्रथम पटल, श्लोक 47–50 नेपाल के पुस्तकालय से प्रो. मार्क दिस्कोव्स्की के प्रयासों से इसका उद्धार हुआ है; ग्रन्थ अभी अप्रकाशित है।)

उपरोक्त उद्धरण में कहा गया है कि देवीपंचशतिका में उपदिष्ट ज्ञान 'कालिका–क्रम' है जिसे 'मुखकौल' और 'मुखज्ञान' भी कहा जाता है क्योंकि इस साधना का प्रसार 'योगिनी–वक्त्र' अर्थात् योगिनियों के मुख से होता है। यह 'मुखागम' है। इस प्रकार इस साधना की प्रमुख विशेषताएँ ये ठहरती हैं; पहली यह कि यह उत्तर–पीठ से प्रचलित हुई, दूसरी यह कि इसका उपदेश योगिनियों ने किया है और यह योगिनियों के मौखिक उपदेश से ही प्रचलित हुआ है, इसकी कोई अन्य परम्परा नहीं है।

जहाँ तक 'उत्तर–पीठ' का प्रश्न है, **परा–तन्त्र** के अनुसार इस पीठ की देवी कालिका है। जैसा कि परा–तन्त्र मे ही कहा गया है, एक ही देवी छह सिंहासनों पर आरूढ़ है और इन छह रूपों का सम्बन्ध शिव के छह मुखों से है जिनसे उद्भूत प्रवचनों को 'आम्नाय' कहा जाता है; 'उत्तराम्नाय' से ही इस कौल–मत का सम्बन्ध है किन्तु यह आश्चर्यजनक नहीं है कि इस मत का पश्चिमाम्नाय से बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध है जिसका प्रसार अब तो नेपाल तक ही सीमित जान पड़ता है किन्तु जिसके देव 'मन्थानभैरव' और देवी 'कुब्जिका' का

उल्लेख तन्त्रालोक में भी आता है। यह अति महत्त्वपूर्ण है की गोरक्ष–संहिता के प्रत्येक अध्याय के अन्त में महामन्थानविनिर्गते ... श्रीमतोत्तरखण्डे ...योगिनीगुह्ये. ..लिखा हुआ है जिससे इसका 'योगिनी–कौल' के प्रतिपादन करने वाला भी सिद्ध होता है, तथा श्रीमतोत्तरशास्त्र और पश्चिमाम्नाय के 'मन्थानभैरव' से इसका निकट सम्बन्ध भी प्रमाणित होता है।

गोरक्षसंहितायाम्, षोडशः पटलः, कादिप्रकरणम्, श्लोक 118 में आया है, श्रीकुब्जिका के प्रश्न–आज्ञाचक्र से प्रयत्न कर किस प्रकार भ्रान्ति का विनाश हो सकता है; के उत्तर में श्रीभैरव ने कहा है कि;

उन्मनादिचतुष्कस्य संज्ञातेदं चतुष्कलम्।

शोभितँ क्रमयोगेन विशुद्धं तत्र शाम्भवम्।।118।।

आगे इसी पटल में श्रीदेवी के अन्य प्रश्न करने पर श्रीभैरव ने कहा है कि;

वेधको[कं] यदि चित्तं स्यात्तदाराध्यं समाश्रयेत्।

अथ चेत्पूर्वविहितं[तां] क्रमपूजां समाचरेत्।।166।।

एवम्, इसी षोडश पटल में श्रीदेवी चतुष्कं और चक्रपूजन और पञ्चचक्रपदव्याप्तिर्यथास्थान क्रम और पृथिव्य आदि के क्रम इत्यादि प्रश्न करती हैं, और प्रत्येक का निर्णय करन हेतु कहती हैं, जिसके उत्तर में श्रीभैरव कहते हैं कि;

चतुष्टयमिदं देवि वाचादेवी व्यवस्थिता।

अनेन क्रमयोगेन स्वरषोडशनिर्णयम्।।355।।

यहाँ श्रीभैरव क्षोणी, शब्द, श्रोत्र और वाच चतुष्क को समझाते हैं, और वाच चतुष्क को चतुष्ट्य रूप में व्यवस्थित बताते हुए कहते हैं कि इस 'क्रमयोग' से ही षोड्श (=सोलह) स्वरों का निर्णय होता है।

श्रीमद्गोरक्षनाथ विरचित 'अमरौधप्रबोधः' ग्रन्थ में 'हठयोग' को प्रतिपादित किया है, वहाँ उन्होंने 'क्रम–योग' का भी उल्लेख किया है और कहा है कि; अथ हठः–

समहस्तयुगो भूत्वा समपादयुगस्तथा।

वेधयेत्क्रमयोगेन चतुष्पीठं तु वायुना।।39।।

यहाँ सम हस्त और समपाद के युग्म से प्राप्त की गई मुद्रा से क्रमयोग के द्वारा चतुष्पीठ से वायु का वेध साधक करता है।

यहाँ 'क्रमयोग' का उपयोग हठयोग साधना के भीतर ही किया गया है। मत्स्येन्द्रनाथ कृत 'मत्स्येन्द्रसंहिता' के षोडशः पटलः में भी 'क्रमयोग' का उल्लेख आता है। वहाँ कहा गया है कि;

ईश्वर उवाच–

संहृत्य क्रमयोगेन मूलाधारपदं नयेत्।

तत्र कुण्डिलिनीशाक्तिं संवर्त्तानलसंन्निभाम्।।77।।

यहाँ कुण्डलिनी शक्ति के निवास मूलाधार में क्रमयोग का उपयोग साधक द्वारा किया जाता है। (दृष्ट्व्य पुस्तक 'मत्स्येन्द्र संहिता' सम्पादक 'देवव्रत सेनशर्मा', The Asiatic Society, Calcutta, March, 1994)

ये सभी संकेत क्रमदर्शन से इसकी घनिष्ठता बताते हैं। इस **श्रीमतोत्तरशास्त्र** की पाण्डुलिपि नेपालदरबार के पुस्तकालय में सुरक्षित है और उसकी विषयसूची लगभग वही है जो गोरक्ष–संहिता की है। गोरक्ष–संहिता का 'कादि–प्रकरण' अपने प्रकाशित स्वरूप मे सत्ताईस पटलों में विभक्त है जिनमें मुख्यतः काली–साधना का विवरण है। यह शाक्त–उपासना का ग्रन्थ है, यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि सामान्यतः यही माना जाता है कि नाथ–पंथ में शाक्त साधना का स्थान नहीं है। *क्रम–पूजा, क्रम आम्नाय, मातृका–चक्र,*

योगिनी–चक्र, दूती–चक्र और देवी–चक्र का इसमें विस्तृत विवरण है। एक पूरा अध्याय जालन्धरनाथ की उपासना पर है। 'क्रम–योग' का भी संदर्भ इसके षोडश पटल में दो स्थानों पर दिया हुआ है। एक अध्याय 'छुम्मा' पर है। 'छुम्मा' एक तरह से योगिनियों से बात करने के लिए साधक की भाषा है। जब साधना के समय योगिनियाँ प्रकट होती हैं तब वे कुछ संकेत करती हैं और साधक के लिए यह जानना आवश्यक है कि किस संकेत का क्या अर्थ है और उसके उत्तर में कौन सा संकेत करना है। 'छुम्मा' का उल्लेख तन्त्रालोक में भी आता है किन्तु वहाँ उसके बारे में कुछ बताया नहीं गया है। क्रम दर्शन के ग्रन्थों में भी छुम्मा का जगह जगह विवरण देखने में आता है। आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी के प्रयास से **छुम्मासम्प्रदायः नामक ग्रन्थ** जो निष्क्रियानन्दनाथ की कृति के रूप में उल्लिखित है, की हस्तलिखित प्रति देखने और अनुलेखन के लिए उनको स्व. पं. दीनानाथ यक्ष के सौजन्य से मिली जिसको उन्होंने अपनी पुस्तक 'काश्मीर की शैव संस्कृति में कुल और क्रम–मत' के परिशिष्ट भाग (1) में 'छुम्मा–सम्प्रदाय' के शीर्षक से पृ. 111 पर दिया हुआ है। इस ग्रन्थ में प्रारम्भ में कहा गया है;

लिङग अभिज्ञानु।।1।।

यत्रेमाः संविदः सर्वाः सबाह्याभ्यन्तरोदिताः।

अस्पर्शपरमाकाशनिर्निकेते परे शिवे।।1।।

व्यक्ताव्यक्तपदातीते निःस्पन्दानन्दसुन्दरे।

लीयन्ते क्रमयोगेन तल्लिङगं संस्मृतं परम्।।2।।

इसी ग्रन्थ में आगे उद्धृत है;

पर्यन्तछुम्म।।30।।

महापर्यन्तसम्बोधपरछुम्ममहोदयः।

नानादर्शनसम्भूतचर्चाभिः महाद्भुतः।।

वक्त्राद्वक्त्रक्रमोद्भूतसाहसाख्यो महाद्भुतः।

कालाकालोभयोल्लाससंक्षयात्सततोदितः।। (30) ।।

गोरक्ष–संहिता (कादि–प्रकरण) में 'क्रम–योग' और 'क्रम–पूजन' और क्रमाम्नाय इत्यादि के दिये हुए कुछ विवरण इस प्रकार है; गोरक्ष–संहिता के कादि प्रकरण के चतुर्विंशः पटलः में श्रीकुब्जिका प्रश्न करती हैं और श्रीभैरव उनको उत्तर देते हैं;

श्रीकुब्जिकोवाच

गुर्वाद्यं च श्रुतं देव त्वत्प्रसादेन मे प्रभो।।31।।

क्रमस्य पूजनं नाथ ज्येष्ठं मध्यमकं न्यसन्।

कथयस्व प्रसादेन येन जानामि निश्चयम्।।32।।

श्रीभैरव उवाच

साधु भद्रे वदिष्यामि क्रमस्य पूजनं यथा।

सुगोप्यं कथयिष्यामि त्रिशुद्धं क्रमपूजनम्।।33।।

ज्येष्ठं मध्यं कनिष्ठं च त्रिःप्रकारं यथास्थितम्।

सप्तत्रिनवभेदैश्च कथितं पीठपूजनम्।।34।।

अष्टाविंशच्च प्रथमं सप्तविंशद्द्वितीयकम्।

षट्त्रिंशं त्रितयं देवि क्रमभेदमुदाहृतम्।।35।।

....

....

चतुष्कं शृणु कल्याणि यथा पूज्या कुलक्रमे।

तथाहं कथयिष्यामि सबाह्याभ्यन्तरक्रमम्।।38।।

यहाँ श्रीकुब्जिका ने 'क्रम–पूजा' के विषय को जानने का अनुरोध किया

है ओर उनके प्रश्न के उत्तर में श्रीभैरव न 'क्रम–पूजन' को तीन भागों–ज्येष्ठ, मध्यं और कनिष्ठ में विभाजित बताया है और इन्हें क्रमशः 28, 27 और 36 (कुल योग = 28+27+36=91) क्रम–भेद से उद्धृत किया है। यहाँ इस विवरण से यह भी साफ़ है कि क्रम–दर्शन को एक विशुद्ध, सुदीर्ध, अति प्राचीन, स्वायक्त परम्परा, आम्नाय और सम्प्रदाय के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त थी। कई आधुनिक विद्वान इसको नहीं स्वीकार करते और क्रम–दर्शन को कुल, त्रिक की एक शाखा मात्र के रूप में ही देखते हैं, जो कि भ्रान्ति मात्र है। उपरोक्त श्लोक ।।38।। में श्रीभैरव अपने उत्तर में 'कुलक्रम' अर्थात् कुल पूजन के क्रम पर भी प्रकाश डालते हुए उसे बाह्य ओर अभ्यन्तर के दो क्रम विभाजन से द्योतित करते हैं। यहाँ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि 'क्रम' पद यहा भले ही ऊपरी तौर पर एक क्रमवार तरीके को बतला रहा है, परन्तु यहाँ मूल में 'क्रम–दर्शन' के भीतर 'क्रम–पूजन' के विधान के विषय में ही यह प्रश्नोत्तरी चल रही है। 'क्रम–दर्शन' के अन्यान्य ग्रन्थों में इसी बाह्य और अभ्यन्तर पूजा विधान को ही और गहनता और विस्तार से प्रतिपादित किया गया है। 'क्रम–दर्शन' अपने संपूर्ण रूप में 'ज्ञान–कर्म–उपासना' की काण्डयत्री में विभक्त है, और एक स्वतन्त्र, स्वायक्त दर्शन के रूप में वैसे ही हमको प्राप्त है, जैसे कि कुल, त्रिक इत्यादि दर्शन। इन सभी दर्शनों में परस्पर संवाद, विषय प्रतिपादन और शब्दावली इत्यादि में साम्य, देखने में आता है। उपरोक्त विश्लेषण से अधिकतर विद्वान विशेषकर कई आधुनिक विद्वान भ्रमित होकर यह मान बैठे हैं की 'क्रम–दर्शन' एक स्वतन्त्र दर्शन न होकर 'कुल–दर्शन' की एक शाखा मात्र है, या उस शाखा का केवल एक विस्तार मात्र है।

उपरोक्त चतुर्विंशः पटलः के अन्त में श्रीभैरव ने कहा है;

....

क्रमत्रयस्य यो वेत्ता क्रियाभेदप्रकाशकः।
स ज्येष्ठः कुलसंताने स च भैरववत् स्वयम्।
तस्य पूजा प्रकर्तव्या वाङ्मनः कायकर्मभिः।।60।।

'क्रम–दर्शन' की एक गुरु परम्परा है, पूजा विधान है, दार्शनिक पहलु है, आम्नाय है। इस चतुर्विंशः पटलः में ही 'क्रम–पूजा' के प्रश्न के तुरंत बाद श्रीदेवी श्रीभैरव से 'क्रमाम्नाय' के विषय में प्रश्न करती हैं;

श्रीदेव्युवाच–

श्रुतं देव् मया सर्वं क्रमभेदविभदिषु।
त्वत्प्रसादेन मे ज्ञातं क्रमाम्नायं सुदुर्ल्लभम्।।61।।
चतुःषष्टिक्रमं दिव्यं न मे ज्ञातमहं(मिदं) प्रभो।
कथयस्व प्रसादेन यदि तुष्टोऽसि मे प्रभो।।62।।

श्रीभैरवउवाच

साधु कुब्जि महाभागे साधु त्वं वीरवन्दिते।
गोपितं सर्वतन्त्रेषु दुर्लभं यत्सुरैरपि।।63।।
त्वया पूर्वं तपस्तप्तं वर्षकोटिशतैरपि।
तेन तुष्टो ह्यहं भद्रे कथयामि पुनः पुनः।।64।।
दिव्यं चैव क्रमाम्नायं दिव्यादिव्यनिषेवितम्।
तमहं कथयिष्यामि तव भक्त्या महातपे।।65।।

....

....

मेखलात्रयसंयुक्तं चतुःषष्टिदलान्वितम्।

एकं क्रमं महादिव्यं दिव्यादिव्यैर्निषेवितम्।।67।।

....

....

चतुःषष्टिः क्रमाद्दिव्यं सुगोप्यं प्रकटीकृतम्।

न वदेद्यस्य कस्यापि अभक्ते चुम्बके न च।।73।।

अर्थात् श्रीभैरव ने यह चतुःषष्टि(=64) अति गोप्य दिव्य क्रम को प्रकट किया, जिसमें इन 64 महादेवियों का मध्य में क्रम से पूजन होता है, और इस पूजन से साधक को सभी प्रकार की भुक्ति और मुक्ति दोनों ही फल प्राप्त होते हैं। इस रहस्य को किसी अभक्त को प्रकट नहीं करना चाहिए।

चतुःषष्टिमहादेव्यः पूजयेत् क्रममध्यतः।

पूजनात् सर्वमाप्नोति भुक्तिमुक्तिफलं लभेत्।।71।।

क्रम–दर्शन शिवाद्वयवाद का अंग है, पर अपने मूल में यह एक पार्थक्य और स्वायक्त सत्ता रखने वाला शाक्त सम्प्रदाय है। यदि क्रमवार तरीके से देखा जाए तो क्रम सम्प्रदाय की पूर्वोत्तर शाखा के अधिकांशतः ग्रन्थ नेपाल में मिलते हैं और इनका कुब्जिका काली के सम्प्रदाय से अंतरंग सामीप्य है। यह सम्प्रदान तान्त्रिक प्रवृत्तियों का बाहुल्य लिये हुए है। आचार्य अभिनवगुप्त पाद क्रम–दर्शन का उल्लेख प्रायः शाक्तोपाय के सन्दर्भ में ही करते हैं, यद्यपि उनके स्वरचित 'क्रमस्तोत्र' में शिव ही अन्ततः उनके इष्ट हैं। अभिनवगुप्त पाद ने अपने श्रीतन्त्रालोक के प्रथमाह्निकम् में इस स्थिति को भेदाभेदमयी कहा है, वे वहाँ कहते हैं कि;

उच्चारशब्देनात्रोक्ता बतेन तदादयः

शक्तयुपाये न सन्त्येते भेदाभेदौ हि शक्तिता।।220।।

यहाँ यह स्थिति अभेद और भेदमयी है, क्योंकि बाह्य उच्चार आदि

स्वरूप–उपलब्धि में पूर्णतया तिरोहित हो जाती है इसलिए अभेद है, और भेद इसलिए है, क्योंकि यहाँ विकल्प की स्थिति तो है ही, भले ही शुद्ध रूप में ही सही। इसी तरह इस भेद अभेद को, भोग–मोक्ष के सामरस्य के रूप में मुक्ति की कल्पना के रूप में भी स्पष्ट रूपेण देखा जा सकता है, जैसा कि 'महार्थमञ्जरी' की परिमल टीका में महेश्वरानन्द ने कहा है कि; ... एतदेव ह्यस्य दर्शनान्तरेभ्यो वैशिष्टयं यद् भोगमोक्षद्वितयानुभूतिसामरस्यं नाम।

यथा श्रीरत्नदेवे–

भुक्तिर्वाप्यथ मुक्तिश्च नान्यत्रैकपदार्थतः।

भक्तिमुक्ती उभे देवि! विशेष परिकीर्तिते।।इति। (पृ. 132, पंक्ति 10)

शांभवोपाय प्रमातृपरक, शाक्तोपाय प्रमाणात्मक और आणवोपाय प्रमेयपरक कहा जाता है। शाक्तोपाय इन दोनों के मध्य का सम्पर्क स्थापित करता है, अर्थात् यह विकल्प ज्ञान को निर्विकल्प–बोध में पर्यवसित करता है, यही इस शाक्तोपाय का स्वरूप है। यहाँ इस क्रम–सम्प्रदाय में विकल्प का संस्कार क्रमबद्ध होता है, और यही मुक्ति का कारण है। अभिनवगुप्त के अनुसार यह क्रमिक संस्करण इस क्रम–सम्प्रदाय में कई उपायों के द्वारा सम्भव होता है। अभिनवगुपत पाद इसे 'उपायमण्डल' के नाम से तन्त्रालोक में अभिहित करते हैं। वे तन्त्रालोक के चतुर्थमा□िकम् के प्रारम्भ में ही कहते हैं कि; 'इदानीं शांभवोपायानन्तरं क्रमप्राप्तं शाक्तोपायं कथयितुमपरार्धेन प्रतिजानीते;

अथ शाक्तमुपायमण्डलं

कथयामः परमात्मसंविदे।।1।। यादी

'उपायमण्डलम्' इति विकल्पसंस्क्रियादीनामानैक्यात्'।।1।।

क्रम–दर्शन में परम तत्त्व – काली

क्रम–सम्प्रदाय में क्रम–चतुष्टयार्थ अथवा क्रम पञ्चार्थ की धारणा का अति महत्त्व है। पञ्चकृत्यकारिता में सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रह हैं, यही ईश्वर के पञ्च कृत्य हैं जिन्हें पञ्चार्थ कहा गया है। चतुष्टयार्थ के अन्तर्गत चतुर्थ तिरोधान में पञ्चम अनुग्रह का अन्तर्भाव किया गया है। इस क्रम–सम्प्रदाय की विशिष्ट शब्दावली में तिरोधान और अनुग्रह को अनाख्या एवं भासा भी कहा गया है। एक ही शक्ति में कृत्यभेद से क्रम की कल्पना चतुष्टयार्थ रूप में की जाती है। जैसा कि 'महानयप्रकाश' (शितिकण्ठ कृत) में कहा गया है;

'भेदैश्चतुर्भिरेकस्यां शक्तौ यत्क्रमणं क्रमात्।

सृष्टिस्थितिलयानाख्यैः स क्रमः परिकीर्तितः।। (पृ. 45, KSTS)

एवम् इसो उपरोक्त ग्रन्थ में इसी पृष्ठ पर कहा गया है कि;

'एकस्य चित्प्रवाहस्य क्रमभेदः स्वगोचरे।

इच्छाज्ञानक्रियाभिर्यः क्रमार्थः सोऽभिधीयते।।'

अर्थात – एक ही चित्प्रवाह का इच्छा, ज्ञान और क्रिया के द्वारा सृष्टि, स्थिति, संहार और अनाख्या रूप क्रमभेदन चतुष्टयार्थ है। **इसी संदर्भ में महार्थमञ्जरी सपरिमला (पृ. 93, 94) में कहा गया है कि; यथोक्तं श्रीक्रमसिद्धितंत्र–**

संवित्क्रममिमं देव! शृणु वक्ष्यामि सुन्दर।

सृष्टिं स्थितिं च संहारानाख्याभासास्वरूपकम्।।

ज्ञानं मन्त्रं च मेलापं शाक्तं शाम्भवसंयुतम्। इति।

अर्थात् – हे देव! इस सुन्दर संवित्क्रम का वर्णन करूँगा, सुनो! यह संवित्क्रम सृष्टि, स्थिति, संहार, अनाख्या और भासा स्वरूप वाला है। यह क्रमशः ज्ञान,

मन्त्र, मेलाप, शाक्त ओर शाम्भव से मिला हुआ है।

यथा श्रीक्रमसद्भावे–

ज्ञानं सृष्टिं विजानीयात् स्थितिर्मन्त्रः प्रकीर्तितः।

संहारं तु महाकालमेलापं परमं विदुः।।

अनाख्यं शक्तिरूपं तु भासाख्यं शम्भुरूपकम्।

पञचप्रकारमेतद्धि विज्ञेय तत्त्वदर्शिभिः।।इति।

क्रम–दर्शन में परम तत्त्व को कहीं पर परमशिव और कहीं पर कालसंकर्षिणी के रूप में प्रतिपादित किया गया है। जहाँ परम तत्त्व परम शिव हैं, वहाँ कालसंकर्षिणी को उसकी स्वातन्त्र्य या विमर्शरूपिणी शक्ति माना गया है। यह 'काली' का ही एक रूप है, कलनात्मकता इसका मुख्य गुण है। **'कलन' के धातुगत पाँच अर्थ हैं– क्षेप, ज्ञान, संख्यान, गति और नाद। जैसा कि तंत्रालोक में अभिनवगुप्त पाद ने कहा है कि;**

'क्षेपो ज्ञानं च संख्यानं गतिर्नाद इति क्रमात्'।। ...

एवम् इति पञचविधामेनां कलनां कुर्वती परा।

देवी काली तथा कालकर्षिणी चेति कथ्यते।। (तंत्रालोक, 4/173ख, 176)

'काली' शब्द 'कल' धातु से बना है। इस 'कल' धातु के पाँच अर्थ इस प्रकार है–

1. कल क्षेप, (क्षेप का अर्थ है फेंकना)। यह इस प्रकार है;

''कलयति–स्वात्मभेदेन स्थितं प्रमातृप्रमाणप्रमेयरूपं विश्वं बहिर्भावेनोल्लासयतीति परा संविद्देवी काली–इत्युच्यते''। अर्थात् अपने ही स्वरूप में स्थित प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय–रूप जगत को, जो अपन स्वरूप से बाहर यानी भिन्नरूपता से दिखाती है, उसे काली कहते हैं।

अतः इस प्रथम अर्थ के आधार पर 'काली' परासंवित्–देवी का ही पर्यायवाची

शब्द माना जाता है।

2. – कल गतौ (ज्ञाने)

'कल' धातु ज्ञान के अर्थ में भी प्रयुक्त होता है। 'कलयति–स्वात्मबहिर्भावेनावभासितमपीद मातृमानमेयात्मकं जगत् स्वात्माभेदेनैव परामृश्यतीति परैव संविद्–देवी काली–इत्युच्यते।'' अर्थात् अपने स्वरूप से भिन्न देखने में आये हुए जगत को भी जो, अपनी ही अनर्गला स्वातंत्र्यशक्ति से पुनः स्वरूपमय ही परामर्श करती है, कालीय कहलाती है। अतः यहाँ भी परसंविद्देवी ही काली कही जा सकती है।

3. – कल संख्याने

'कल' धातु का तीसरा अर्थ, संख्यान यानी विकल्प करने के रूप में ग्रहण किया जाता है। 'एवं कलयति–भेदितमपि मातृमेयादिकं जगद्रूपमर्थं परस्परापोहनात् 'अयं घटः, न पटः' इति प्रतिनियतरूपतया अवस्थापयति–इति परैव चिल्लहरी संवित्–काली–इत्युच्यते।''

अर्थात् इसी भांति जो प्रमातृप्रमेयादिरूप जागतिक पदार्थों को अपने ही स्वातंत्र्य द्वारा स्वरूप से विलग ठहरा कर पुनः एक दूसरे के ज्ञान से भी वंचित रखती ह और नियतरूपतया यानी ''यह पदार्थ घट ही है पट नहीं'' –इस प्रकार का नियमन करती है, वह भी परा संविद् भगवतो के रूप में 'काली' कही जाती है।

4. – कल गतौ (प्राप्तौ च)

चतुर्थ अर्थ 'कल' धातु का, प्राप्ति के अर्थ में लागू होता है। प्राप्ति को दूसरे शब्दों में रूढ़ होना या पहुँचना भी कह सकते हैं। यह प्राप्ति क्या है– इसको व्यक्त करने हेतु कहते हैं, ''कलयति–यया मातृमानमेयात्मको भेदितोऽर्थः स्वसंवित्तिमकुरे स्वात्मन्यव्यतिरिक्तत्वेऽपि अव्यतिरेकेण स्वरूपारोहितत्वेनैवा–वस्थापयतीति परा कालसंकर्षिणी देवी काली–इत्युच्यते।''

अर्थात् जो स्वात्मदर्पण में ठहरे हुए जगत के भिन्न होने पर भी उस जगत को अभिन्न यानी स्वात्मरूपतया ही संस्थापित करती है, वही कालसंकर्षिणी संविद् भगवती काली कही जाती है।

5. – कल शब्दे

पाँचवां अर्थ कल धातु का है–'नाद करना'। यहाँ नाद का तात्पर्य इस प्रकार है; ''कलयति–समस्तानामविकल्प–सविकल्पादीनां ज्ञानानां सृष्टिस्थितिसंहारपिधानानुग्रहात्मकपञ्चकृत्यत्वानुसंधानेन स्वात्मपरामर्शशेषतयैव सर्वं परामृश्यतीति परैव संवित् काली–इत्युच्यते।''

अर्थात् जो अप्रतिहता पराभगवती निर्विकल्प तथा सविकल्प समग्र ज्ञान का परामर्श पाञ्च–कृत्य (सृष्टि–स्थिति–संहार–पिधान और अनुग्रह) के रूप में करती है, तदनन्तर उस संपूर्ण ज्ञान को अपनी ही स्वरूप–परामर्शात्मिका तुरीयसत्ता में लवलीन बनाती है, वही 'काली' नाम से अलंकृत की जाती है। अतः जैसा कि तन्त्रालोक में कहा गया है कि;

इति पञ्चविधामेनां कलनां कुर्वती परा।

देवी काली तथा कालकर्षिणी चेति कथ्यते।। (तन्त्रालोक, 4/176)

अर्थात् इस तन्त्रालोक के उपदेश के अनुसार उपरोक्त पांच प्रकार की कलना को करने वाली यही कालकर्षिणीरूपा परा संविद् भगवती काली देवी कहलाती है। (उपरोक्त पांच प्रकार की कलना का विश्लेषण हमने राजानकलक्ष्मण जू जी द्वारा संपादित ग्रन्थ **'श्रीक्रमनयप्रदीपिका'** से उद्धृत किया गया है। हम आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी द्वारा इस ग्रन्थ से हमारा परिचय कराने हतु सदैव कृतार्थ हैं। यह ग्रन्थ ईश्वर आश्रम ट्रस्ट, श्रीनगर आश्रम, इशबर (निशांत), श्रीनगर, काश्मीर द्वारा, सन् 1958 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। बाद में सन् 2010, जुलाई में इसका पुनर्मद्रण हुआ था।)

काली भगवती को अन्य नामों से भी जाना जाता है– जैसे 'मातृसद्भाव', वामेश्वरी, त्रिपुरसुन्दरी इत्यादि। इस काल–संकर्षिणी काली भगवती की दो अवस्थायें मानी गई हैं। पहली अवस्था वह है, जहां इसे अपने स्वरूप का संकोच रहता है। इस स्वरूपसंकोचात्मक दशा में इसे 'अनाख्यरूपा' नाम से ही वर्णित किया गया है। इस अवस्था की प्राप्ति पर अणु–मात्र भी द्वैत की संभावना नहीं रहती। इसी को दूसरे शब्दों में विश्वोत्तीर्ण अवस्था भी कहते हैं। इसी काली भगवती की दूसरी अवस्था ''स्वरूपविकासात्मक' कही गई है। इस दशा में स्वरूप–प्रथनात्मक स्थिति होते हुए भी जगद्वर्त्ती सभी भेद तथा उपभेदों की उत्पत्ति होती रहती ह। शास्त्रों में इसी अवस्था को 'विश्वमय' के नाम स वर्णित किया है।

यद्यपि दोनों ही अवस्थाओं के स्वरूप–चमत्कार में नाम–मात्र भी न्यूनाधिक्य नहीं रहता, तथापि शैव–आचार्यों ने विकासात्मक विश्वमय अवस्था को ही सर्वोपरि माना है। जैसा कि 'पञ्चस्तवी' में कहा गया है कि;

संकोचमिच्छसि यदा गिरिजे तदानीं

वाक्तर्कयोस्त्वमसि भूमिरनामरूपा।।

यद्वा विकासमुपयासि यदा तदानीं

त्वन्नामरूपगणनाः सुकरी भवन्ति।।

अर्थात् हे पार्वती! जब आप अपने स्वरूप का संकोच करना चाहती हैं, तब आप का स्वरूप अनुल्लेख्य हो जाता है, अर्थात् नाम रूप की कलना से अतीत बनता है। साथ ही वह स्वरूप, वाणी एवं मन का विषय न बन कर उस से बहुत दूर चला जाता है। इस के विपरीत जब आप अपने स्वरूपविकासात्मक अवस्था को प्राप्त करती है, तो उस दशा में ध्यान करने से भक्त–जन आप के

स्वरूप को सहज ही प्राप्त करते हैं। **परा संविद्देवी की यही विश्वमय स्वरूपविकासात्मक दशा कुल बारह स्वरूपों में विभक्त हुई है। काली भगवती के यही द्वादश रूप समस्त विश्वर्ती स्वरूपों के द्योतक हैं, और इससे काली देवी की असंख्यरूपता का अनुमान भी लगाया जाता है।**

द्वादश काली

परप्रमातृरूप संविद्देवी प्रमेय, प्रमाण और प्रमातृपद में सृष्टि, स्थिति, संहार और अनाख्य–चक्र का आश्रय लेकर ही अपने स्वयप का विकास करती है। इस प्रकार प्रमेय आदि तीन वर्गों में सृष्टि आदि चार चक्रों के गुणन करने से वे कुल बारह अवस्थायें बनती हैं। पराभगवती की ये बारह अवस्थाये विश्व की समस्त हानादानादि क्रियाओं में विद्यमान हैं,इस ओर मनुष्य को सजग कर इन स्वरूपचमत्कारात्मक अवस्थाओं के आनन्दानुभव के प्रति उद्यत करने के अभिप्राय से 'द्वादश–कालियों' के स्वरूपों का वर्णन कर्म–दर्शन में किया गया है। आचार्य अभिनवगुप्त ने तन्त्रालोक में काली के प्रत्येक स्वरूप–वर्णन के श्लोकों का संकलन कर द्वादश–काली के स्वरूप वर्णन को 'क्रमस्तोत्र' के अन्तर्गत निबद्ध किया है। यह क्रमस्तोत्र स्वयं अभिनवगुप्त कृत 'क्रमस्तोत्र' से भिन्न है।

जैसा कि श्रीमहानयप्रकाश (त्रिवेन्द्रम) में कहा गया है कि;

स्वरूपानुगुण्येन प्रत्येकं कलनावशात्।

सृष्टिस्थित्यादिभिर्भेदैश्चतुर्धा अपि ताः स्थिताः।। (9/16)

अर्थात् प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय में प्रत्येक से सृष्टि आदि क्रम–चतुष्टय को जोड़ने पर 'बारह देवियाँ' प्राप्त होती हैं। ये सारी देवियाँ विचार की आन्तरिक क्रिया हैं, और साधक में निर्विकल्प चित् या शुद्ध बोध का उदय इन्हीं की शक्ति से सम्भव होता है। साधक के निर्विकल्प चित् की यही आधार है। स्वामी

श्री लक्ष्मण जू जी महाराज कृत 'श्रीक्रमनय–प्रदीपिका' में भी आचार्य अभिनवगुप्त पाद कृत तन्त्रालोक में उद्धृत 'क्रमस्तोत्र' के आधार पर ही इन 'द्वादश कालियों' का क्रम दर्शाया गया है। इन द्वादश देवियों की दूसरी संज्ञा काली भी है और इनका स्मरण इन्द्रिय–शक्तियों के रूप में भो किया गया है, जैसा कि 'श्रीमहानयप्रकाश' (परिमल) में कहा गया है कि; ... द्वादशानामिन्द्रिय स्फुरत्तानाम् (पृ. 101) अर्थात् इनका स्मरण इन्द्रिय–स्फुरत्ताओं के रूप में भी किया गया है। इन द्वादश कालियों का क्रम, तन्त्रालोक के अनुसार 'क्रमस्तोत्र' ग्रन्थ से उद्धृत किया गया है, और वह इस प्रकार है; (1) सृष्टिकाली, (2) रक्तकाली, (3) स्थितिनाशकाली, (4) यम काली, (5) संहारकाली, (6) मृत्युकाली, (7) भद्रकाली, (8) मार्तण्डकाली, (9) परमार्ककाली, (10) कालग्निरुद्रकाली, (11) महाकालकाली, एवं (12) महा–भैरव–घोर–चण्डकाली।

क्रम–दर्शन के कुछ ग्रन्थों में जैसे पञ्चशतिका में अभिनवगुप्त उद्धृत 'क्रमस्तोत्र' से भिन्न त्रयोदश अर्थात् तेरह कालियों का विधान है, क्योंकि यहाँ 'श्रीसुकाली' की गणना भी द्वादश कालियों की सूची में की जाती है। अनाख्या चक्र में 13 देवियों की गणना है, अतएव श्रीमहाभैरवचण्डोगधोर काली भट्टारिका तेहरवीं देवी ही हैं, यह मानना चाहिये। जैसा कि तन्त्रालोक, विवेक के चतुर्थमाह्निकम्, श्लोक (173) में जयरथ अपनी टीका में प्रश्न उपस्थित करते हैं कि; ... ननु क्रमदर्शने सर्वत्रैव श्रीसृष्टयादिदेवीनां मध्ये श्रीसुकाल्या भगवत्या अभिधानं, येनानाख्यचक्रे त्रयादश देव्यः, अत एव श्रीमहाभैरवचण्डोग्रघोरकाली–भट्टारिकायाश्च त्रयोदशत्वम्, तदुक्तं श्रीपञ्चशतिके–

'डकला भीषणा रौद्रा कुलकालिनिराकुला।

अलक्ष्या लक्ष्यनिर्लक्ष्या सुकाली नाम सिद्धिदा।।' इति।

श्रीतन्त्रराजभट्टारकेऽपि

'सृष्टिकाली च संहारे सृष्टौ सा परमेश्वरी।

स्थितिकाली तथा घोरा ततः संहारकालिका।।

रक्तकाली चर्वयन्ती रक्तौघमविभेदतः। (रक्तौ)

सुकाली यमकाली च मृत्युकाली भयावहा।।

भद्रकाली तथा चान्या परमादित्यकालिका।

मार्तण्डकाली कालाग्निरूद्रकालमहोल्लवणा।।

महाकालकुले काली महाभैरवकालिका।

त्रयोदशविधा काली विज्ञेया नामभेदतः।।' इति।

उपरोक्त **श्रीपञ्चशतिक** से उद्धृत श्लोक में कहा गया है कि–

'' 'ड' कला भीषण है, रूद्ररूपिणी है, कुलकाली से निराकुला है। लक्ष्यातीत है और लक्ष्य से निर्लक्ष्य तक व्याप्त है। ऐसी सिद्धिदात्री माँ ही सुकाली है।'' ऐसा ही उपरोक्त **श्रीतन्त्रराजभट्टारक** में भी कहा गया है कि; 'सृष्टि, स्थिति, संहार, रक्त, सुकाली, यमकाली, मृत्युकाली, भद्रकाली, परमादित्यकाली, मार्त्तण्डकाली, कालाग्निरूद्र, महाकालकाली और महाभैरव काली यह तेरह काली नाम भेद से पृथक् पृथक् जानी जाती है। अर्थात् 'सब में सब' नियम नहीं लागू होता। क्योंकि 'श्रीक्रमसद्भावभट्टारक' ग्रन्थ में अनाख्या चक्र में तो 17 देवियाँ पूज्य मानी गयी है। किन्तु यह सर्वमान्य सिद्धान्त नहीं है। क्रम–दर्शन की उपासना परम्परा में केवल 13 या मात्र 12 देवियाँ ही पूज्य रूप से मान्य हैं। इस क्रम में सुकाली पृथक् मान्य नहीं है।

आगे तन्त्रालोक में कहा गया है कि आगम कहता है; यदागमः

'यत्सृष्टिस्थितिसंहाररक्तैश्च यममृत्युभिः।

रुद्रमार्तण्डपरमादित्यकालाग्निरुद्रकैः।।

पदैश्च समहाकालैः कालीशब्दान्तयोजितैः।

महाभैरवचण्डोग्रघोरकालीपदं नयेत्।।' इति।

अर्थात् सृष्टिकाली से लेकर महाभैरव चण्डोग्रघोरकाली तक केवल बारह देवियाँ ही उपास्य हैं। 'श्रीक्रमकेलि' जो अभिनवगुप्त पाद ने सिद्धनाथ के क्रमस्तोत्र पर टीका लिखी थी, उसमें भी यही परिपाटी स्वीकृत है अन्य नहीं, ऐसा जयरथ यहाँ अपनी टीका में कहते हैं। यह श्रीक्रमकेलि टीका आज हमको केवल स्वयं अभिनवगुप्त, क्षेमराज, जयरथ और महेश्वरानन्द के द्वारा प्रदत्त उद्धरणों के रूप में ही प्राप्य है। *श्रीक्रमकेलि* के अनुसार अनाख्या–चक्र की बारह कलाएँ हमें दूसरी तरह से भी प्राप्त होती हैं, जैसा कि महेश्वरानन्दविरचिता महार्थमञ्जरी सपरिमला में (पृ. 100, 101) पर कहा गया है कि; ... ''इहैकैकत्र सृष्टयादौ चक्ररूपता विद्यते' इति। श्रीक्रमकेलिक्लृप्त्या सृष्टिसृष्टिः, सृष्टिस्थितिः, सृष्टिसंहारः, सृष्टितुरीयम्; स्थितिसृष्टिः, स्थितिस्थितिः, संहारसंहारः, संहारतुरीयम्, इति। अर्थात्– सृष्टि, स्थिति, संहार में से प्रत्येक कृत्य की सृष्टि, स्थिति आदि भेद से चार–चार स्थितियाँ होती हैं। इन का कुल जोड़ द्वादश=12, है और इन द्वादश देवियों, की ही दूसरी संज्ञा 'काली' है और इनका स्मरण इन्द्रिय–स्फुरत्ताओं के रूप में भी यहाँ किया गया है। उपरोक्त विवेचन से ऐसा प्रतीत होता है कि कालियों की संख्या के विषय में कुछ मतभेद आचार्यों के विवेचनों में पहले से चला आ रहा है। श्रीक्रमकेलि को भी जयरथ जहाँ बारह कालियों के सिद्धान्त का ही प्रतिपादक मानते हैं, वहीं महेश्वरानन्द इसे तेरह कालियों के सिद्धान्त का प्रतिपादक मानते हैं। इसी प्रकार हम देखते हैं कि क्रम स्तोत्र में जहाँ द्वादश काली हैं वहीं पञ्चशतिक में त्रयोदश कालियों का विधान अनाख्या–चक्र में है। जयरथ के अनुसार कुछ अनुयायी भ्रमित होकर यह मानते हैं कि क्रम स्तोत्र में **श्रीक्रमसद्भाव** की परिपाटी को अपनाते हुए

ही अनाख्या–चक्र में 'काली–पूजन विधान' किया गया है। उनके अनुसार ऐसा भ्रम फैला हुआ है। वे इसका पूर्ण रूपेण खण्डन करते हैं और उनका कहना है कि ऐसी अवधारणा के पीछे कुछ अन्य आगमों का अनुसरण ही कारण है, यद्यपि उन्होंने उनके नाम तन्त्रालोक पर अपनी विवेक टीका में नहीं दिये हैं। क्रम–स्तोत्र पर ही अभिनवगुप्त पाद कृत क्रमकेलि टीका है, क्रम–स्तोत्र ओर सार्धशतिक में भी 'काली–क्रम' को लेकर मतभेद है। श्रीसार्धशतिक में जहाँ स्थितिकाली, सृष्टिकाली के बाद आती ह, वहीं क्रम–स्तोत्र में पहिले रक्तकाली आती हैं, स्थितिकाली के स्थान पर। ऐसा करने के पीछे मूल उद्देश्य है 'संवित्क्रम' का प्रदर्शन करना। यह उद्देश्य क्या है, इस विषय में तन्त्रालोक में जयरथ कहते हैं कि; ...–'किं तु आगमे संवित्क्रमगोपनार्थम् आलूनविशीर्णतयैवमभिधानं, यथा श्रीपञ्चशतिके स्थितिक्रमेऽपि, यदेव चानुसृत्य महागुरुभिः पूजाक्रमः प्रक्रान्तः, इह तु पूजाक्रमगोपनायस्वशय्ययैव स्थापनं, यदधिकृत्य संवित्क्रमः परिनिष्ठितिमियात्, अत एवागमैकशरणतया प्रवृत्तेऽपि श्रीक्रमस्तोत्रे ग्रन्थकृतां संवित्क्रममेव प्रदर्शयितुं तद्विवृतौ...इत्याद्युक्तम्...'।।

अर्थात्– क्योंकि आगम ग्रन्थों में क्रम को विकृत कर दिया जाता है या उलट दिया जाता है, जिससे संवित्क्रम को गोपनीय रखना सम्भव हो पाये, जैसा कि पञ्चशतिक ग्रन्थ में स्थितिक्रम के संदभ्र में किया गया है। इसी की अगली कड़ी के रूप में ही 'पूजा के क्रम' (पूजन–क्रम) को आचार्यों द्वारा नियत किया गया है। अतः संवित्क्रम को परिनिष्ठ करने और उसका प्रदर्शन करने की दृष्टि से ही कालियों के वास्तविक क्रम को क्रम–स्तोत्र ओर साथ ही साथ तन्त्रालोक में भी बनाये रखा गया है और संरक्षित रखा गया है। जयरथ के अनुसार, अभिनवगुप्त पाद क्रम–स्तोत्र पर की गई अपनी टीका क्रमकेलि में भी इसी

अवधारणा का अनुसरण करते हैं।

तान्त्रिक उपासना क्या है?

(प्रस्तुत लेख में हमने आचार्य वागीश शुक्ल कृत लेख 'तान्त्रिक उपासना' से सामग्री उद्धृत की है।) ब्रह्म की सत्ता जिसे 'पारमार्थिक सत्ता' कहते हैं, भगवत्पाद द्वारा प्रतिपादित अद्वैत–सिद्धान्त के अनुसार एकमात्र सत्ता है ओर इस जगत् की सत्ता जिसे 'व्यावहारिक' कहते हैं मिथ्या है, और जो इस पारमार्थिक सत्ता पर माया का आवरण पड़ने के कारण प्रतीत होती है। इस व्यावहारिक सत्ता के बारे में भगवत्पाद का सिद्धान्त 'विवर्त–वाद' कहलाता है जिसका तात्पर्य यह है कि जगत् की सत्ता नदी में भंवर की तरह है, इससे कोई नया तत्त्व नहीं प्राप्त होता और जिस प्रकार भँवर के शान्त होने पर नदी से भँवर का अपार्थक्य पहचाना जा सकता है, वैसे ही माया का आवरण हटने के बाद पारमार्थिक सत्ता से अपनी सत्ता के अपार्थक्य को पहचाना जा सकता है। यह सिद्धान्त 'केवलाद्वैत' कहलाता है। इस 'विवर्तवाद' के प्रतिपक्ष में 'परिणामवाद' है जिसके अनुसार जगत् (और फलतः जीव) की सत्ता ब्रह्म की सत्ता का विवर्त नहीं, परिणाम है जो उसी प्रकार ब्रह्म की सत्ता से भिन्न एक नवीन सत्ता है जिस प्रकार दही की सत्ता दूध की सत्ता से भिन्न है और इस नाते मिथ्या नही है जिसे भ्रम की निवृत्ति के बाद हम ब्रह्म की सत्ता के रूप में पहचान सकें। इस परिणामवाद की कई प्रस्तुतियाँ हैं, जिनके अद्वैत–वादी से ले कर द्वैत–वादी तक विविध प्रकार के सिद्धान्त हैं। इस अद्वैतवादी सिद्धान्त की एक दूसरी प्रस्तुति जो 'शिवाद्वैत' या 'शाक्ताद्वैत' कहलाती है, हमारे विषय की चर्चा के मूल में है। भारतीय चिन्तन में इसकी सर्वाधिक परिपूर्ण प्रस्तुति श्री भास्कर राय द्वारा हुई है जिनके अनुसार यह सिद्धान्त 'तान्त्रिक परिणामवाद' कहलाता है। यहाँ इस आलेख में 'तान्त्रिक उपासना' से तात्पर्य इन्हीं आचार्यों द्वारा निर्देशित

उपासना व्यवहार से है। अभिनवगुप्त पाद कृत तन्त्रालोक में प्रतिपादित 'कौल–मत' भी इस 'तान्त्रिक परिणामवाद' के समकक्ष ही स्थित है। आचार्यों द्वारा इस उपासना के कई मार्ग बताये गये हैं जो सामान्यतया 'वैदिक' ओर 'तान्त्रिक' के दो वर्गों में विभक्त किये जाते हैं, यद्यपि यह नामकरण भ्रामक है क्योंकि सनातन–धर्म के तन्त्र–मार्ग भी अपने को वेद समर्थित मानते हैं। यहाँ प्रस्तुत आलेख में हम सनातन–धर्म के भीतर स्वीकृत तान्त्रिक उपासना–पद्धतियों की चर्चा करेंगे और यद्यपि उनके भीतर सौर, गाणपत्य, शैव आदि अनेक मार्ग मौजूद हैं, यहाँ हम केवल शक्ति–साधना तक अपने को सीमित रखेंगे।

शक्ति–पूजा

शक्ति के उपासकों का मानना है कि जब ब्रह्मतत्त्व को जानने का एकमात्र उपाय उपासना ही है तो माया द्वारा कार्य ईश्वर के किसी रूप की अपेक्षा स्वयं माया की ही उपासना करना ठीक रहेगा। इस माया को ही (ब्रह्म की) शक्ति कहते हैं। *पाणिनि का सूत्र है : स्वतन्त्र : कर्ता (1–4–54), अर्थात् कर्ता उप कारकों से स्वतन्त्र है।* उदाहरणार्थ 'राम ने रावण को बाण से मारा' वाक्य में राम कर्ता है तो इसलिए कि वह 'मारा' क्रिया की सिद्धि में प्रधान है तथा 'रावण को' और 'बाण से' जैसे (उप–)कारकों से स्वतन्त्र है। कर्ता में कर्तृत्व की स्थापना क्रिया ही करती है, यह महत्त्वपूर्ण बात ध्यान देने योग्य है। कर्ता और क्रिया में अविनाभाव सम्बन्ध है, यदि वाक्य में कर्ता न हो तो क्रिया नहीं रह सकती और क्रिया न हो तो कर्ता नहीं रह सकता। योगवासिष्ठ (निर्वाण–प्रकरण, पूर्वार्द्ध, 'परमेश्वरवर्णन' नामक छत्तीसवाँ सर्ग) का कहना है कि सभी वाक्यों का तात्पर्य परब्रह्म ही है चाहे उन्हें हम अनर्थक कहते हों या निरर्थक। हम यहाँ 'वाक्य' की जगह 'शब्द' रखेंगे और यह मान कर चलेंगे कि

शब्द अर्थवान् होता है। इस अर्थवान् शब्द जो कि 'प्रातिपदिक' कहा जाता है, को अविभाज्य मानते हुए भी, वैयाकरणों में शब्द–बोध के लिए समान आदर वाली दो प्रक्रियाएँ स्वीकृत हैं : कुछ यह मानते हैं कि किसी शब्द की व्युत्पत्ति नहीं की जा सकती, जैसे 'राम' शब्द अपनी समग्रता में ही परब्रह्मस्वरूप दशरथ–पुत्र का अर्थ बताता है और उसे अवयवों में नही समझ सकते। दूसरा पक्ष यह है कि 'रम्' धातु से अधिकरण अर्थ में 'घञ' प्रत्यय जोड़ कर इस शब्द की समझ बनेगी : *'रमन्ते योगिनः अस्मिन् इति रामः (=इनमें योगियों का मन रमता है इसलिए यह राम है)';* यह 'प्रकृति–प्रत्यय विभाग' ही 'व्युत्पत्ति' कहलाता है। इस प्रकार 'कर्ता' और 'क्रिया' में अभेद है किन्तु चूँकि 'कर्तृ' (जो कर्ता–कारक में 'कर्ता' का रूपग्रहण करता है) शब्द–व्यापार में (उपरोक्त व्युत्पत्ति–परक पक्ष के अनुसार) तभी स्वीकृत हो पाता है जब उसे 'करने' की क्रिया बताने वाली 'डुकृञ' धातु में कर्तृत्व–सूचक कृत्–प्रत्यय 'तृच्' जुड़ने से बना माना जाता है, इसलिए कर्त्ता–क्रिया की इस सामरस्यात्मक इकाई में, जिसे हम एक अर्थवान् शब्द 'कर्तृ' के रूप में पहचानते हैं, जब भेद–बुद्धि का आश्रय लेते हैं तो यह कहा जा सकता है कि क्रिया के बिना कर्तृत्व–सूचक शब्द एक शव की तरह है। भगवत्पाद ने अपनी सौन्दर्य–लहरी के प्रथम श्लोक में यही कहा है : 'शिव तभी प्रभावी हैं जब वे शक्ति से युक्त हैं; यदि ऐसा नहीं है तो शिव स्पन्द भी नहीं कर सकते।' यही 'शाक्ताद्वैत' या 'शिवाद्वैत', जिसे यहाँ हमने कर्ता ओर क्रिया के अविनाभाव के दृष्टान्त से समझने की चेष्टा की है, तान्त्रिक उपासना का सैद्धान्तिक चौखटा है।

‘श्री–कुल’ और ‘काली–कुल’

शक्ति पूजा के इस उपरोक्त सैद्धान्तिक चौखटे के भीतर जो उपासनाएँ प्रचलित रही हैं उन्हें सुविधा के लिए दो वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है– ‘श्री–कुल’ और ‘काली–कुल’। इस वर्गीकरण को इस प्रकार सामान्य रूप से समझा जाता है कि एक ‘श्री–विद्या’ की उपासना और उसके निकटस्थ उपासनाओं का समूह है तथा दूसरा ‘काली–विद्या’ की उपासना और उसके निकटस्थ उपासनाओं का। ‘श्री–कुल’ की उपासनाओं को ‘सौम्य’ और ‘काली–कुल’ की उपासनाओं को ‘उग्र’ बताना भी प्रचलित है किन्तु ऐसे नामकरण वस्तुतः अधूरी जानकारयी ही देते हैं। उदाहरण के लिए **ललितासहस्रनाम श्रीकुल** का ग्रन्थ है फिर भी भास्कर राय ने ललितासहस्रनाम की अपनी टीका में *महेश्वरमहाकल्पमहाताण्डवसाक्षिणी* नाम की व्याख्या करते हुए योगवासिष्ठ से कालरात्रि की स्तुति का एक पद्य उद्धृत किया है जो काली–कुल की उग्रतम देवियों में से हैं; यह पद्य इस प्रकार है;

डिम्बं डिम्बं सुडिम्बं पच पच सहसाझम्य झम्यं प्रझम्यं
नृत्यन्ती शब्दवाद्यैः स्रजमुरसि शिरः शेखरं तार्क्ष्यपक्षैः
पूर्ण रक्तासवानां यममहिषमहाशृङ्गमादाय पाणौ
पायोद्वो वन्द्यमानः प्रलयमुदितया भैरवः कालरात्र्या।।

–योगवासिष्ठ 6ii (निर्वाण–प्रकरण, उत्तरार्ध)–81 (कालरात्रिवर्णन–सर्ग)– 102

उपरोक्त पद्य प्रचलित धमावती–स्तोत्र में भी पाया जाता है, यद्यपि वहाँ इस पद्य के पूर्वाध की प्रथम दो पंक्तियों में थोड़ा भेद मिलता है, उत्तरार्ध की तृतीय और चतुर्थ पंक्तियाँ ठीक उपरोक्त पद्य से मिलती जुलती ही प्राप्त होतो हैं। **त्रिपुरोपनिषद् भी श्री–कुल का ग्रन्थ है** और उसमें श्री–विद्या की उपासना के अन्तर्गत उन तमाम विधियों का उल्लेख है जिनके नाते तान्त्रिक उपासना

लोक–व्यवहार के विपरीत मानी जाती है। अतः इस तरह के विभाजनों के आधार पर तान्त्रिक उपासना को वर्गीकृत नहीं कर सकते।

दक्षिण और वाम मार्ग

तान्त्रिक उपासना का एक प्रचलित वर्गीकरण 'दक्षिण–मार्गी उपासना' और 'वाम–मार्गी उपासना' के शीर्षकों में किया जाता है ओर यह माना जाता है कि दक्षिण–मार्गी उपासक अपनी आराधना में मद्य ओर मांस जैसे पदार्थों का उपयोग नहीं करते जब कि वाम–मार्गी उपासक करते हैं। यह वर्गीकरण भी अधूरी सूचना देता है। भास्कर राय ने **ललितासहस्रनाम** की अपनी टीका में *सव्यापसव्यमार्गस्था* नाम की व्याख्या के अन्तर्गत वाम–मार्ग और दक्षिण–मार्ग की उपासनाओं में कालिकापुराण के आधार पर यह अन्तर बताया हैः वाम–मार्गी उपासना में किसी भी वैदिक या स्मार्त कर्म के निर्वहन में उस कर्म से सम्बन्धित देवता की भावना न कर के केवल अपनी आराध्य देवी (और देव) की भावना की जाती है। इस प्रकार त्रिपुरभैरवी का आराधक वाममार्गी अपने सभी वैदिक और स्मार्त कर्मों में देव के नाम के आगे 'भैरव' और देवी के नाम के आगे 'भैरवी' जोड़ेगा : *इदं विष्णुर्विचक्रमे* के स्थान पर *इदं विष्णुर्भैरवो विचक्रमे* पढ़ेगा ओर पिता का तर्पण न कर के 'पितृ–भैरव' का करेगा, माता का तर्पण न कर के 'भैरवी माता' का करेगा। ऐसा करने के नाते वह प्रत्येक मनुष्य द्वारा चुकाये जाने वाले तीन ऋणों–देव–ऋण, ऋषि–ऋण, और पितृ–ऋण– को नहीं चुका पाता क्योंकि देवों के यज्ञभाग देवों तक नहीं पहुँच पाते और सीधे देवी ही उनका ग्रहण करती हैं। फलतः वाम–मार्गी को मोक्ष–प्राप्ति में विलम्ब होता है। तथापि चूँकि उसके सारे भोग इसी जन्म में समाप्त हो जाते हैं और उसे इहलौकिक ऐश्वर्य भी प्राप्त होता है, इसलिए वह मोक्ष–प्राप्ति में यह विलम्ब सह लेता है। दूसरी तरफ, दक्षिणमार्गी आराधक अपने वैदिक और

स्मार्त कर्मों में यथानिर्दिष्ट देवता की भावना करता है और इस प्रकार अपने सारे ऋण चुका देता है। अतः उसे शीघ्र मोक्ष मिल जाता है। भास्कर राय के उपरोक्त दिये विवेचन से यह स्पष्ट है कि 'दक्षिण–मार्गी उपासना' ओर 'वाम–मार्गी उपासना' के बीच का अन्तर उपासना के भीतर द्रव्य–देवता–त्याग की त्रयी में उपासक द्वारा ध्येय देवता का है : जब विष्णु की दक्षिण–मार्गी उपासना होती है तो केवल विष्णु–पूजन म ही विष्णु का ध्यान होता है जबकि विष्णु को वाम–मार्गी उपासना में सारे अन्यदेव–परक कृत्य भी विष्णु के ही निमित्त होते हैं। यहाँ 'द्रव्य' से तात्पर्य है पूजन–सामग्री, 'देवता' वह इष्ट देव है जिसको यह द्रव्य समर्पित किया जाना है, ओर 'त्याग' इस द्रव्य को इस देवता के निमित्त विधि–पूर्वक समर्पण को कहते हैं। इस प्रकार 'तुलसी मस्तक तब नवै, धनुष–बान ल्यौ हाथ' की प्रसिद्ध पंक्ति में भगवान् राम की 'वाम–मार्गी उपासना' ही है क्योंकि भगवान् कृष्ण की वंशीधर मूर्ति में भी धनुर्धारी राम का ही रूप गोस्वामी जी ने देखना चाहा। यही बात मीरा बाई के 'मेरो तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई' और मधुसुदन सरस्वती जी के *'कृष्णात्परङ्किमपि तत्त्वमहन्न जाने* (=मैं वंशीधर पीताम्बर कृष्ण के अतिरिक्त किसी तत्त्व को नहीं जानता)' आदि के बारे में भी सच है। इसके विपरीत, पञचदेवोपासना (=दैनन्दिन पूजा के अन्तर्गत विष्णु, शिव, गणेश, सूर्य और दुर्गा की पूजा) दक्षिण–मार्गी है।

पशु–भाव, वीर–भाव, और दिव्य–भाव

तान्त्रिक उपासना का सटीक वर्गीकरण उपासक के अधिकार के अनुसार हे। उपासना तीन प्रकार की मानी गयी है; पशु–भाव की, वीर–भाव की, और दिव्य भाव की। 'पशु' का अर्थ है 'पाशों से बँधा हुआ'। इन पाशों की एक प्रचलित सूची इस प्रसिद्ध श्लोक में दी ही

हुई है जो रूद्रयामल तन्त्र का बताया जाता है;

घृणा शङ्का भयं लज्जा जुगुप्सा चेति पञ्चमी

कुलं शीलन्तथा जातिरष्टौ पाशा इमे स्मृताः।।

अर्थात्– घृणा, शङ्का, भय, लज्जा, जुगुप्सा, कुल, शील और जाति, ये आठ 'पाश' कहे गये हैं।। [जुगुप्सा (=निन्दा), कुल (की चेतना), शील (के अनुरूप आचार की चिन्ता), और जाति (का स्वीकार)] **इस प्रकार ये उपरोक्त कहे गये पाश हैं ओर जो भी इनसे बँधा हुआ है, अर्थात् जिसमें भी ये मौजूद हैं वह पशु है। इस परिभाषा के अनुसार सभी सांसारिक जीव पशु ही हैं। इनके लिए लोक–निषिद्ध द्रव्यों (मद्य, मांस आदि) का पूजा–द्रव्यों के रूप में प्रयोग सर्वथा वर्जित है। वे साधक 'वीर' (=श्रेष्ठ) कहलाते हैं जिन्होंने इन पाशों से मुक्ति पा ली है। इन्हीं को 'वीर–भाव' से उपासना का अधिकार होता है, और इसी भाव की उपासना में 'पञ्च मकार', अर्थात् मद्य–मांस–मीन–मुद्रा–मैथुन के पञ्चक का प्रयोग विहित है। 'दिव्य' साधक वे होते हैं जो 'देवोपम' हैं अर्थात् जिन्होंने द्रव्य को द्रव्यात्मकता से मुक्त कर लिया है और केवल आन्तरिक भावना से पूजा करने में समर्थ हैं। इनकी उपासना 'अन्तर्याग' या 'महायाग' कहलाती है।**

उपासना में मकार–सेवन

तान्त्रिक उपासना में 'मकार–पञ्चक'–अर्थात् मद्य, मांस, मोन, मुद्रा, और मैथुन– के विधान ने ही सर्वाधिक उद्वेजना जगायी है। जैसा ऊपर कहा गया कि उपासकों की तीन कोटियाँ हैं–पशु, वीर ओर दिव्य। इनमें से प्रत्येक के लिए मकार–पञ्चक का अलग–अलग अर्थ है। उदाहरण के लिए पशु–भाव के उपासकों के लिए मद्य की जगह नारियल का पानी और दूध जैसे कई पदार्थ

अनुकल्प के रूप में गिनाये गये हैं और दिव्य–भाव के उपासकों के लिए मद्य का तात्पर्य कुण्डलिनी का मूलाधार से उठ कर षट्चक्र भेदन करते हुए सहस्रार चक्र में पहुँचने के बाद वहाँ से झरता हुआ आनन्दात्मक अमृत–रस है जिसका खेचरी मुद्रा में अ–भौतिक पान किया जाता है। इसी प्रकार सम्पूर्ण मकार–पञ्चक का अनुद्वेजक अभिप्राय पशु–भाव तथा दिव्य–भाव के उपासकों के लिए विविध ग्रन्थों में बताया गया है। उदाहरणार्थ **कपूरस्तवराज** की सदाशिव दीक्षित द्वारा हिन्दी में लिखी हुई रूचिरा टीका है जिसमें मूल संस्कृत प्रमाणों सहित विस्तार से ये सूचनाएं दी हुई है। यहाँ 'मकार–पञ्चक' की सूची में उपरोक्त दो हुई 'मुद्रा' का तात्पर्य मदिरा–पान के समय बीच–बीच में खाये जाने वाले तले–भुने पदार्थों से है जिसे मद्य–सेवन के भीतर ही मान सकते हैं और 'मीन' स्पष्ट ही 'मांस' के भीतर गिना जा सकता है। इस प्रकार वस्तुतः तीन ही 'म–कार' कहे जाने चाहिए और अभिनवगुप्त पाद ने तन्त्रालोक में यही किया है। किन्तु वीर–भाव के उपासकों के लिए मकार–पञ्चक का लोकप्रसिद्ध अर्थ ही स्वीकृत है। म–कार सेवन के 'औचित्य' को समझने के लिए हमें अभिनवगुप्त पाद कृत तन्त्रालोक के चतुर्थ आह्निक से सहायता मिल सकती है। इस आह्निक में 'शाक्तोपाय' का विवरण है और 'द्वादश काली' का उल्लेख है। इसमें अभिनवगुप्त ने 'शुद्धि' और 'अ–शुद्धि' के बीच अन्तर समझाते हुए यह कहा है कि ये अन्तर 'व्यतिरेकिणी (=भेद करने वाली)' बुद्धि से उपजते हैं, अभिनवगुप्त पाद ने वहाँ कहा है कि;

ततोऽपि देहारम्भीणि तत्त्वानि परिशोधयेत्।

शिवात्मकेष्वप्येतेषु बुद्धिर्या व्यतिरेकिणी।।118।।

व्यतिरेकिणी–भेदात्मा, तद्भीः–व्यतिरेकिणी बुद्धिः...।

जिसकी टीका में जयरथ कहते हैं; और जो कुछ भी मन को प्रसन्न करने वाला किसी भी इन्द्रिय में स्थित है, वह ब्रह्मार्पण के लिए पूजा–द्रव्य ही है, जैसा की तन्त्रालोक में कहा गया है कि;

पश्यन्संवित्तिमात्रत्वे स्वतन्त्रे तिष्ठिति पभुः।

यत्किंचिन्मानसाह्लादि यत्र क्वापीन्द्रियस्थितौ।।120।।

एवम्

योज्यते ब्रह्मसद्धाम्नि पूजोपकरणं हि तत्।

पूजा नाम विभिन्नस्य भावौघस्यापि संगतिः।।121।।

अभिनवगुप्त पाद और उनके टीकाकार जयरथ द्वारा तान्त्रिक उपासना में लोकाचार–विरूद्ध कृत्यों के विधान के पक्ष में यह तर्क उपस्थित किया गया है कि वैदिक यज्ञों में भी लोकाचार–विरुद्ध कृत्यों का विधान है। इन श्रौत–कृत्यों की एक सूची महाकवि श्रीहर्ष के महाकाव्य नैषधीय–चरित के सत्रहवें सर्ग में उपलब्ध है। इसमें से कुछ का उल्लेख अभिनवगुप्त (तथा जयरथ) ने किया है। तर्क दोनों का एक ही है : चूँकि इन श्रौत कर्मों में इनका विधान है इसलिए ये कृत्य सम्पादित हो रहे थे। अभिनवगुप्त पाद का कहना है कि ठीक इसी प्रकार, चूँकि तान्त्रिक उपासना में कुछ लोकाचार–विरुद्ध कृत्यों का विधान है इसलिए ये किये जाते हैं।

कुलाचार

यद्यपि अभिनवगुप्त पाद 'वीर(=श्रेष्ठ)' शब्द का भो प्रयोग करते हैं, उच्चिष्ठ साधकों के लिए उनका प्रिय शब्द 'कौल' है जो सम्पूर्ण तान्त्रिक साधना में सर्वोच्च कोटि के उपासक के लिए प्रयुक्त होता है। अभिनवगुप्त पाद ने मद्य–मांस–मैथुन–मयी उपासना को 'कुल–याग', 'दूती–याग', 'आद्य–याग',

'रहस्य–याग' जैसे कई नामों से पुकारा है और तन्त्रालोक के उनतीसवें आह्निक में इसका वर्णन प्रारम्भ करते हुए घोषणा की है :

अत्र यागे च यद्रव्यन्निषिद्धं शास्त्रसन्ततौ
तदेव योजयेद्धीमान्वामामृतपरिप्लुतम्।।29–10।।

अर्थात् जो द्रव्य शास्त्र के द्वारा निषिद्ध हैं, ज्ञानी को इस याग में उन्हीं द्रव्यों का उपयोग उन्हें मदिरा से सराबोर करके करना चाहिए। अभिनवगुप्त पाद का निर्देश निषिद्ध द्रव्यों को उनकी निषिद्धता जानते–बूझते उपयोग में लाने का है। आगे (29–98) में वे कहते हैं: *'ओष्ठयान्तत्रितयासेवी ब्रह्मचारी स उच्यते (=ओष्ठय, अर्थात् प–वर्ग, के अन्तिम, अथात् मद्य, मांस ओर मैथुर का सेवन करने वाले को 'ब्रह्मचारी' कहते हैं)।*

अभिनवगुप्त ने सचेष्ट भाव से तान्त्रिक उपासना को 'याग (=यज्ञ)' कहा है और यह स्पष्ट है कि वे इस उपासना को वैदिक यज्ञ का सजातीय समकक्ष मानते हैं। उनका 'कुल–याग' प्रधानतः 'मैथुन' पर आधारित है जिसके अङग के रूप में ही मद्य और मांस के सेवन का विधान है। इसमें साधक स्वयं को शिव और सहयोगिनी स्त्री को शक्ति मान कर 'शिव–शक्ति–सामरस्य' की भौतिक अवतारणा के रूप में मैथुन–रत होता है। 'शक्ति' केलिए 'दूती' शब्द का भी प्रयोग तन्त्रालोक समेत अनेक तन्त्र–ग्रन्थों में हुआ ह। तान्त्रिक उपासना ने देह में देवत्व की परिकल्पना के आत्यन्तिक विस्तार का आश्रय लेते हुए अपनी आध्यात्मिकता का मार्ग चुना है। जैसा कि भास्कर राय ने **ललितासहस्रनाम** की अपनी टीका में *पञ्चमी* नाम की व्याख्या में इस प्रमाण–वाक्य के माध्यम से बताया है:

आनन्दम्ब्रह्मणो रूपन्तञ्च देहे व्यवस्थितम्
तस्याभिव्यञ्जकापञ्च मकारास्तैरथार्चनम्।।

अर्थात् ब्रह्म का रूप आनन्द है; वह देह में व्यवस्थित है ओर पञ्च म–कार उसके अभिव्यञ्जक हैं, (अतः) उन्हीं से अर्चना की जाती है। इस श्लोक का सङ्केत आनन्दो *ब्रह्मणो रूपम्* ... से देते हुए जयरथ ने भी इसे तन्त्रालोक की अपनी टीका में अनेकत्र उद्धृत किया है। इस मार्ग की अपनी कुछ विशेषताएँ हैं। संसार की सभी स्त्रियों में शक्ति और संसार के सभी पुरुषों में शिव देखने के नाते इस उपासना ने जीव–मात्र के सांसारिक व्यवहारों में ही परब्रह्म को अनुस्यूत माना है और उनकी प्रीतिकर–ता तथा अप्रीतिकर–ता को अतिक्रान्त करने वाले अनुभवों की सामर्थ्य में मनुष्य की सार्थकता स्वीकार की है। इस आग्रह का उद्देश्य निश्चय ही उच्चकोटिक 'वीर' साधकों के अतिरिक्त अन्य सामान्य सामर्थ्यवान् 'पशु' साधकों को इस साधना से दूर रखने का है। जैसे, भास्कर राय ने उन सभी को 'पशु' कहा है जिनको ब्रह्मात्मैक्य–ज्ञान नहीं है। उन्होंने ललितासहस्रनाम की अपनी टीका में *'वीराराध्या'* नाम की व्याख्या करते हुए 'वीर' की भी परिभाषा दी है:

अहमि प्रलयङ्कुर्वन्निदमः प्रतियोगिनः
पराक्रमम्परो भुङ्क्ते स्वात्मानमशिवापहम्।।

अर्थात्– 'अपने मैं' में उससे भिन्न 'यह' का लोप करने का पराक्रम अपने में से अ–शिवत्व को दूर करने वाला (और इस प्रकार शिव–त्व की प्राप्ति कराने वाला) है, इस पराक्रम को करने वाला 'वीर' कहलाता है। यह अभेद–ज्ञान को प्राप्त महापुरुषों की ही एक परिभाषा है।

क्रम–दर्शन में प्रक्रिया–कौल या तान्त्रिक?

उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि तान्त्रिक वाङमय में कुल–परम्परा या 'कुल–याग' उपासना सर्वोपरि है। अभिनवगुप्त पाद जैसा की ऊपर कहा गया है यूँ तो साधक के लिए 'वीर (=श्रेष्ठ)' शब्द का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु उच्चिष्ठ साधकों के लिए उनका प्रिय शब्द 'कौल' है जो सम्पूर्ण तान्त्रिक साधना में सर्वोच्च कोटि के साधक के लिए प्रयुक्त होता है। प्रायः कई आधुनिक विद्वान यह मानते हैं कि 'क्रम–दर्शन' में 'कुल–प्रक्रिया' का प्रतिपादन नहीं है, और यह दर्शन मूलतः 'तन्त्र–प्रक्रिया' का ही प्रतिपादन करता है। इसका तात्पर्य उनके अनुसार इतना है कि च्कि क्रम–दर्शन के विविध ग्रन्थों में जैसे श्रीमहार्थमञजरी, श्रीमहानयप्रकाश और चिद्गगनचन्द्रिका इत्यादि में 'कुल–याग' और पञचमकार इत्यादि का वर्णन नहीं मिलता अतः 'क्रम–दर्शन' मूलतः कुल का नहीं अपितु उससे आतिरिक्त उस तान्त्रिक साधना और उपासना का पोषक है जिसमें 'म–कार' पञच से की जाने वाली 'कुल–याग' उपासना का समावेश नहीं है। इसी सन्दर्भ में आचार्य नवजीवन रस्तोगी जी, अपनी पुस्तक, 'काश्मीर की शैव संस्कृति में कुल और क्रम–मत'; में 'क्रम–मत' की चर्चा अध्याय तीन में करते हैं, और इसके प्रारम्भ में ही कहते हैं कि; 'कश्मीर में पल्लवित शिवाद्वयवाद की परम्परा में, मुख्यतः उस परम्परा में जिसे अभिनवगुप्त ने तन्त्र–प्रक्रिया के अन्तर्गत रखा है, क्रम–दर्शन प्राचीनतम सम्प्रदाय है।' 'क्रम–दर्शन' से संबंधित बहुलांश साहित्य हमको आज केवल तन्त्रालोक, श्रीमहार्थमञजरी और श्रीमहानयप्रकाश जैसे ग्रन्थों में और कछ अन्य ग्रन्थों के रूप में और जो ग्रंथ हमको आज केवल सन्दर्भो के रूप में उपलब्ध है भी उनका भी विश्लेषणात्मक अध्ययन न के बराबर हुआ है। इस दर्शन की गुरु परम्परा में श्री शिवानन्द से लेकर श्री महाप्रकाश तक सभी ने कोई न

कोई ग्रन्थ इस सम्प्रदाय में लिखा है जो आज हमको केवल उन ग्रन्थों के सन्दर्भों से पता चलता है। इसी प्रकार इस क्रम–सम्प्रदाय के अधिकांश मूल आगम, भी आज उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में इस सम्प्रदाय से सम्बन्धित किसी भी अवधारणा को स्थापित करने से पहले हमको उसकी जाँच परख करनी होगी। उपरोक्त दिये विवेचन से यह स्पष्ट है कि कुल–प्रक्रिया की अपनी एक विशिष्ट पहचान है, और उच्चिष्ठ साधकों केलिए 'कौल' शब्द का प्रयोग होता है जो सम्पूर्ण तान्त्रिक साधना में सर्वोच्च कोटि के उपासक केलिए प्रयुक्त होता है, और वहीं त्रिपुरोपनिषद् जो श्री–कुल का ग्रन्थ है और उसमें श्री–विद्या की उपासनां के अन्तर्गत उन तमाम विधियों का उल्लेख है जिनके नाते तान्त्रिक उपासना लोक–व्यवहार के विरीत मानी जाती है। साधारणतयः श्री–कुल' की उपासनाओं को 'सौम्य' और 'काली–कुल' की उपासनाओं को 'उग्र' बताना भी प्रचलित है किन्तु; इस तरह के विभाजनों के आधार पर तान्त्रिक उपासना को वर्गीकृत नहीं कर सकते। इसी तरह 'क्रम–दर्शन' में साधक को तन्त्र–प्रक्रिया के अन्तर्गत स्पष्टतया नहीं रखा जा सकता, विशेषकर जब आज हमें अनेकों 'क्रमदर्शन' से सम्बन्धित ग्रन्थ और आगमों इत्यादि का विशिष्ट अध्ययन करना बाकी है। हमारा मानना है कि अभी इस विषय पर और शोध करना बाकी है और जैसे–जैसे हमें इस क्रम–दर्शन से सम्बन्धित सामग्री, ग्रन्थ और अन्य आगम इत्यादि मिलेंगे, हमारी जानकारी आगामी वर्षों में, इस कुल–प्रक्रिया बनाम तन्त्र–प्रक्रिया के विषय में 'क्रम–दर्शन' की वस्तुतः क्या स्थिति है?, इसको लेकर और भी पुष्ट, साफ और पोषित होगी।

हठ–योग

'हठयोग' के विषय में आज जो भी विशेष जानकारी हमको उपलब्ध है वह गुरु गोरखनाथ के उपदेशों के ही आधार पर है। इस शब्द की अनेक व्युत्पत्तियाँ भी मिलती हैं किन्तु मुख्यतयः लोकप्रचलित अर्थ में यह 'हठात्' मुक्ति दिलाने के नाते 'हठयोग' कहलाता है। क्रम–दर्शन में हठात् मोक्षप्राप्ति के उपाय का ज़िक्र 'हठपाक' के नाम से हुआ है। क्रम–दर्शन के कई ग्रन्थों में जैसे क्रमसद्भाव इत्यादि में इसका उल्लेख मिलता है।

षडंग–योग

आधुनिक विद्वानों ने गुरु गोरखनाथ की योगसाधना को 'षडंग–योग' के अन्तर्गत रखा है और चूँकि षड़ंग–योग बौद्ध तन्त्र–ग्रन्थों में निरन्तर उल्लिखित है, अतः यह भी मान लिया गया है कि षडंग–योग की मूल साधना बौद्ध थी जहाँ से गुरु गोरखनाथ ने इसे ले लिया। षड़ंग–योग के वचनों के कुछ उद्धरण निम्नलिखित ग्रन्थों में उल्लिखित प्राप्त होते हैं;

(1) **योगचूड़ामण्युपनिषद्** का दूसरा श्लोक है;

आसनं प्राणसंरोधः प्रत्याहारश्च धारणा

ध्यानं समाधिरेतानि योगांगानि भवन्ति षट्।।

अर्थात् योग के छह अंग हैं, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि।

(2) अमृतनादोपनिषद् का छठा श्लोक है;

प्रत्याहारस्तथा ध्यानं प्राणायामोऽथ धारणा

तर्कश्चैव समाधिश्च षडंगो योग उच्यते।।

अर्थात् षडंग–योग का अर्थ है, प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, तर्क और समाधि (इन छह अंगों से मिल कर बना योग)। उधर 'अष्टांग–योग' के नाम से

प्रसिद्ध 'पातंजल योग' के आठ अंग हैं; (1) यम, (2) नियम, (3) आसन, (4) प्राणायाम, (5) प्रत्याहार, (6) धारणा, (7) ध्यान, और (8) समाधि।

गोरक्ष–संहिता की भूमिका में एक सुझाव यह दिया गया है कि चूँकि 'यम' और 'नियम' सर्वसाधारण के लिए हैं, केवल योगियों के लिए नहीं, अतः उन्हें गुरु गोरखनाथ ने हटा दिया ओर बचे हुए छह अंगों का समाहार योगियों के लिए कर के उसे 'षडंग–योग' कहा; अर्थात् यह मान कर चलना चाहिए की यम और नियम का पालन तो योगी यों भी करेंगे ही, उनका स्वतन्त्र उपदेश करने की कोई आवश्यकता नहीं है। षडंग–योग महामाहेश्वर अभिनवगुप्त के तन्त्रालोक पर जयरथ–कृत टीका में भी उपलब्ध है।

उपसंहार

क्रम दर्शन काशमीर शिवाद्वयवाद का अंग होते हुए भी एक स्वायक्त सम्प्रदाय है। यह आदि शक्ति के रूप में काली कि उपसना का एक तात्रिंक सम्प्रदाय है। इसमें साधक क्रमबद्ध तरीके से संविद क विकास को प्राप्त करता हुआ महाकाल–काली के तत्व से समरस हो जाता है और इस मार्ग में भुक्ति और मुक्ति दोनों ही को प्राप्त करता है । यह सम्प्रदाय योगिनी के मुख से प्रकट हुआ है और मख्यता इसके ग्रंथ प्राकृत भाषा में प्रायः मिलते हैं यद्यपि आधुनिक विद्धानों द्वारा इस समप्रदाय के इन ग्रंथो का गहन अनुशीलन अभी अभी शेष है।

परिशिष्ट

रामोपासिता विद्या

'महाकालसंहिता' के 'गुह्यकालीखण्ड; प्रथम भाग' से निम्नलिखित अंश सङ्गृहीत है। राम ने जिस मन्त्र से (गुह्य) काली की उपासना की थी वह यह है:

ऊँ फ्रें सिद्धि हस्ख्फ्रें हस्फ्रें ख्फ्रें करालि ख्फ्रें ह्स्ख्फ्रें ख्फ्रें फ्रें ऊँ स्वाहा।

यह विद्या 'कीलित' है, उत्कीलित मन्त्र यह है;

ऊँ फ्रें सिद्धि हसखफ्रें खफ्रें करालि ख्फ्रें हसखफ्रें खफ्रें फ्रें ऊँ स्वाहा।

यह सप्तदशाक्षरी विद्या है, अर्थात् इस मन्त्र में सत्रह अक्षर हैं। इसकी गायत्री यह है;

अट्टाट्टहासिन्यै विद्यम्ह घोरदंष्ट्रायै धीमहि। तत्र अघोरा प्रचोदयात्।

रावण की शक्तिपूजा 'महाकाल संहिता' के गुह्यकालीखण्ड; 'प्रथम भाग' से यह अंश संग्रहीत है। रावण ने जिस मन्त्र से (गुह्य) काली की उपासना की थी वह यह है;

ह्रीं क्लीं फ्रें हूं क्रों गुह्यकालि क्रीं छ्रीं हसखफ्रें फ्रों छ्रीं स्त्रीं स्वाहा।

यह सप्तदशाक्षरी मन्त्र है। एक षट्त्रिंशदक्षर मन्त्र भी रावणोपासिता विद्या का मिलता है, वह यह है;

ऊँ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं फ्रें छ्रीं हूं स्त्रीं ख्फ्रें ह्रीं गुह्यकालि ह्रीं ख्फ्रें स्त्रीं हूं छ्रीं फ्रें क्लीं श्रीं ह्रीं ऐं ऊँ छ्रीं स्त्रीं फट् फट् फट् नमः स्वाहा।

सप्तदशाक्षरी विद्या की गायत्री यह है;

ह्स्ख्फ्रौं उन्मत्तायै विद्यम्हे पिङ्गजटायै धीमहि। तन्नः फेरूः प्रचोदयात्।

षट्त्रिंशदाक्षरी विद्या की गायत्री यह है;

फेत्कारिण्यै विद्यम्हे महायोगिन्यै धीमहि। तन्नः कुक्कुटी प्रचोदयात्।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि राम और रावण के गुह्यकाली के उपासना मन्त्र अलग–अलग हैं। दोनों के मन्त्रों में भेद है।

संदर्भ ग्रंथ

1. ठाकुरप्रसाद द्विवेदी कृत हिन्दीव्याख्योपेत योगवासिष्ठ महारामायण, चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान से 1992 में पुनर्मुद्रित

2. योगवासिष्ठः, श्रीवासिष्ठमहारामायणतात्पर्यप्रकाशाख्य व्याख्यासहितः। (द्वितीयो भागः), तृतीय संस्करणं निर्णयसागरास्यमुद्रणालये मुद्रापयित्वा च प्रकाशितम्। सन् 1937

3- Muktabodha Indological Research Institute, Digital Library Texts like Akulavīratantra and other Agamas, specially those uploaded under the supervision of Mark S. G. Dyczkowski have also been accessed for the present monograph. Likewise, texts like Krama Sadbhava have been shared by Dr. Wagish Shukla with me, as they were kindly shared with him by Dr. Mark S. G. Dyczkowski.

4- Mahakala Samhita Guhya Kali Khand by Dr. Kishore Nath Jha, 1979.

5- Goraksha Samhita Kadi Prakaran, Edited By Janardana Pandeya, published by Sampurnanand Sanskrit Vishvavidyalaya, Varanasi 1976.